हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी




बैंकॉक में बहुमंजिला इमारत पत्ते की तरह ढह गई




### म्यांमार, थाईलैंड समेत 5 देशों में भूकंप के झटके

# 7.7 के झटके से 5 देश 'डोले'

23 की मौत
87 दबे

» म्यांमार में भूकंप के झटके 6 बार आए, 10 किमी गहराई में था केंद्र

» म्यांमार में इमरजेंसी लागू हुई, भारत ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

म्यांमार और थाईलैंड में शुक्रवार की दोपहर भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। म्यांमार में 7.7 व 6.4 तीव्रता के भूकंप के बाद छह क्षेत्रों और राज्यों में आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी गई है, जिसका केंद्र देश के दूसरे सबसे बड़े शहर के पास था। भूकंप के झटके इतने तेज थे कि कई इमारतें ताश के पत्तों की तरह धराशाई हो गईं। कई इमारतें ढह चुकी हैं। एक्सप्रेसवे को नुकसान पहुंचा है और पुल गिर गए हैं। हादसे में 23 लोगों की मौत की खबर है।



*भारतीय नागरिक से जुड़ी कोई अप्रिय सूचना नहीं*

*बैंकॉक स्थित भारतीय दूतावास ने थाईलैंड में भारतीय नागरिकों के लिए आपातकालीन नंबर +66 618819218 जारी किया है। दूतावास ने बयान जारी कर कहा है कि थाई अधिकारियों के साथ समन्वय में स्थिति पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। अब तक किसी भी भारतीय नागरिक से जुड़ी कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है।*

पीएम मोदी ने जताई चिंता

### भारत ने की मदद की पेशकश

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस आपदा पर गहरी चिंता जताई और एक्स पर एक पोस्ट कर कहा कि भारत हर संभव मदद के लिए तैयार है। उन्होंने लिखा, सभी की सुरक्षा और भलाई के लिए प्रार्थना करता हूं, भारत हर संभव सहायता देने के लिए तैयार है। इस संबंध में हमने अपने अधिकारियों को तैयार रहने को कहा है। साथ ही विदेश मंत्रालय से म्यांमार और थाईलैंड की सरकारों के संपर्क में रहने को कहा है।



थाईलैंड में भूकंप के बावजूद होगा बिम्सटेक शिखर सम्मेलन

### पीएम मोदी का दौरा फाइनल, श्रीलंका भी जाएंगे

थाईलैंड में भूकंप के बावजूद बैंकॉक में बिम्सटेक शिखर सम्मेलन होगा। इसमें भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अप्रैल के पहले सप्ताह में थाईलैंड जाएंगे। विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) जयदीप मजूमदार ने शुक्रवार को बताया कि प्रधानमंत्री मोदी छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए थाईलैंड जाएंगे। पीएम मोदी 3 से 4 अप्रैल तक थाईलैंड की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। यह प्रधानमंत्री की थाईलैंड की तीसरी यात्रा होगी।

### 5वीं-8वीं के परिणाम: 90 से 92 फीसदी बच्चे हुए पास

# 5वीं में 2 और 8वीं में तीन प्रतिशत अधिक बच्चे पास



राज्य शिक्षा केंद्र संचालक हरजिंदर सिंह ने जारी किए परिणाम

▶▶ इस वर्ष इन परीक्षाओं में प्रदेश के 1 लाख 12 हजार 323 शासकीय और निजी विद्यालयों तथा मदरसों के लगभग 23 लाख विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा बोर्ड पैटर्न पर आयोजित कक्षा पांचवी-आठवीं की वार्षिक परीक्षाओं के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। शुक्रवार दोपहर 1 बजे राज्य शिक्षा केंद्रं संचालक हरजिंदर सिंह ने परीक्षा पोर्टल का रिजल्ट बटन क्लिक कर परिणाम घोषित किया।

इस परिणाम में प्रदेश के स्कूलों की कक्षा 5वीं का परीक्षा परिणाम 92.70 प्रतिशत रहा, जो कि, विगत वर्ष के परिणाम प्रतिशत 90.97 से लगभग 2 प्रतिशत अधिक है। वहीं कक्षा 8वीं का परीक्षा परिणाम 90.02 रहा है जो कि पिछले वर्ष के परिणाम प्रतिशत 87.71 से लगभग 3 प्रतिशत अधिक रहा है।



कक्षा 5वीं की परीक्षा में बालिकाओं ने टॉप किया

**बालिकाएं रहीं आगे**

कक्षा 5वीं की परीक्षा में बालिकाओं ने टॉप किया। बालिकाओं के उत्तीर्ण होने का प्रतिशत 94.12 रहा। जबकि बालकों के उत्तीर्ण होने का प्रतिशत 91.38 रहा। यानि बालिकाओं की तुलना में करीब 3 प्रतिशत बालक कम उत्तीर्ण हुए। इसी प्रकार कक्षा 8वी में बालिकाओं के उत्तीर्ण होने का प्रतिशत 91.72 रहा। जबकि बालकों के उत्तीर्ण होने का प्रतिशत 88.41 रहा है। इसमें भी 3 प्रतिशत का अंतर है।

### 5वीं में शहडोल व डिंडौरी और 8वीं इंदौर-नरसिंहपुर आगे

परिणामों में कक्षा 5वीं में टॉप 10 संभाग क्रमशः शहडोल, चंबल, नर्मदापुरम, इंदौर, जबलपुर, भोपाल, ग्वालियर, रीवा, उज्जैन और सागर रहे। वहीं कक्षा 5वीं के परिणामों में टॉप 10 जिले क्रमशः डिंडोरी, नरसिंहपुर, बालाघाट, मंडला, अनूपपुर, झाबुआ, सीधी, सीहोर, अलीराजपुर और छिंदवाड़ा रहे। वहीं कक्षा 8वी के परिणामों में टॉप 10 संभाग क्रमशः इंदौर, नर्मदापुरम, शहडोल, चंबल, भोपाल, जबलपुर, उज्जैन, रीवा और सागर रहे।

**इतने बच्चे परीक्षा में हुए थे शामिल**

इस वर्ष इन परीक्षाओं में प्रदेश के 1 लाख 12 हजार 323 शासकीय और निजी विद्यालयों तथा मदरसों के लगभग 23 लाख विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे। जिनमें से 95 हजार 417 विद्यालय ग्रामीण तथा 16 हजार 906 विद्यालय शहरी क्षेत्रों के हैं। इनमें 86 हजार 553 शासकीय, 25 हजार 101 निजी विद्यालय एवं 669 मदरसे शामिल हैं।

IPL आज का मुकाबला
गुजरात — मुंबई
शाम 7.30 बजे से

### सिकंदर ने एडवांस बुकिंग में कमाए 9.67 करोड़



**मुंबई।** एक्टर सलमान खान की फिल्म सिकंदर 30 मार्च को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। फिल्म में सलमान खान के साथ रश्मिका मंदाना, काजल अग्रवाल जैसे तमाम एक्टर्स नजर आने वाले हैं। सलमान खान के फैंस फिल्म के रिलीज होने का इंतजार काफी बेसब्री से कर रहे हैं। खबर है कि सलमान खान की फिल्म की एडवांस बुकिंग 25 मार्च से शुरू हो चुकी है। एडवांस बुकिंग अभी स्लो चल रही है। जहां फिल्म के अभी तक 147518 टिकट्स बिक चुके हैं। जिससे 4.3 करोड़ रूपये का कलेक्शन हुआ है। ब्लॉक सीट्स मिलाकर सिकंदर की एडवांस बुकिंग की बात करें तो इसने टोटल 9.67 करोड़ के आसपास का कलेक्शन कर लिया है। सलमान की लास्ट रिलीज टाइगर 3 साल 2023 में आई थी। अब सिकंदर का इंतजार है।

### कांग्रेस पार्षद पुत्र सहित 5 पर केस

## शेयर ट्रेडिंग एप के नाम पर 1 करोड़ 7 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धार

■ 70 लाख रुपए का ट्रांजेक्शन हुआ और पकड़ाए

धार पुलिस ने शेयर ट्रेडिंग एप के नाम पर विभिन्न बैंकों की शाखाओं में फर्जी दस्तावेज और फर्जी हस्ताक्षर कर फर्जी तरीके से 1 करोड़ 7 लाख रुपए के लेन-देन करने में शामिल धार के पांच लोगों पर ठगी का मामला दर्ज किया है। ये लोग म्यूल खातों की राशि इधर-उधर करते थे। बदले में कमीशन मिलता था। शुक्रवार को कांग्रेस



नेता व महिला पार्षद के बेटे लईक पुत्र रईस शेख निवासी पिंजारवाड़ी धार सहित पांच लोगों की तलाश शुरू कर दी है। मुख्य आरोपियों लईक अपने नौकर और सहायक जावेद उर्फ राजा के माध्यम से अन्य आरोपियों के खातों से साइबर ठगी के माध्यम से आए रुपयों को निकलवाता था।

### ग्वालियर में पति धरने पर बैठा

## पत्नी के चार बॉयफ्रेंड, जान को खतरा बताया, मुख्यमंत्री ने गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

■ पत्नी मेरठ जैसे उसकी हत्या करवा सकती है

शहर में एक शख्स अपनी ही पत्नी से जान का खतरा बताते हुए धरने पर बैठ गया। शख्स ने अपनी पत्नी पर गंभीर आरोप लगाए हैं, उसने सीएम से न्याय की गुहार लगाई है। धरने पर बैठे शख्स ने युवक एक कागज भी दिखा रहा था, जिस पर लिखा था कि मुख्यमंत्री जी, मेरी पत्नी को सजा दिलाओ। युवक का नाम अमित कुमार सेन है, वह ग्वालियर



के जनकपुरी इलाके का रहने वाला है। युवक का कहना है कि उसकी पत्नी के चार बॉयफ्रेंड हैं। अभी वह किसी राहुल बाथम नाम के व्यक्ति के साथ लिव इन में रह रही है। उसने कहा कि उसकी पत्नी मेरठ जैसे हत्याकांड की तरह उसकी हत्या करवा सकती है।

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने पीएम मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. यादव का जताया आभार

### मध्यप्रदेश की महिलाओं को मिली बड़ी सौगात

## 290 करोड़ की लागत से प्रदेश में बनेंगे 8 वूमेन वर्किंग होस्टल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवरात्रि पर्व के अवसर पर मध्य प्रदेश की महिलाओं के लिए एक बड़ी सौगात दी है। उन्होंने राज्य के आठ जिलों में वूमेन वर्किंग हॉस्टल बनाने की स्वीकृति प्रदान की है, जिसके तहत 290.25 करोड़ रुपए की लागत से इन हॉस्टल्स का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही धार जिले के पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में भी एक वूमेन वर्किंग हॉस्टल की स्थापना होगी, जिसकी लागत 76.46 करोड़ रुपए है। केंद्रीय महिला एवं बाल



विकास राज्यमंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद श्रीमती सावित्री ठाकुर ने इस पहल को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस योजना से राज्य की महिलाओं के लिए एक नई दिशा का निर्धारण होगा और यह कदम महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। इनवूमेन वर्किंग हॉस्टल में महिलाओं को रहने, खाने और अन्य बुनियादी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। खासकर धार जिले के पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में बनने वाले हॉस्टल से वहां काम करने वाली महिलाओं को एक सुरक्षित और सशक्त वातावरण मिलेगा, जो उनके जीवन को और बेहतर बनाएगा।

### 23 हजार से अधिक श्रमिक परिवारों के खातों में 505 करोड़ रुपए की राशि पहुंची

मंदसौर, खरगोन, शहडोल, दतिया और सीहोर जिले की हितग्राहियों से की चर्चा

## मुश्किल वक्त में जरूरतमंद के आंसू पोंछती है और उनका सहारा बनती है संबल योजना



मुख्यमंत्री ने सभी जिलों, नगर निगमों, नगर परिषद और ग्राम पंचायतों के हितग्राहियों को वर्चुअली संबोधित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान जैसी मूलभूत आवश्यकताओं के अलावा भी ऐसी जरूरतें होती हैं, जिनके लिए पैसा जरूरी होता है। प्रसूति, बीमारी, दिव्यांगता और किसी अपने को खो देने जैसे मुश्किल समय में कई बार हम स्वयं को असहाय महसूस करते हैं। संबल योजना ऐसे ही मुश्किल वक्त में जरूरतमंद के आंसू पोंछती है और उनको सहारा प्रदान करती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना के तहत प्रदेश के 23 हजार से अधिक श्रमिक परिवारों के खातों में 550 करोड़ रूपए की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित करने के बाद परिवारों को मंत्रालय से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे।

**6 लाख 58 हजार से अधिक परिवारों को 5,927 करोड़ रुपए से अधिक के हितलाभ**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि संबल योजना में अब तक 6 लाख 58 हजार से अधिक परिवारों को 5 हजार 927 करोड़ रूपए से अधिक के हितलाभ दिए जा चुके हैं। राज्य सरकार ने गिग और प्लेटफार्म वर्कर्स को असंगठित श्रमिक मानते हुए एक मार्च 2024 से उन्हें संबल योजना में उन्हें शामिल करने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर सभी संबल हितग्राहियों को आयुष्मान भारत निरामयः योजना में शामिल किया गया है। गरीब बहनों को गर्भावस्था के समय काम पर न जाना पड़े और उन्हें पोषण भी मिलता रहे, यह सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार ने ऐसी बहनों को 16 हजार रुपए देने की व्यवस्था की है।



पीएम मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में फैसले

# देश को आत्मनिर्भर बनाने इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग योजना लागू

## कैबिनेट ने 22,919 करोड़ रुपए की योजना को दी मंजूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट की पैठक हुई। इसमें कई अहम फैसले लिए गए। केंद्र ने शुक्रवार को भारत की इलेक्ट्रॉनिक्स आपूर्ति श्रृंखला को आत्मनिर्भर बनाने 22,919 करोड़ रकी इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग योजना को मंजूरी दे दी। इस योजना का उद्देश्य देश में एक मजबूत इकोसिस्टम तैयार करना है, जिससे घरेलू और वैश्विक स्तर पर बड़े निवेश आकर्षित किए जा सकें। योजना के तहत 59,350 करोड़ का निवेश आकर्षित होने की उम्मीद है, जिससे 4,56,500 करोड़ र मूल्य के उत्पादों का उत्पादन होगा। इस योजना से 91,600 लोगों को सीधे रोजगार मिलेगा, जबकि अप्रत्यक्ष रूप से भी बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

**6 साल होगी योजना की अवधि**

इस योजना की अवधि 6 साल की होगी, जिसमें एक साल का गेस्टेशन पीरियड शामिल है। प्रोत्साहन का एक हिस्सा रोजगार सृजन लक्ष्यों को पूरा करने से भी जोड़ा जाएगा, जिससे अधिक लोगों को रोजगार के अवसर मिल सकें।



**भारतीय निर्माताओं को मिलेगी तकनीकी मदद**

इस योजना में विभिन्न कंपोनेंट्स और सब-असेंबली के लिए अलग-अलग प्रोत्साहन दिए जाएंगे, ताकि भारतीय निर्माताओं को तकनीकी चुनौतियों से निपटने और बड़े पैमाने पर उत्पादन करने में मदद मिल सके। इस योजना के तहत डिस्प्ले और कैमरा मॉड्यूल जैसे सब-असेंबली, नॉन-एसएमडी पैसिव कंपोनेंट, इलेक्ट्रो-मैकेनिकल्स, मल्टी-लेयर प्रिंटेड सर्किट बोर्ड और ली-आयन सेल जैसे कंपोनेंट शामिल किए गए हैं। इसके अलावा, हाई-डेंसिटी इंटरकनेक्ट और एसएमडी पैसिव कंपोनेंट जैसे बड़े कंपोनेंट्स पर भी फोकस किया जाएगा।

किसानों को दी खुशखबर

## केंद्र सरकार ने पीएंडके उर्वरकों पर दी 37,216 करोड़ की सब्सिडी की मंजूरी

कैबिनेट ने खरीफ फसलों 2025 के लिए फॉस्फेटिक और पोटैशिक उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी दरों को मंजूरी दे दी है। इस फैसले के तहत सरकार किसानों को उचित दरों पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए खरीफ 2025 (1 अप्रैल 2025 से 30 सितंबर 2025) के लिए 37,216.15 करोड़ रुपये की सब्सिडी प्रदान करेगी। गौरतलब है कि यह राशि रबी 2024-25 के लिए तय बजट से लगभग 13,000 करोड़ रुपए अधिक है।



**कृषकों को मिलेंगे सस्ते उर्वरक**

पोषक तत्व आधारित सब्सिडी योजना के तहत केंद्र सरकार 28 ग्रेड के फॉस्फेटिक और पोटैशिक उर्वरकों जैसे डाई-अमोनियम फॉस्फेट , म्यूरिएट ऑफ पोटाश और नाइट्रोजन-फॉस्फोरस-पोटाश-सल्फर आदि पर सब्सिडी देती है।

**सिंगल सुपर फॉस्फेट की सब्सिडी को आगे बढ़ाया**

कैबिनेट ने सिंगल सुपर फॉस्फेट पर फ्रेट सब्सिडी को भी खरीफ 2025 तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। इससे एसएसपी की ढुलाई लागत में कमी आएगी, जिससे किसानों को यह खाद सस्ती दर पर उपलब्ध होगी। सरकार का यह फैसला किसानों के लिए फायदेमंद साबित होगा। इससे उन्हें सब्सिडी वाले रेट पर उर्वरक मिलेंगे, जिससे खेती की लागत घटेगी और उत्पादकता बढ़ेगी। इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय बाजार में उर्वरकों और कच्चे माल (यूरिया, डीएपी, एमओपी और सल्फर) की कीमतों में उतार-चढ़ाव का बोझ किसानों पर नहीं पड़ेगा।

## खबर संक्षेप

### रेप केस में बजिंदर दोषी 1 को सजा का ऐलान

**नई दिल्ली।** 2018 रेप मामले में स्वयंभू ईसाई धर्म प्रचारक बजिंदर सिंह को दोषी करार दिया गया है।



इस मामले में कोर्ट एक अप्रैल को सजा सुनाएगा। सिंह पर कई गंभीर आरोप लग चुके हैं। उन पर जीरकपुर की महिला ने यौन उत्पीड़न का केस दर्ज कराया था। महिला ने आरोप लगाया था कि उसने यौन उत्पीड़न का वीडियो बनाया और धमकी दी थी।

### शर्मा को फिर मिली जान से मारने की धमकी

**जयपुर।** राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा को फिर से जान से मारने की धमकी दी गई। यह



धमकी बीकानेर सेंट्रल जेल में बंद आदिल नाम के एक कैदी ने दी है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। सीएम को चौथी बार जान से मारने की धमकी दी गई है। एसपी कविंद्र सिंह सागर ने बताया कि आरोपी ने बीकानेर सेंट्रल जेल से फोन किया।

### भारत में बिना वीजा किसी को रहने का हक नहीं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने आव्रजन और विदेशी नीति पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित



शाह के बयान पर कहा कि भारत में बिना वीजा के रहने का किसी को अधिकार नहीं है। रामदास ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि भारत में बिना वीजा के किसी को भी रहने का अधिकार नहीं है। बांग्लादेश के लोग भारत आते हैं और बिना वीजा के यहां रहते हैं।

### दिल्ली के मुस्तफाबाद का बदलेगा नाम, प्रस्ताव पेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में भाजपा विधायक मोहन सिंह बिष्ट मुस्तफाबाद का नाम बदलने का



प्रस्ताव ला रहे। दिल्ली में नाम बदलने को लेकर सियासत शुरू हो गई है। इस पर आप के नेता बयान दे रहे हैं। बिष्ट ने कहा कि मुस्तफाबाद क्षेत्र का नाम बदलने मैंने प्रस्ताव दिया है। 1998 से 2008 के बीच जब मैं विधायक था, तब क्षेत्र का नाम करावल नगर था।

### बोस ने कार्यवाहक कुलपति को हटाया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) के



कार्यवाहक कुलपति डॉ. भास्कर गुप्ता को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। यह कार्रवाई उनकी सेवानिवृत्ति से कुछ दिन पहले की गई है। डॉ. गुप्ता 31 मार्च को सेवानिवृत्त होने वाले थे। बोस ने ही गुप्ता को विवि का कार्यवाहक कुलपति नियुक्त किया था।

राज्यसभा में सांगा को लेकर सपा सांसद के बयान पर मचा बवाल

# जब तक सुमन व खरगे माफी नहीं मांगते तब तक कोई समझौता नहीं किया जाएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**बजट सत्र के दौरान राज्यसभा में हंगामा, दोनों पक्षों में तकरार**

संसद के बजट सत्र के दौरान राज्यसभा में शुक्रवार को जमकर हंगामा हुआ। भाजपा ने सपा सांसद रामजी लाल सुमन की राणा सांगा को लेकर की गई टिप्पणी पर विरोध किया। भाजपा सांसदों ने कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खरगे पर भी निशाना साधा। भाजपा का आरोप है कि खरगे मामले को जाति से जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपाा ने मांग की है,जब तक रामजी सुमन और विपक्ष के नेता खरगे मामले में माफी नहीं मांगते, तब तक कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इससे पहले सुमन ने 21 मार्च को राज्यसभा में राणा सांगा को गद्दार कह दिया था। इस पर शुरू हुआ बवाल अब भी थमता नहीं दिखाई दे रहा है। उनकी बाबर और राणा सांगा को लेकर कुछ ऐसा कह दिया था कि वे भाजपा के तमाम नेताओं के निशाने पर आ गए थे। भाजपा ने रामजी लाल सुमन से मांगी की मांग की है। सपा सांसद के इस बयान पर दिल्ली से उत्तर प्रदेश तक सियासी हलकों में हंगामा हो गया। भाजपा नेताओं ने आक्रोश व्यक्त करते हुए बयान की निंदा की।

नेता प्रतिपक्ष ने जाति से जोड़ने की कोशिश की तो लगी 'आग'

**सोच-समझकर दिया गया बयान**



### अग्रवाल बोले- स्पष्टीकरण तो देते

इसी बीच कुछ ऐसा हुआ कि राधा मोहन दास अग्रवाल को गुस्सा आ गया। भाजपा सांसद ने सांगा को लेकर कहा- 'उन्होंने कह दिया होता कि गलती से बोल दिया। स्पष्टीकरण दिया होता कि मैं ऐसा नहीं कहना चाहता था। अपनी बयान पर माफी मांग ली होती तो विवाद उसी समय खत्म हो गया होता। अग्रवाल ने कहा कि आश्चर्य की बात है कि सांसद (रामजी लाल) का बयान आया- मैं मरते मर जाऊंगा बात वापस नहीं लूंगा। ये बताता है कि जो इन्होंने कहा था वो सोच समझकर और नियोजित तरीके से कहा था।

### धनखड़ ने कहा- बोलते वक्त सावधानी बरतनी

सभापति जगदीप धनखड़ ने राजपूत राजा को राष्ट्रीय नायक बताया। उन्होंने उनकी बहादुरी का जिक्र किया और उनके खिलाफ टिप्पणी को अपमानजनक बताया। उन्होंने कहा कि सदस्यों को संवेदनशील मुद्दों पर बोलते समय सावधानी बरतनी चाहिए।

### भाजपा बोली खरगे का मुद्दे को जाति से जोड़ना निंदनीय

अग्रवाल ने कहा कि सुमन ने दोहराया है कि वे अपने शब्दों को वापस नहीं लेंगे और जीवन भर उन पर कायम रहेंगे। यह अपमान है । किरेन रिजिजू ने भी मामले में बयान दिया। उन्होंने कहा कि सुमन का बयान अपमानजनक और अत्यधिक निंदनीय है। रिजिजू ने कहा कि वे खरगे की टिप्पणी की निंदा करते हैं कि सुमन के घर पर इसलिए हमला किया गया, क्योंकि वह दलित थे। उन्होंने कहा कि यह जाति या धार्मिक मुद्दा नहीं है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि खरगे मामले को जाति की ओर मोड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

### भाजपा सांसद डॉ. राधा मोहन ने उठाया मुद्दा



भाजपा सांसद डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल ने सुमन के राजपूत राजा राणा सांगा पर दिए गए बयान का मुद्दा उठाया। इससे बाद ही राज्यसभा में हंगामा शुरू हुआ। अग्रवाल ने कहा कि जब तक कांग्रेस और सुमन माफी नहीं मांग लेते, हम इस मुद्दे पर समझौता नहीं करेंगे।

### खरगे के बयान पर भड़की भाजपा

इस बीच खरगे ने कहा कि वह और उनकी पार्टी उन सभी देशभक्तों का सम्मान करते हैं, जिन्होंने देश के लिए लड़ाई लड़ी और अपनी जान कुर्बान की, लेकिन किसी को भी कानून और व्यवस्था को अपने हाथ में लेने और एक सांसद के घर में घुसकर तोड़फोड़ करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने सुमन के घर और संपत्ति पर उनके विवादास्पद बयान के बाद हुए हमलों का जिक्र किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस तरह की दलित विरोधी कार्रवाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खरगे की टिप्पणी से सत्तारूढ़ पार्टी भड़क गई।

### भाजपा सांसदों ने की नारेबाजी

खरगे ने कहा कि सांगा हो या महाराणा प्रताप सभी सम्मानीय थे। उन्होंने कहा कि उनकी आपत्ति हिंसा के इस्तेमाल पर है, क्योंकि संविधान इसकी अनुमति नहीं देता। इस पर सुमन बोलने के लिए उठे, लेकिन भाजपा सांसदों ने नारेबाजी शुरू कर दी। धनखड़ ने कहा कि सुमन ने जो कहा है वही रिकॉर्ड में दर्ज होगा।

बंदरगाह विधेयक लोकसभा में पेश

### एकीकृत विकास और व्यापार को मिलेगा बढ़ावा



भारतीय बंदरगाह विधेयक 2025 लोकसभा में पेश कर दिया गया है। पोत परिवहन मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने इसे पेश किया। इसका उद्देश्य बंदरगाहों से संबंधित कानूनों को मजबूत और बंदरगाह विकास को बढ़ाना देना है।

ऑक्सफोर्ड में ममता के खिलाफ विरोध

# भाषण के बीच लगे 'गो बैक' के नारे तो भड़की टीएमसी



**ममता बोलीं मैं सभी के लिए हूं, हिंदू... मुस्लिम,**

इनका जवाब देते हुए पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि मैं सभी के लिए हूं, हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई, जिसके जवाब में कुछ उपस्थित लोगों ने गो बैक के नारे लगाए। तनाव के बावजूद, बेनर्जी ने प्रदर्शनकारियों को शांति से संबोधित करने का प्रयास किया, उनसे राजनीति और नकारात्मक आख्यानों में शामिल न होने का आग्रह किया। उन्होंने खुद को रॉयल बंगाल टाइगर बताया।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी लंदन में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के केलॉग कॉलेज में 27 मार्च को पहुंची थी। छात्रों ने ममता के भाषण के बीच में गो बैक के नारे लगाए। बंगाली हिंदू समुदाय के सदस्यों सहित स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया इन यूके के छात्रों ने ममता बनर्जी को बंगाल से जुड़े कई मुद्दों पर घेरते हुए खुलेआम चुनौती दी। इस व्यवहार की टीएमसी के नेता सौगत राय ने आलोचना की है और इसे प्रचार का तरीका बताया। उन्होंने कहा इस तरह के विरोध प्रदर्शन केवल ध्यान आकर्षित करने के उद्देश्य से किए गए थे। सौगत रॉय ने तर्क दिया कि यह आयोजन स्थल ममता के अधिकार क्षेत्र में नहीं था और इसलिए, ऐसी घटनाओं को संभालने की जिम्मेदारी यूनिवर्सिटी अधिकारियों और इंग्लैंड की पुलिस की थी। उन्होंने कहा विरोध प्रदर्शन एसएफआई यूके ने प्रचार पाने के लिए किया।


**बढ़ती अर्थव्यवस्था पर ममता ने जताई असहमति**

### भाजपा ने शर्मनाक और देश के लिए निंदनीय बताया

ऑक्सफोर्ड में बेनर्जी ने 2060 तक भारत के सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की भविष्यवाणी पर असहमति जताई है। उनके इस बयान को लेकर भाजपा ने उनकी खूब आलोचना कर रही है। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया है जिसमें ममता से सवाल किया कि अब ब्रिटेन छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं और भारत 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। जल्द ही यह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। 2060 तक, यह अनुमान लगाया गया है कि यह दुनिया की पहली अर्थव्यवस्था होगी। बेनर्जी ने कहा कि मैं इससे असहमत हूं। मालवीय ने कहा कि ममता को भारत के दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने से परेशानी है। यह वाकई शर्मनाक है। वह अपने संवैधानिक पद के लिए अपमान की बात है। विदेशी धरती पर ऐसा व्यवहार कौन कर सकता है?

मद्रास हाई कोर्ट ने 7 तक लगाई रोक

# विवादित टिप्पणी में कामरा को मिली अंतरिम जमानत




■ अदालत ने शर्तों के साथ आदेश जारी किया

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

मद्रास उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा को महाराष्ट्र के राजनेता के बारे में कथित विवादास्पद टिप्पणी को लेकर उनके खिलाफ दर्ज कई एफआईआर के संबंध में अंतरिम अग्रिम जमानत दे दी। न्यायमूर्ति सुंदर मोहन ने शर्तों के साथ 7 अप्रैल तक अंतरिम अग्रिम जमानत का आदेश दिया। कामरा ने ट्रांजिट अग्रिम जमानत के लिए मद्रास उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था, जिसमें दावा किया गया कि उनके हालिया व्यंग्यात्मक टिप्पणियों के बाद उन्हें कई धमकियां मिल रही हैं।

सुक्खू सरकार लाई नया कानून

# नशे के खात्मे के लिए मुहिम तस्करों को मिलेगी 'फांसी'



■ नशा पीड़ित और तस्कर को परिभाषित भी किया

एजेंसी ▶▶ शिमला

हिमाचल प्रदेश विधानसभा बजट सत्र में विमल नेगी मौत मामला गूंजा और भाजपा द्वारा सीबीआई जांच की मांग पर तकरार हुई। राज्य ऊर्जा निगम में मुख्य महाप्रबंधक विमल नेगी मौत मामले ने गुड़िया हत्याकांड की याद ताजा कर दी। प्रदेश की युवा पीढ़ी को समाप्त कर रहे नशा तस्करों पर लगाम लगाने के लिए मृत्यु दंड का कानून लाया गया। इसके अतिरिक्त नशा तस्कर व पीड़ित की परिभाषा निर्धारित की गई। पहली बार सत्र के दौरान सत्ता व विपक्ष एक सुर में सुर मिलाते दिखे।

# महिला उद्यमियों को बढ़ाएं, अर्थव्यवस्था बढ़ेगी

**फिक्की लेडीज ऑर्गेनाइजेशन ने कहा**

नई दिल्ली। देश में व्यवसायी महिलाओं की शीर्ष संस्था फिक्की लेडीज ऑर्गेनाइजेशन (एफएलओ) ने महिला उद्यमियों की मदद करने और संगठन को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। एफएलओ के अनुसार ये देश की अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा होगा। सरकार ने महिलाओं के रोजगार को बढ़ावा देने के लिए 'ड्रोन दीदी' और 'लाडली बहन योजना' जैसी योजनाएं शुरू कीं।



बागेश्वर धाम दरबार में लगाई दारोगा ने अपनी अर्जी

सिविल लाइंस में तैनात दारोगा ने लापरवाही की

# ड्यूटी छोड़ दर्शन को पहुंचे तो एसपी बोले-स्टेज से उतारो सस्पेंड कर दूंगा

एजेंसी ▶▶ मेरठ

जागृति विहार एक्सटेंशन में बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने सिविल लाइंस में तैनात दारोगा वीरपाल की भी दरबार में अर्जी लगा दी। वीरपाल भी भीड़ के बीच से ड्यूटी छोड़कर स्टेज पर पहुंच गया। उसके बाद अफसरों को मामले की जानकारी मिली। एसपी सिटी आयुष विक्रम ने वीरपाल को स्टेज पर भीड़ के बीच बैठा देखकर तत्काल सीओ सिविल लाइंस को कहा कि उसे स्टेज से उतारो। वरना उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई करनी पड़ेगी। तत्काल ही आयोजक से बताया गया कि दारोगा को स्टेज ने नीचे लेकर आओ। आयोजक बीरपाल को स्टेज से नीचे लेकर आए। तक सीओ ने उसे समझाकर वहां से ड्यूटी पॉइंट पर भेज दिया।

**ड्यूटी के दौरान दारोगा का स्टेज पर बैठना उचित नहीं**



### चरित्र को बनाने के लिए रामचरितमानस को बनाइए आधार

जागृति विहार एक्सटेंशन में बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के मुखारबिंद से श्री हनुमंत कथा का अमृतमयीरस प्रवाहित हो रहा है। कथा के तृतीय दिवस पर गुरुवार को दिव्य दरबार व कन्हैया मित्तल के भजनों के बाद शाम सात बजे शास्त्री ने व्यासपीठ से श्री हनुमंत कथा के क्रम को आगे बढ़ाया। उन्होंने सीताराम-हनुमान, सीताराम-हनुमान से शुरुआत की।

**हनुमानजी असुरों और दानवों का सर्वनाश करने वाले :** हिंदू राष्ट्र की जय, बागेश्वर धाम की जय, बाबा औघड़नाथ की जय, बिल्वेश्वर की जय, मनसा देवी की जय, पंचमुखी हनुमान की जय के जयकारे लगवाए। शास्त्री ने कहा कि मेरठ की क्रांतिधरा पर हनुमान जी की महिमा का गुणगान चल रहा रहा है।

### मुस्तैदी से काम करने की सलाह दी


एसपी सिटी का कहना था कि ड्यूटी के दौरान दारोगा का स्टेज पर बैठना उचित नहीं था। इसलिए उसे नीचे उतार लिया गया। जीडी में डाला तस्करा सीओ की जांच के दौरान हनुमंत कथा परिसर में ड्यूटी प्वाइंट पर दस पुलिसकर्मी मौजूद नहीं मिले। उक्त पुलिसकर्मी अपने पॉइंटों को छोड़कर इधर उधर घूम रहे थे। तत्काल ही कथा स्थल पर बनी अस्थाई चौकी पर सभी पुलिसकर्मियों की रपट लिखा दी गई। उसके बाद पुलिसकर्मियों ने चौकी पर पहुंचकर अपनी सफाई दी। लेकिन तब तक अफसर रपट लिखकर निकल गए थे। उसके बाद चौकी से सभी को अपने ड्यूटी प्वाइंट पर मुस्तैदी से काम करने की सलाह दी गई।

7 मिनट लेट हो गया था कैब ड्राइवर

# महिला ने चालक के मुंह पर थूका और की गाली-गलौज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंटरनेट पर वायरल हो रहे दोक वीडियो में अलग-अलग महिलाओं को कैब ड्राइवरों से बदतमीजी करते हुए देखा गया। एक महिला ने तो हद ही पार कर दी। गाली-गलौज के बाद ड्राइवर के मुंह पर थूक दिया। वीडियो में दिखाया गया है कि एक महिला कैब की पिछली सीट पर बैठते ही ड्राइवर पर बरस पड़ती है। इसका कारण केवल यह था कि वह ड्राइवर 7 मिनट लेट था। महिला पहले तो नाराजगी जाहिर करती है, लेकिन धीरे-धीरे उसकी भाषा गाली में तब्दील होने लगती है। वीडियो में



दिखाया गया है कि वह महिला कहती हैं जब हम लेट होते हैं तो तुम हर मिनट के दो रुपए काट लेते हो, लेकिन जब तुम लेट होते हो तो कुछ नहीं? ड्राइवर ने समझाने की कोशिश की कि ट्रैफिक की वजह से देर हुई, लेकिन महिला ने एक नहीं सुनी। ताने मारते हुए बोली कि तू तो पूरी जिंदगी ड्राइवरी करेगा, अपने बच्चों को भी ड्राइवर बना देना।

जबलपुर
शनिवार, 29 मार्च 2025
- चैत मास कृष्ण पक्ष-15
- वर्ष : 19, अंक : 322
- पृष्ठ : 8+8=16 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 38
न्यून. 17

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

भारत में नहीं दिखेगा ग्रहण, सूतक काल मान्य नहीं



## आज दोपहर 2:21 पर शुरू होगा साल का पहला 'सूर्य ग्रहण'

**नई दिल्ली।** 29 मार्च को साल का पहला सूर्य ग्रहण लगने वाला है। यह एक आंशिक सूर्य ग्रहण होगा, जिसके कारण यह भारत में नजर नहीं आएगा। मूल रूप से ये ग्रहण दक्षिण अमेरिका, आंशिक उत्तरी अमेरिका, उत्तरी एशिया, उत्तर-पश्चिम अफ्रीका, यूरोप, उत्तरी ध्रुव, आर्कटिक महासागर और अटलांटिक महासागर आदि जगहों पर दिखाई देगा। भारतीय समय के अनुसार, 29 मार्च को दोपहर 2:21 से शुरू होगा और शाम 6:14 तक रहेगा।



नवरात्र से पहले वैष्णो देवी में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

# एआई से लैस कैमरे, ड्रोन से हो रही निगरानी कठुआ एनकाउंटर के बाद सतर्कता और बढ़ाई

एजेंसी ▶▶ जम्मू

नवरात्र में माता वैष्णो देवी श्राइन में किसी प्रकार की भी अनचाही घटना से बचने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इसके तहत एआई से लैस कैमरे, ड्रोन से निगरानी की जा रही है। चैत्र नवरात्र 30 मार्च से शुरू हो रहे हैं और इन दिनों बड़ी संख्या में भक्त यहां दर्शन करने आते हैं। कठुआ में हुए पाकिस्तानी आतंकवादियों के एनकाउंटर के बाद और भी सतर्कता बढ़ गई है। कटड़ा, पवित्र गुफा के बेसकैंप का ऑडिट करते हुए रईसी के एसएसपी परमवीर सिंह ने कहा कि हम देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले सभी भक्तों को आश्वस्त करते हैं कि उन्हें पर्याप्त सुरक्षा प्रदान की जाएगी।

**30** मार्च से शुरू हो रहा है चैत्र नवरात्र

**'दर्शनी ड्योढ़ी' इस चैत्र नवरात्रि में तीर्थयात्रियों के स्वागत के लिए तैयार**

### 500-600 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए

डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल रईस मोहम्मद भट ने बताया कि मंदिर की ओर जाने वाले रास्ते पर सीआरपीएफ की कड़ी नजर है। अधिकारियों ने बताया कि तीर्थयात्रा मार्ग पर उन्नत एआई क्षमताओं से लैस 500-600 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। श्री माता वैष्णों देवी श्राइन बोर्ड के सीईओ अंशुल गर्ग ने कहा कि लगभग 40,000 तीर्थयात्री प्रतिदिन माता वैष्णो देवी मंदिर के दर्शन के लिए आते हैं, सप्ताहांत में यह संख्या और भी बढ़ जाती है।

### अर्धकुंवारी में 1,500 तीर्थयात्रियों के लिए विश्राम क्षेत्र

श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) ने 30 मार्च से 7 अप्रैल तक चलने वाले त्यौहार के दौरान तीर्थयात्रियों के लिए नए बुनियादी ढांचे का निर्माण किया है और अधिक सुविधाओं की व्यवस्था की है। अर्धकुंवारी में 1,500 तीर्थयात्रियों के लिए सभी मौसम के अनुकूल विश्राम क्षेत्र बनाया गया है। इस क्षेत्र में वाटर एटीएम, प्रसाद कियोस्क, जलपान इकाई और 'गर्भजून आरती' का सीधा प्रसारण होगा। बोर्ड ने कहा कि इसके अलावा, दो मंजिला कतार परिसर के साथ पुनर्निर्मित 'दर्शनी ड्योढ़ी' इस चैत्र नवरात्रि में तीर्थयात्रियों के स्वागत के लिए तैयार है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### एक ही रस्सी पर फंदे में लटकी दो युवतियां



**अलीराजपुर।** जोबट थाना क्षेत्र के ग्राम डेकाकुंड में शुक्रवार सुबह एक ही पेड़ पर मौसी और भानजी के शव फांसी के फंदे पर लटके मिले। मृतक लड़कियों की पहचान 16 वर्षीय पूजा (पिता कैलाश सपनीय) और 26 वर्षीय सकरी (पिता छगन बघेल) के रूप में हुई है। दोनों डेकाकुंड तड़वी फलिया की रहने वाली थीं और आपस में रिश्तेदार थीं।

### 100 बीघा की खड़ी फसल जलकर राख



**शमशाबाद।** विदिशा जटपुरा के खरेरा घाट स्थित पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष कृष्ण कुमार माहेश्वरी और बसंत माहेश्वरी का 110 बीघा के खेत की फसल शॉट सर्किट के कारण जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने पेड़ों की डालियों से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तेज हवा के कारण कुछ देर में ही पूरे खेत में फसल जलकर राख हो गई।

### छतरपुर सीएमएचओ किए गए निलंबित



**छतरपुर।** सागर कमिश्नर डॉ. वीरेंद्र सिंह रावत ने छतरपुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. आरपी गुप्ता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई कलेक्टर पार्थ जैसवाल की रिपोर्ट के आधार पर की गई है। डॉ. गुप्ता पर आरोप है कि उन्होंने सेडमेप की आड़ में कर्मचारियों की भर्ती में नियमों का उल्लंघन किया।

सवा करोड़ से अधिक सरकारी कर्मियों और पेंशनरों की जेब में आएगा 'और धन'

# महंगाई भत्ता 2 फीसदी और बढ़ा अब डीए 53% से बढ़कर 55%

पिछली बार डीए में वृद्धि जुलाई 2024 में हुई थी जब इसे 50% से बढ़ाकर 53% किया गया था

*डीए और डीआर दोनों में वृद्धि के कारण राजकोष पर संयुक्त प्रभाव प्रति वर्ष 6,614.04 करोड़ रुपए होगा*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार में लगभग सवा करोड़ से अधिक कर्मचारियों और पेंशनरों के महंगाई भत्ते डीए एवं महंगाई राहत डीआर में दो फीसदी वृद्धि की सौगात मिली है। शुक्रवार को केंद्रीय कैबिनेट ने डीए की दरों में बढ़ोतरी के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी है।

एक जनवरी से देय महंगाई भत्ते की दर अब 53 प्रतिशत से बढ़कर 55 प्रतिशत हो गई है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट की बैठक के बाद हुई प्रेस ब्रीफिंग में यह जानकारी दी है। गत वर्ष केंद्र सरकार ने दीवाली पर कर्मचारियों के महंगाई भत्ते एवं पेंशनरों की महंगाई राहत में तीन फीसदी की बढ़ोतरी की थी। गौर हो कि डीए/डीआर की दरों में बढ़ोतरी की घोषणा, होली और दीवाली पर की जाती है। हालांकि डीए/डीआर की दरों में वृद्धि हर साल एक जनवरी और एक जुलाई से किए जाने का प्रावधान है। अगर तय समय से कुछ माह बाद डीए की घोषणा होती है तो सरकारी कर्मचारियों के खाते में उतने ही माह का एरियर आ जाता है।

चूंकि डीए/डीआर की दरों में हुई बढ़ोतरी से सरकार पर हजारों करोड़ रुपए का भार पड़ता है। ऐसे में सरकार, डीए/डीआर की घोषणा, तीन चार माह देरी से करती है। इस अवधि के दौरान सरकार का पैसा निवेश होता है, जिस पर उसे अच्छा खासा ब्याज मिलता है। डीए और डीआर दोनों में वृद्धि के कारण राजकोष पर संयुक्त प्रभाव प्रति वर्ष 6,614.04 करोड़ रुपए होगा।



**डीए और डीआर से जुड़ा फैसला 1 जनवरी 2025 से लागू होगा**

कैबिनेट के फैसले का ऐलान करते हुए केंद्रीय मंत्री ने बताया कि अतिरिक्त डीए और डीआर से जुड़ा फैसला 01 जनवरी 2025 से लागू होगा और सरकार इस मद में अतिरिक्त 7,716 करोड़ रुपए खर्च करेगी। अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के 12 महीने के औसत में वृद्धि के आधार पर डीए की दर तय की जाती है।

*इस उदाहरण से समझें*

**2 फीसदी डीए से होगा इतना फायदा?**

| बेसिक वेतन | 2% वृद्धि | 53% डीए | 55% डीए |
|---|---|---|---|
| 18,000 | 360 | 9,540 | 9,900 |
| 25,000 | 500 | 13,250 | 13,750 |
| 35,000 | 700 | 18,550 | 19,250 |
| 52,000 | 1,040 | 27,560 | 28,600 |
| 70,000 | 1,400 | 37,100 | 38,500 |
| 85,500 | 1,710 | 45,315 | 47,025 |
| 1,00,000 | 2,000 | 53,000 | 55,000 |

**ताकि, वेतन अपना मूल्य न खो दे**

*महंगाई भत्ता (डीए) सरकारी कर्मचारियों को बढ़ती महंगाई से निपटने में मदद करने के लिए दिया जाने वाला भत्ता है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बढ़ती महंगाई के कारण वेतन अपना मूल्य न खो दे। कर्मचारियों का मूल वेतन हर 10 साल में वेतन आयोग की ओर से निर्धारित किया जाता है। इसके अतिरिक्त, महंगाई के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए डीए में समय-समय पर बदलाव किया जाता है।*

पति ने की आत्महत्या की कोशिश

# पत्नी की हत्या कर शव को सूटकेस में ठूंस दिया



◆ आरोपी पति को पुणे से हिरासत में ले लिया गया

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरू

बेंगलुरू में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक पति ने अपनी पत्नी की पहले हत्या की और फिर उसके शव को सूटकेस में ठूंसकर फरार हो गया। फ्लैट में ताला लगाकर पुणे भाग गया। काफी मशक्कत के बाद आरोपी पति को पुणे से हिरासत में ले लिया गया है और मामले में जांच की जा रही है। बंगलूरू में एक सूटकेस में मिली 32 वर्षीय महिला के पति को मुख्य संदिग्ध मानकर पुलिस ने अपनी गिरफ्त में लिया है।पुलिस का कहना है कि उसने आत्महत्या का प्रयास किया था और फिलहाल पुणे में उसका इलाज चल रहा है। महिला की पहचान गौरी खेडेकर के रूप में हुई है। उसका शव गुरुवार को एक सूटकेस में मिला था। शव पर गंभीर चोटों के निशान भी थे।

**पत्नी मास मीडिया की स्नातक थी**

एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बेंगलुरू के पुलिस आयुक्त बी. दयानंद ने बताया कि हमारी टीम ने पुणे पुलिस से संपर्क कर लिया है। हत्या के पीछे वैवाहिक विवाद बताया जा रहा है। डोड्डाकम्मनहल्ली में एक फ्लैट में एक महिला की लाश सूटकेस में मिली थी। दोनों महाराष्ट्र के रहने वाले हैं। पुलिस उपायुक्त सारा फातिमा ने बताया कि महिला और उसका पति बीते महीने बंगलुरू शिफ्ट हुए थे। उन्होंने बताया कि गौरी ने मास मीडिया में स्नातक की पढ़ाई की थी। वहीं उसका पति एक निजी फर्म में काम करता है। इस समय वह वर्क फ्रॉम होम कर रहा था। ये मामला तब सामने आया, जब मकान मालिक ने शाम करीब 5.30 बजे पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी।

**पत्नी की हत्या के बाद किया सास-ससुर को फोन**

*हत्या को आंजाम देने के बाद आरोपी पति राकेश राजेंद्र ने अपने सास-ससुर को भी फोन किया था और फोन पर उन्हें बताया था कि उसने अपनी पत्नी की हत्या कर दी है और उसका शव सूटकेस में है।*

## रायसेन में काली पट्टी बांधने पर दो पक्ष भिड़े





**वक्फ बिल के विरोध में काली पट्टी बांधकर पढ़ी गई नमाज**

*विधायक रामेश्वर बोले-मुसलमानों के नाम पर राजनीति करने वालों के पेट में दर्द*

**भोपाल।** वक्फ संशोधन बिल के विरोध में मुस्लिम समाज के सदस्यों ने बांह पर काली पट्टी बांधकर नमाज पढ़ी। ये सभी रमजान के आखिरी शुक्रवार जुमे की नमाज में शामिल हुए। इस मौके पर काजी सैयद अनस अली ने कहा कि बिल के जरिए हमारी संपत्तियां हड़पना चाहते हैं। इस पर भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि मुसलमानों के नाम पर राजनीति करने वालों के पेट में दर्द हो रहा।

भड़काऊ गाने पर प्रतापगढ़ी को राहत

## बोलने की आजादी भी है लोकतंत्र का अभिन्न अंग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस सांसद पर दर्ज की गई एफआईआर रद्द

सुप्रीम कोर्ट ने भड़काऊ गाने के मामले में कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के खिलाफ गुजरात पुलिस की ओर से दर्ज की गई एफआईआर को रद्द कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अभिव्यक्ति की आजादी लोकतंत्र का अभिन्न अंग है। ऐसे ही नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करना अदालत का कर्तव्य है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह सुनिश्चित करना भी अदालत का कर्तव्य है कि संविधान और संविधान के आदर्शों का उल्लंघन न हो।

केंद्र सरकार ने दी मंजूरी

## जस्टिस वर्मा का इलाहाबाद हाईकोर्ट में हो गया तबादला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



बार एसोसिएशनों का विरोध काम नहीं आया आखिर

दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा का उनके आधिकारिक आवास से नकदी मिलने के मामले में विवाद के बीच शुक्रवार को उन्हें उनके पैतृक इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया गया। यह जानकारी एक सरकारी अधिसूचना में दी गई। विधि मंत्रालय ने उनके तबादले की घोषणा करते हुए एक अधिसूचना जारी की।

नर्मदापुरम में दो परिवारों के बीच खूनी संघर्ष

## धारदार हथियारों से बोला हमला एक की मौत, 8 घायल, 2 गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



एक युवक ने प्रेम विवाह किया, जो विवाद की वजह

जिले के बरंडुआ गांव में एक खेत में आदिवासी और कीर परिवार के दो पक्षों के मारपीट हो गई। दोनों पक्षों के बीच डंडे, बल्लम और धारदार हथियार चले।

हादसे में एक व्यक्ति की मौत हुई है। वहीं 8 लोग घायल हैं, जिसमें दो की हालत नाजुक है। घटना शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे बरंडुआ गांव की है। सूचना मिलते ही देहात थाना पुलिस मौके के लिए रवाना हुई।

कांग्रेस बोली- पुलिस कार्रवाई करे भी तो कैसे?

# अवैध रेत का डंपर पकड़ा गया, ड्राइवर ने लिया कृषि मंत्री के बेटे बंकू का नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुरैना

मुरैना जिले में चंबल नदी से अवैध रेत उत्खनन और परिवहन का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। बीती रात वन विभाग की टीम ने नेशनल हाइवे-44 के पास कच्चे रास्ते से रेत ले जा रहे एक डंपर को पकड़ा।

डंपर चालक दीवान ने पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा किया कि यह वाहन राज्य के कृषि मंत्री एदल सिंह कंसाना के बड़े बेटे बंकू उर्फ कप्तान कंसाना का है।

बंकू ने कहा- डंपर मेरा नहीं ये मेरे खिलाफ साजिश



ड्राइवर ने कहा कि मुझे हर दिन रेत भरकर उनके बताए स्थान पर डालना होता था। इसके बदले मुझे रोज़ 1000 रुपए मिलते थे। ड्राइवर के मुताबिक चंबल से बड़ी संख्या में ट्रैक्टर और ट्रक अवैध रेत का परिवहन कर रहे हैं, जिसमें लोडर भी लगे हैं।

## नर्मदापुरम में 40.7 और टीकमगढ़ में 40 डिग्री रहा दिन का पारा

अन्य जिलों में 40 से कम रहा दिन का तामपान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शिवपुरी, खजुराहो सहित अन्य जिलों में लू और तेज गर्मी के बाद शुक्रवार को प्रदेश के सभी जिलों में दिन और रात के तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। शुक्रवार को सबसे गर्म नर्मदापुरम रहा, जहां दिन का पारा 40.7 डिग्री रहा। वहीं, भोपाल में दिन के तापमान में चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। अगले 2 से 3 दिन तक पारे में मामूली गिरावट हो सकती है।

# गर्मी-लू से राहत, तीन दिन में फिर गिरेगा दिन और रात का तापमान



लिंक रोड नंबर एक दोपहर में गर्मी से सूनी नजर आई

**इन शहरों में यह रहा तापमान**

खजुराहो (छतरपुर) में 40 डिग्री, दमोह में 39.5 डिग्री, गुना, सतना-शिवपुरी में 38.2 डिग्री और सागर में पारा 40 डिग्री दर्ज किया गया। इसी तरह मंडला-टीकमगढ़ में 39.8 डिग्री, नर्मदापुरम में 40.7 डिग्री, रीवा में 39.4 डिग्री, शाजापुर में 39.3 डिग्री, सिवनी में 38.8 डिग्री, उमरिया में 38.7 डिग्री, मलाजखंड में 38.5 डिग्री, सीधी, धार-खरगोन में 38.4 डिग्री, बैतूल-रतलाम में 38.2 डिग्री, खंडवा में 38.1 डिग्री, नरसिंहपुर-नौगांव में 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**अप्रैल में चलेगी लू**

पहले मार्च के आखिरी में प्रदेश में लू का असर रहने की संभावना थी, लेकिन पश्चिमी विक्षोव के सक्रिय होने से अब अप्रैल में ही लू का असर रह सकता है। मालवा-निमाड़ यानी, इंदौर और उज्जैन संभाग के जिलों में लू का असर रहने की संभावना ज्यादा है। जिनमें रतलाम, उज्जैन, खरगोन, खंडवा, धार आदि शामिल हैं। सामान्यत: दिन का तापमान 40 डिग्री से अधिक या सामान्य से 4.6 डिग्री तक अधिक हो तो लू की स्थिति मानी जाती है।

आमचो बस्तर



# ऐसा जादू है मेरे बस्तर में...

चित्रकोट जलप्रपात जगदलपुर से 37 किमी और रायपुर से 290 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। भारत का नियाग्रा के नाम से ख्यात यह भारत का सबसे चौड़ा जलप्रपात है। बरसात के मौसम में यह 300 मीटर तक फैल जाता है और यहाँ से बहुत सारे झरने बहते हैं।

SCAN QR

चित्रकोट वॉटरफॉल की ख़ूबसूरती और भव्यता का अनुभव करने के लिए स्कैन करें



### धुड़मारास

धुड़मारास गांव बस्तर जिले के कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में स्थित है। संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन द्वारा इसका चयन सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव उन्नयन कार्यक्रम के लिए किया गया है। यहाँ की विशेषता अदभुत आदिवासी जीवनशैली और पारंपरिक व्यंजन है। यह गांव प्राकृतिक सौंदर्य और जैव विविधता से समृद्ध है।



### बस्तर दशहरा

रावण वध की प्राचीन परंपरा से अलग हटकर बस्तर का दशहरा राजवंशीय संस्कृति एवं लोक संस्कृति का अनुपम उदाहरण है। बस्तर दशहरा 75 दिनों तक मनाया जाता है, जिसकी ख्याति देश-विदेश में है। बस्तर दशहरे का इतिहास 500 वर्षों का है।




### कुटुमसर गुफा

यह भारत की सबसे लंबी भूमिगत और दुनिया की दूसरी सबसे लंबी प्राकृतिक गुफा है। यह ज़मीन से 35 मीटर नीचे है और इसकी लंबाई लगभग 1370 मीटर है। स्टैलेक्टाइट और स्टैलेग्माइट की संरचनाएँ इस गुफा को आकर्षक बनाती हैं। कांगेर वैली राष्ट्रीय उद्यान में स्थित इस गुफा के अंदर अंधी मछलियाँ पाई जाती हैं।



### इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान

लगभग 2,799.08 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान छत्तीसगढ़ का प्रसिद्ध वन्यजीव अभयारण्य है। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में स्थित इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान राज्य के चार टाइगर रिज़र्व में से एक है। साथ ही यह लुप्तप्राय जंगली भैंसों का एक महत्वपूर्ण पर्यावास है। इस क्षेत्र को 1981 में राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया और 1983 में इसे टाइगर रिज़र्व का दर्जा मिला।



### रॉक क्लाइम्बिंग

छत्तीसगढ़ पर्वतारोहण पहल राज्य की साहसिक खेलों की संभावनाओं को उजागर करती है, तथा झरनों, गुफाओं और हरियाली के अद्भुत प्राकृतिक परिदृश्य के बीच एक जीवंत पर्वतारोहण समुदाय को बढ़ावा देती है।



### रामाराम

छत्तीसगढ़ का पहला रॉकगार्डन सुकमा जिले के रामाराम में स्थित है। भगवान राम ने वनवास के दौरान यहाँ माता चिटमिट्टिन की पूजा की थी। यहाँ प्राचीन चिटमिट्टिन माता मंदिर के पास ही रॉक गार्डन स्थित है। इस रॉक गार्डन में स्थित गुफा में भगवान राम के जीवन का सचित्र चित्रण किया गया है।



श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

# एलन कोटा में जेईई व नीट के बैच 2 अप्रैल से

## 2 अप्रैल तक एलन शुल्क में 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप का महा अवसर

**कोटा।** एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट कोटा में आईआईटी-जेईई व नीट-यूजी प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए 2 अप्रैल से बैच शुरू हो रहे हैं। बैच की तिथियों की घोषणा होने के साथ ही बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स कोटा आने लगे हैं। इसी उत्साह को देखते हुए स्टूडेंट्स की सुविधा और प्रोत्साहन के लिए एलन करियर इंस्टीट्यूट की ओर से कोटा में 2 अप्रैल तक एडमिशन का महा अवसर शुरू किया गया है। इसके तहत स्टूडेंट्स एलन कोटा में एडमिशन पर 90 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप प्राप्त कर सकते हैं। इस स्कॉलरशिप का लाभ एलन स्कॉलरशिप-एडमिशन टेस्ट (ए-सेट) में शामिल होकर प्राप्त किया जा सकता है। महा अवसर पर के तहत एलन कोटा सेंटर पर 2 अप्रैल तक रोजाना 1 से 3 बजे तक ए-सेट आयोजित किया जा रहा है। परीक्षा में शामिल होने



के लिए बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स कोटा आ रहे हैं। इसके साथ ही नेशनल लेवल पर भी ए-सेट की तिथियां जारी कर दी गई है। 30 मार्च और 6 और 13 अप्रैल को देशभर में एलन के केन्द्रों पर नेशनल एसेट का आयोजन किया जा रहा है, एलन में प्रवेश के इच्छुक स्टूडेंट्स इसमें शामिल हो सकते हैं। ए-सेट के माध्यम से हर स्ट्रीम का स्टूडेंट स्वयं का असेसमेंट कर सकता है। यह पेपर साइंटिफिक, एकेडमिक व साइकोलॉजिकल असेसमेंट के लिए तैयार किया जाता है, जिसमें बेस सब्जेक्ट व आईक्यू के प्रश्न होते हैं। पेपर के सांइटिफिक असेसमेंट के आधार पर स्टूडेंट को एलन द्वारा स्कॉलरशिप ऑफर की जाती है।

### एलन कोटा बैच की डेट्स

एलन कोटा में कक्षा 10 से 11 में जाने वाले स्टूडेंट्स के लिए जेईई-मेन व एडवांस्ड के नर्चर बैच 4 अप्रैल से, कक्षा 11 से 12 में जाने वाले स्टूडेंट्स के लिए एंथुजियास्ट बैच 3 अप्रैल, वहीं 12वीं उत्तीर्ण स्टूडेंट्स के लिए 16 अप्रैल से बैच शुरू हो रहे हैं। जेईई मेन के लिए नर्चर बैच 2 व 16 अप्रैल, एंथुजियास्ट बैच 2 अप्रैल व लीडर बैच 16 अप्रैल से शुरू हो रहे हैं। इसी तरह प्री-मेडिकल नीट-यूजी की तैयारी करने वाले कक्षा 11 से 12 में जाने वाले स्टूडेंट्स के लिए नर्चर बैच 2 व 16 अप्रैल, कक्षा 11 से 12 में जाने वाले स्टूडेंट्स के लिए एंथुजियास्ट बैच 3 व 23 अप्रैल, 12वीं पास स्टूडेंट्स के लिए लीडर बैच 8 अप्रैल तथा अचीवर बैच 10 अप्रैल से शुरू हो रहे हैं।

# ओकरिज विशाखापत्तनम की छात्रा एमआईटी ग्लोबल स्टीम वीक 2025 के लिए चयनित

**विशाखापत्तनम।** ओकरिज इंटरनेशनल स्कूल, विशाखापत्तनम की कक्षा 8 की छात्रा महालक्ष्मी और शैली ने अमेरिका के मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) में 2025 ग्लोबल स्टीम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, कला और गणित) सप्ताह में भाग लेने का प्रतिष्ठित अवसर अर्जित किया है। दोनों छात्राएं इस



नवंबर में एमआईटी में दुनिया भर के नॉर्ड एंग्लिया स्कूलों के 62 अन्य छात्रों के साथ चार सदस्यीय समूह के हिस्से के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। चयन प्रक्रिया में छात्रों को वास्तविक दुनिया की समस्याओं के लिए अभिनव समाधान तैयार करने, अपनी रचनात्मकता, समस्या सुलझाने के कौशल और वैज्ञानिक योग्यता का प्रदर्शन करने की चुनौती दी गई थी। कार्यक्रम के दौरान, वे रोबोट बनाने से लेकर बायो इंजीनियरिंग, कोडिंग तक की गतिविधियों के माध्यम से वैश्विक चुनौतियों से निपटने वाली परियोजनाओं पर सहयोग करेंगे। 'उनकी यह उपलब्धि उनके समर्पण और नवाचार की भावना को दर्शाती है जिसे हम ओकरिज में प्रोत्साहित करते हैं। हम उन्हें वैश्विक मंच पर चमकते हुए देखने के लिए उत्साहित हैं।' एमआईटी-नॉर्ड एंग्लिया स्टीम कार्यक्रम छात्रों को एमआईटी में एक छात्र के रूप में जीवन का अनुभव करने का एक विशेष अवसर प्रदान करता है। उन्हें एमआईटी संकाय के साथ सीधे जुड़ने, एमआईटी की उन्नत प्रयोगशालाओं में इमर्सिव का पता लगाने, व्यवहारिक कार्यशालाओं में भाग लेने और हार्वर्ड विश्वविद्यालय का दौरा करने का मौका मिलेगा।

# गीतम विवि की प्रवेश परीक्षा 2025 कई राज्यों में प्रारंभ

**विशाखापत्तनम।** गीतम डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी ने अपने परिसरों में विभिन्न स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए शुक्रवार को अपना प्रवेश परीक्षा (गेट) 2025 शुरू किया। विश्वविद्यालय देश के 12 राज्यों में फैले 42 केंद्रों पर गेट -2025 आयोजित कर रहा है।

गीतम के कुलपति प्रो. वाई. गौतम राव ने विशाखापत्तनम केंद्र में ऑनलाइन प्रश्न पत्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अभिभावकों को संबोधित करते हुए उन्होंने उद्योग जगत के नेताओं के सहयोग से अपने पाठ्यक्रम को लगातार अद्यतन करने, प्रयोगशालाओं को उन्नत करने और नए कार्यक्रम शुरू करने की विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि गीतम एक मजबूत शोध संस्कृति को बढ़ावा दे रहा है और छात्रों के बीच उद्यमशीलता को प्रोत्साहित कर रहा है। विश्वविद्यालय नई शिक्षा नीति को सक्रिय रप से लागू कर रहा है और छात्रों के समग्र विकास का समर्थन करने के लिए च्वाइस-बेस्ड क्रेडिट सिस्टम को सफलतापूर्वक अपनाया है। गीतम के एडमिशन डायरेक्टर



एम. जगदीश ने गेट-2025 को मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स पर संतोष जताया। उन्होंने बताया कि यूनिवर्सिटी इंजीनियरिंग, फार्मेसी, आर्किटेक्चर, लॉ, ह्यूमैनिटीज, बिजनेस मैनेजमेंट, नर्सिंग, पैरामेडिकल और साइंस प्रोग्राम समेत कई तरह के प्रोग्राम ऑफर करती है। उन्होंने यह भी बताया कि गीतम एडमिशन टेस्ट में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को स्कॉलरशिप भी देती है। इसके अलावा, यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स कोटा स्कॉलरशिप के जरिए खेल प्रतिभाओं को पहचानती है और उनका समर्थन करती है। गीतम एडमिशन टेस्ट का पहला चक्र पूरे देश में 29 मार्च तक चलेगा। नतीजे जल्द ही घोषित किए जाएंगे, उसके बाद एडमिशन काउंसिलिंग की तारीखें तय की जाएंगी।

## स्कोडा ऑटो ने खोला नया असेंबली प्लांट

**मुंबई।** स्कोडा ऑटो और वियतनाम के क्षेत्रीय भागीदार थान्ह कॉन्ग ग्रुप ने वियतनाम के क्वांग निन्ह प्रांत में स्कोडा कुशाक और स्लाविया मॉडलों की असेंबली के लिए एक अत्याधुनिक फैक्ट्री का उद्घाटन किया है। इस नई फैक्ट्री में स्कोडा भारत से कम्प्लीटली नॉक्ड डाउन



(सीकेडी) किट्स आयात कर कुशाक एसयूवी और स्लाविया सेडान की असेंबली करेगी। कुशाक का सीरीज उत्पादन 26 मार्च से शुरू हो चुका है

## एमजी एस्टर अब बन गई 'द ब्लॉकबस्टर एसयूवी'

**गुरुग्राम।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने एमजी एस्टर के एमवाई 2025 एडिशन को 'द ब्लॉकबस्टर एसयूवी' के रूप में पेश करने की घोषणा की है। एमवाई2025 एडिशन के साथ, एस्टर 'ब्लॉकबस्टर एसयूवी' नई तकनीकों को अपनाने



में आगे रहने वाले ग्राहकों के लिए खास तौर पर डिजाइन की गई है। एमजी एस्टर अब अपनी सेगमेंट की इकलौती एसयूवी है।

## बढ़े हुए दामों से ग्राहकों का बजट हो रहा प्रभावित

# ग्राहक खरीदारी से कर रहे परहेज सराफा कारोबारियों की बढ़ी चिंता

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

पिछले कुछ महीनों से सोने-चांदी की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव जारी है। बीते 14 महीनों में सोने की कीमतों में 50 फीसदी से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे न सिर्फ ग्राहक बल्कि ज्वेलरी कारोबारी भी परेशान हैं। बढ़े हुए दामों के कारण ग्राहकों की खरीदारी प्रभावित हो रही है, जिससे बाजारों में भीड़ कम नजर आ रही है। दस नंबर मार्केट स्थित सराफा कारोबारी आनंद सोनी के अनुसार पिछले 60 दिनों में सोने-चांदी की कीमतों में जितनी तेजी आई है, वैसी उन्होंने अपने 30 वर्षों के कॅरियर में नहीं देखी।

**सोना चांदी के बढ़ते दामों से बाजार में सन्नाटा**

जनवरी माह से अभी तक सोने के दाम प्रति दस ग्राम 11700 रुपए तक बढ़ गए है, जबकि चांदी जो 91500 रुपए प्रति किलो थी वह 7500 रुपए बढ़कर अब 1 लाख रुपए प्रति किलो तक पहुंच गई है। इस कारण ग्राहक बड़ी मात्रा में खरीदारी करने से बच रहे हैं। बढ़े हुए दामों के कारण ग्राहकों का बजट प्रभावित हो रहा है। जो लोग पहले 20 ग्राम सोना खरीदने की योजना बना रहे थे, वे अब केवल 10 से 15 ग्राम ही खरीद रहे हैं। कई ग्राहक कीमत सुनकर बिना खरीदी किए लौट रहे हैं, जिससे कारोबारियों की बिक्री पर असर पड़ा है।



### शादी-विवाह के सीजन में असर

शादी-विवाह के सीजन में सोने-चांदी की बढ़ी कीमतों से लोगों की खरीदारी प्रभावित हो रही है। ग्राहक बजट में कटौती कर कम मात्रा में सोना खरीद रहे हैं। सुशील जो अपनी बहन की शादी के लिए सोना खरीदने बाजार पहुंचे ने बताया कि उन्होंने पहले 20 ग्राम सोना खरीदने की योजना बनाई थी, लेकिन बढ़े हुए दामों के कारण अब केवल 12 ग्राम ही खरीद रहे हैं।

### इंवेस्टमेंट डिमांड अभी भी 2012 के रिकॉर्ड हाई से 33 फीसदी नीचे

सोने के लिए 2025 अब तक बेहद शानदार रहा है। ग्लोबल इकॉनमी को लेकर बनी अनिश्चितता और जियो पॉलिटिकल टेंशन ने बतौर सुरक्षित विकल्प इस बेशकीमती धातु को लगातार परवान चढ़ाया है। सोने में तेजी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि ग्लोबल मार्केट में इसने इस साल अब तक 16 कारोबारी दिन रिकॉर्ड हाई बनाया है। मतलब इस साल हर चौथे दिन यह नई ऊंचाई पर पहुंचा है। ब्याज दरों पर अमेरिकी फेडरल रिजर्व के फैसले के बाद सोने ने पिछले गुरुवार को लगातार तीसरे दिन नया ऑल टाइम हाई बनाया।



## महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय पर्यवेक्षक सुमिता मिश्रा बिहार के दौरे पर

**भागलपुर।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय पयर्वेक्षक सुमिता मिश्रा शुक्रवार को बिहार के प्रथम दौरे पर भागलपुर पहुंची। स्टेशन पर जिला महिला कांग्रेस कमेटी ने स्वागत किया। चुनावी मोड पर सुमिता मिश्रा जिला महिला कांग्रेस की आज बैठक लेंगी और आगे की रणनीति बनाएगी और चुनाव में कैसे महिला कांग्रेस की भागेदारी होगी उस पर चर्चा होगी। विदित हो कि श्रीमति मिश्रा मूलतः जबलपुर से है।

# ऋण वाले उपभोक्ताओं में 2 फीसदी की गिरावट

**मुंबई।** भारत की खुदरा ऋण वृद्धि में कमी जारी रही, खास तौर पर न्यू-टू-क्रेडिट 1 उपभोक्ताओं के बीच। यह एनटीसी उपभोक्ताओं द्वारा शुरू किए गए उपभोग-आधारित ऋण उत्पादों के लिए सबसे अधिक स्पष्ट था, जिसमें ऋण उत्पत्ति में 21 फीसदी साल-दर-साल गिरावट देखी गई, जबकि मौजूदा ऋण वाले उपभोक्ताओं के लिए 2 फीसदी की गिरावट देखी गई। उपभोग-आधारित उत्पादों को क्रेडिट कार्ड, व्यक्तिगत ऋण और उपभोक्ता टिकाऊ ऋण के रूप में परिभाषित किया जाता है। उपभोग-आधारित ऋण उत्पादों की उत्पत्ति के लिए ऋणदाताओं के सतर्क दृष्टिकोण ने एनटीसी उधारकर्ताओं को असंगत रूप से प्रभावित किया क्योंकि 40 फीसदी एनटीसी उधारकर्ता औपचारिक ऋण में अपने पहले प्रयास के रूप में उपभोग-आधारित उत्पादों को चुनते हैं। ये रुझान इस क्षेत्र में ऋण आपूर्ति का विस्तार करने के लिए केंद्रित ऋणदाता रणनीतियों की आवश्यकता को उजागर करते हैं ।

## राशिफल

**मेष** — संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** — खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** — कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय

**वृश्चिक** — संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** — आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि

**मीन** — किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

## अखिल भारतीय कृषक परिषद की बैठक मे देश के किसानों ने भरी हुंकार

# किसानों के हितों को ध्यान में रखकर बने कृषि नीति


**उज्जैन।**

महाकाल की नगरी के झालरिया मठ सभागार में भारत कृषक समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजयवीर जाखड़ की अध्यक्षता मे आयोजित अखिल भारतीय कृषक परिषद के 68 वें सम्मेलन मे देश के विभिन्न प्रांतों से प्रमुख किसान प्रतिनिधियों एवं कृषि विशेषज्ञों ने किसानों की समस्याओं पर गहन चर्चा एवं विचार विमर्श कर एक स्वर में सरकार से मांग की अन्नदाता के हितों और उनकी मांगों को ध्यान मे रखकर ही कृषि नीतियों का निर्धारण एवं क्रियांवयन सुनिश्चित किया जाए। न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एम. एस.पी. से नीचे किसान का उत्पाद न बिक पाए, इस हेतु एम एस पी पर खरीद की गारंटी की मांग के इतर अब सरकार ने एम एस पी से अधिक कीमत में खरीद पर व्यापारियों पर कार्यवाही करने का आदेश निकाला है, साथ ही व्यापारियों को उत्पाद बिक्री पर किसान का कर्ज व्यापारियों द्वारा वसूल करने के सरकार के निर्णय को किसान विरोधी बताते हुए कृषक प्रतिनिधियों ने कहा की सरकार की नीतियाँ किसान को गरीब रखने की है। सरकार नही चाहती की गांव व किसान समृद्ध हों। गांव, खेत, किसान के लिए केंद्र एवं प्रांत सरकारों का इस 65 प्रतिशत आबादी के लिए बजट का आबंटन अपर्याप्त है, किसानों के बजट मे प्रति वर्ष कटौती भी चिंता का विषय है, इससे न तो किसान के उत्पाद की समर्थन मूल्य पर पर्याप्त खरीद संभव है और न ही खेती के आदानो, खाद, बीज, बिजली, सिचाई हेतु पानी की, मांग के अनुरूप पूर्ती ही संभव है। खेती की लागत अप्रत्याशित रूप से दिन प्रति दिन बढ़ रही है, इस तथ्य पर सरकार का ध्यान ही नहीं है। कृषि का बजट बढ़ाए बिना किसानों की समृद्धि की कल्पना बेमानी है। समर्थन मूल्य की गणना में फसलों की लागत मूल्य का आंकलन व समावेश भी ए सी चैम्बर में बैठकर अधिकारियों द्वारा तथ्यों व वास्तविकता से कोसों दूर, मन माने ढंग से किये जाने का भी विरोध किया गया। इस अवसर पर जबलपुर जिले के कृषको द्वारा तैयार की गई विभिन्न फसलों की लागत मूल्य गणना, जिसे म. प्र. के लगभग 500 किसानों एवं विशेषज्ञो से वास्तविक लागत का फीडबेक लेकर तैयार किया गया है की प्रकाशित बुकलेट भेंट की गई। सम्मेलन मे किसान पर लगने वाले उत्पाद टेक्स को समाप्त करने, फसल बीमा की खामियों पर प्रकाश डालते हुए इसमे सुधार की मांग की,



मूलधन से ज्यादा ऋण की वसूली न किये जाने, जेविक खेती के लिए नीतियाँ बनाने, किसान के लिए पेंसन योजना लागू करने, किसान की न्यूनतम आय सुनिश्चित करने, किसान आय आयोग के गठन, सब्जियों का भी एम एस पी निर्धारित करने, आयत- निर्यात नीति, आदि विषयो पर चर्चा की गई तथा तादानुसार एक रिपोर्ट/ ड्राफ्ट तैयार किया गया जिसे केंद्र एवं प्रदेश सरकार को सौपा जाकर उस पर विचार करने दवाब बनाने का निर्णय लिया गया। प्रमुख रूप से मध्य प्रदेश से समाज के प्रांताध्यक्ष अरुण यादव (खरगोन), भारत सिंह (भिंड), नरेन्द्र यादव (दतिया), जितेंद्र देसी (जबलपुर), आदि ने प्रमुख रूप से अपने विचार रखे, अपने विचार रखे।कार्यक्रम का संचालन कृषक समाज राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंजी. के के अग्रवाल के किया। सम्मेलन का प्रारम्भ दीप प्रज्वलन व मंचासीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय वीर जाखड़, उपाध्यक्ष अंडू गौडर, के के अग्रवाल, मुरलीधर पाटिल, लोकेन्द्र सिंह कार्यक्रम संयोजक अजय चौरड़िया, प्रांताध्यक्ष अरुण यादव का स्वागत, अभिनन्दन के साथ किया गया। जबलपुर से सम्मेलन मे भाग लेने वाले प्रतिनिधियों मे विशेष रूप से इंजी. के के अग्रवाल, रामगोपाल पटेल, इंजी. व्ही के पंड्या, जितेंद्र देसी, श्रीमती लक्ष्मी पंड्या, मुकेश पटेल, विपेन्द्र राजपूत, अशोक पटेल, रितिक बर्मन, गणेश पटेल, बच्चू पटेल, सम्मलित थे।

## शब्द पहेली - 5819



**बाएँ से दाएँ**
1.आरोपित, तथाकथ्य-5
4.प्रलय, वज्रपात-4
7.परिमाण, माप-2
8.प्लेट,तश्तरी-3
9.भीगा हुआ-2
10.वेश्या, गणिका-4
11.ज्वालामुखी से निकला द्रव पर्दाथ-2
13.अपवित्र (उर्दू-3)
14.दान करने वाला-2
15.आंचल-3
17.पंख-2
19.चाहे जो भी हो -5
22.अनूठापन,विचित्रता-5
25.उम्मीद,आस-2
26.अनाशवान,अक्षय-3
28.सुनील शेट्टी की पहली फिल्म-2
29.बंदर, मर्कट-3
30.सम्मान, आदर-2
32.करामात,करिश्मा-4
34.नवीन,नव-2
36.नसीरुद्दीन और अर्चना पूरणसिंह की फिल्म-3
37.शारीरिक ऊंचाई-2
38.भाग्य,लक-4
39.रावण,दशानन-5

**ऊपर से नीचे**
1.तपस्या-2
2.कॉफी-3
3.तरफदारी करनेवाला-5
4.जन जाति, झुंड-3
5.वोट-2
6.बढ़ई,खाती-4
7.जो मुनासिब न हो-5
10.भाग्य (उर्दू-4)
12.प्रतिज्ञा,वचन-2
16.राजा,राजन-3
17.क्षण-2
18.संपूर्ण,देवी का एक नाम-2
20.रनिवास (उर्दू-3)
21.नुकसान,घाटा-2
22.रजनी, रात्रि-2
23.अनुपम,बेजोड़-4
24.जिसे घर में ही कैद किया गया हो-5
25.आतंक फैलानेवाला-5
26.धरोहर,थाती-4
27.लक्ष्मी-2
31.निगाह,दृष्टि-3
33.बैचेनी,परेशानी,संघर्ष-3
35.लद्दाख में पाया जानेवाला बैल जैसा एक जानवर-2
37.टैक्स, हाथ-2

**शब्द पहेली- 5818 का हल**



## सूडोकु बवाल - 5829

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु बवाल - 5828 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |






# 25 अप्रैल को रिलीज होगी 'ज्वेल थीफ'

**मुंबई।** 'वार' और 'पठान' फेम सिद्धार्थ आनंद जल्द ही अपनी एक नई फिल्म ला रहे हैं। फिल्म का नाम 'ज्वेल थीफः द हीस्ट बिगिन्स' है। फिल्म मार्फ्लिक्स पिक्चर्स के बैनर तले बनी है। फिल्म का निर्देशन रोब्बी ग्रेवाल और कूकी गुलाटी कर रहे हैं। क्राइम फिल्म में सैफ अली खान, जयदीप अहलावत और कुणाल कपूर अहम भूमिका में होंगे। 'ज्वेल थीफः द हीस्ट बिगिन्स' 25 अप्रैल को नेटफिलिक्स पर रिलीज होगी। फिल्म में सैफ अली खान एक शातिर ठग की भूमिका में हैं। सैफ अली खान की जयदीप अहलावत के साथ उलझते हैं। जयदीप अहलावत ने फिल्म में एक माफिया बॉस की भूमिका निभाई है।

## लाइफ Style

# शनाया

## हाथ लगी करण की बड़ी फिल्म



शनाया कपूर अपनी पहली फिल्म की रिलीज से पहले ही कई बड़े प्रोजेक्ट्स से जुड़ चुकी हैं। इस लिस्ट मे करण जौहर की रोमांटिक ड्रामा फिल्म के अलावा मुंजा स्टार अभय वर्मा के साथ भी एक फिल्म शामिल है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

एक खबर के मुताबिक शनाया कपूर 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3' में नजर आएंगी। इस फिल्म में शनाया एक नहीं बल्कि डबल रोल निभाती नजर आएंगी। करण के इस बड़े प्रोजेक्ट के अलावा शनाया 'मुंजा' स्टार अभय वर्मा के साथ भी एक फिल्म में नजर आएंगी। इन फिल्मों से पहले शनाया की फिल्म 'तू या मैं' का टीजर रिलीज हो चुका है, जिसमें वह आदर्श गौरव के साथ नजर आईं। यह एक रोमांचक थ्रिलर फिल्म है, जिसे आनंद एल. राय ने सपोर्ट किया है। प्रशंसकों को यह टीजर बहुत पसंद आया और वह लगातार शनाया की तारीफ कर रहे हैं। इसके अलावा शनाया विक्रांत मैसी के साथ फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' में भी आएंगी।

सोशल मीडिया पर शनाया के फैंस उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। कुछ फैंस का मानना है कि वह सबसे अलग और स्मार्ट तरीके से काम कर रही हैं। तो वहीं कुछ फैंस का कहना है कि वह अपनी कजिन सिस्टर जान्हवी और खुशी से भी आगे निकल सकती हैं। शनाया कपूर बॉलीवुड अभिनेता संजय कपूर की बेटी और महीप कपूर की बेटी हैं। संजय कपूर कई बॉलीवुड फिल्मों में बतौर हीरो अपनी छाप छोड़ चुके हैं। वहीं महीप को आपने सिंगर इला अरुण के प्रसिद्ध गाने 'निगोड़ी कैसी जवानी है' में देखा होगा।

## हॉलीवुड मसाला

# फिर प्रोड्यूसर बने लियोनार्डो



**लॉस एंजिल्स।** ऑस्कर विजेता अभिनेता और निर्माता लियोनार्डो डिकैप्रियो फिल्ममेकर शैनन क्रिंग के साथ एक नया प्रोजेक्ट लेकर आ रहे हैं। दोनों ने आगामी डॉक्यूमेंट्री 'नाइन लिटिल इंडियंस' के लिए हाथ मिलाया है। इसमें अमेरिकन मूल निवासी बच्चों के साथ एक अमेरिकी बोर्डिंग स्कूल में हुई दर्दनाक कहानी को दिखाया जाएगा। लियोनार्डो डिकैप्रियो इसे प्रोड्यूस करेंगे। ये डॉक्यूमेंट्री मौजूदा वक्त में पोस्ट प्रोडक्शन में है। इसकी कहानी चारोबोन्यू या शार बोह नोह बहनों और उनके बचपन के स्कूल के साथियों के बीच लगभग दो दशक लंबी कानूनी लड़ाई पर आधारित है।




# 'एवेंजर्सः डूम्सडे' की कास्ट लिस्ट का ऐलान

**लॉस एंजिल्स।** 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का बेसब्री से इंतजार कर रहे फैंस के लिए खुशखबरी है। फिल्म में डॉक्टर डूम यानी रॉबर्ट डाउनी जूनियर से भिड़ने के लिए एमसीयू ने 26 लोगों की फौज तैयार की है। फिल्म की कास्ट डिटेल की घोषणा हुई है। क्रिस हेम्सवर्थ जहां फिल्म में 'थॉर' के रूप में नजर आएंगे। वहीं, एंथनी मैकी भी 'कैप्टन अमेरिका' बनेंगे। इसी तरह सेबेस्टियन स्टेन के बकी बार्न्स, पॉल रुड के एंट-मैन और टॉम हिडलेस्टन के लोकी जैसे एवेंजर्स की टुकड़ी वापस लौट रही है। इसके साथ 'एवेंजर्स' की टोली में 'एक्स-मेन' फ्रेंचाइज के हीरोज भी शामिल होंगे। वैनेसा किर्बी, जो इस जुलाई के 'फैंटास्टिक फोरः फर्स्ट स्टेप्स' में इनविजिबल वुमन सू स्टॉर्म की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं, वो भी 'एवेंजर्सः डूम्सडे' के लिए तैयार हैं।



# अनन्या 'केसरी 2' में आएंगी नजर

**मुंबई।** अनन्या पांडे 'केसरी 2' में नजर आएंगी। इस फिल्म में अक्षय कुमार और आर. माधवन भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। इसके अलावा अभिनेत्री के पास लक्ष्य के साथ रोमांटिक फिल्म 'चांद मेरा दिल' और 'कॉल मी बे' का दूसरा सीजन भी है। अभिनेत्री अनन्या पांडे फिल्मों के अलावा अपनी पर्सनल जिंदगी को लेकर भी सुर्खियों में रहती हैं। पिछले कुछ समय से वॉकर ब्लैंको के साथ अपने कथित रिलेशनशिप को लेकर चर्चा में हैं। अटकलों के बीच हाल ही में वॉकर ब्लैंको ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की। उनकी पोस्ट पर अनन्या ने तुरंत अपनी प्रतिक्रिया दी। रूमर्ड बॉयफ्रेंड वॉकर ब्लैंको की पोस्ट पर अनन्या खुद को कमेंट करने से नहीं रोक पाईं। अभिनेत्री ने एक प्यारा सा कमेंट करते हुए लिखा, 'मिस्टर वर्ल्ड वाइड।'



# ऋतिक खुद ही डायरेक्ट करेंगे 'कृष 4'

**मुंबई।** अभिनय के क्षेत्र में अपना दमखम दिखाने के बाद अभिनेता ऋतिक रोशन 'कृष 4' से अपना डायरेक्टोरियल डेब्यू करने जा रहे हैं। उनके पिता राकेश रोशन ने घोषणा करते हुए कहा कि फिल्म की कमान वह ऋतिक को सौंप रहे हैं। लंबे समय से फिल्म के निर्देशन को लेकर चर्चा चल रही थी। लगातार यह संशय बना हुआ था कि फिल्म का निर्देशन कौन करेगा? आदित्य चोपड़ा की अगुवाई में यशराज फिल्म्स के बैनर तले इसका निर्माण होगा। राकेश रोशन ने कहा, 'मैं 'कृष 4' के निर्देशन की कमान अपने बेटे ऋतिक रोशन को सौंप रहा हूं, जिन्होंने इस फ्रेंचाइजी को शुरू से ही मेरे साथ जिया, महसूस किया और इसके बारे में सपने देखे हैं। ऋतिक के पास अगले दशकों तक दर्शकों के साथ 'कृष' की यात्रा को आगे बढ़ाने का एक साफ और बहुत ही महत्वाकांक्षी विजन है।

## टीवी मसाला



# टीआरपी में दूसरे नंबर पर है उड़ने की आशा

**नई दिल्ली।** टीवी शोज के एक्टर्स, प्रोड्यूसर्स और दर्शकों को जिस चीज का इंतजार होता है वो घड़ी आ गई है। इस हफ्ते की टीआरपी रिपोर्ट आ गई है 11वें हफ्ते की। हर बार की तरह अनुपमा शो नंबर 1 पर है। हालांकि थोड़े बदलाव भी आए हैं। अनुपमा शो में हाल ही में हमने देखा कि रणदीप राय, मोहित बनकर आते हैं। दूसरे नंबर पर है उड़ने की आशा। पिछले हफ्ते यह शो चौथे नंबर पर था। तीसरे नंबर पर आता है ये रिश्ता क्या कहलाता है। सरोगेसी ड्रामा जो शो में चल रहा है वो दर्शकों को पसंद आ रहा है। चौथे नंबर पर आता है शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा। पिछले हफ्ते यह शो दूसरे नंबर पर था। टप्पू और सोनू की शादी का ट्रैक दर्शकों को बहुत पसंद आया था। इस वजह से ही शो की टीआरपी में बड़ा उछाल आया था। पांचवें नंबर पर है शो एडवोकेट अंजली अवस्थी। इस शो को शुरू से काफी पसंद किया जाता है। इसके बाद छठे नंबर पर है मंगल लक्ष्मी- लक्ष्मी का सफर, सातवें पर जादू तेरी नजर, आठवें नंबर पर है शो झनक। वहीं नौवें नंबर पर मंगल लक्ष्मी और 10वें नंबर पर है शिव शक्ति तब त्याग तांडव।

## सामने आएंगे मोहित के खतरनाक मंसूबे प्रेम का होगा बुरा हाल, डर जाएगी राही


**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'अनुपमा' में मोहित धीरे-धीरे अपना हक जमाने की कोशिश करेगा। वह कोठारी हाउस के अंदर घुसने के बाद अब कोठारी के बिजनेस में भी घुसने की कोशिश करेगा। मोहित, गौतम को



मक्खन लगाएगा। वह कहेगा, 'मैं पराग सर का बहुत बड़ा फैन हूं। मैं पराग सर के साथ काम करके उनसे कुछ सीखना चाहता हूं। सर प्लीज मुझे उनके ऑफिस में जॉब दिलवा दें।' गौतम, मोहित की बातों में नहीं आएगा। दो दिन बाद मोहित नई चाल चलेगा। वह सामान पैक करके कोठारी हाउस छोड़ने का नाटक करेगा। जब मोहित, कोठारी हाउस से जाने वाला होगा तभी पराग के फोन पर कॉल आएगा। उसे पता चलेगा कि उसके अकाउंटेंट का एक्सीडेंट हो गया है। मोहित मौके पर चौका मारेगा। वह पराग से अकाउंटेंट की जॉब मांगेगा। पराग मान जाएगा। इस तरह मोहित, कोठारी हाउस के बाद कोठारी के बिजनेस में भी अपने पैर जमा लेगा। प्रेम को झटकाइसके तुरंत बाद बादशाह के चिल्लाने की आवाज आएगी।

# भारी-भरकम स्टारकास्ट के बावजूद बॉक्स ऑफिस पर 'औंधे मुंह' गिरी थी यह फिल्म

**नई दिल्ली।** राजस्थान में दो राजपूत परिवारों के बीच प्रतिद्वंद्विता पर आधारित 32 साल पुरानी इस फिल्म में कई स्टार कलाकार नजर आए थे। शाही थीम, अभिनय और दमदार डायलॉग वाली यह फिल्म एक सफल फिल्म हो सकती थी। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर असफल रही। हम बात कर रहे हैं 1993 में रिलीज़ हुई क्षत्रिय की, जिसका निर्देशन और सह-लेखन जे.पी. दत्ता ने किया था। इसमें सुनील दत्त, विनोद खन्ना, धर्मेंद्र, संजय दत्त और सनी देओल जैसे बड़े स्टार थे। वहीं, राखी, मीनाक्षी शेषाद्री, दिव्या भारती, सुमालता और रवीना टंडन भी अहम रोल में थीं।



### काफ़ी पसंद किए गए फिल्म के गाने

फ़िल्म ने दर्शकों के बीच लोकप्रियता हासिल की और इसके गाने भी काफ़ी पसंद किए गए। हैलो हैलो, मैं खीची चली आई, दिल ना किसी का जाए, छम छम बरसो पानी और तूने किया था वादा जैसे गाने दर्शकों के पसंदीदा बन गए।

### संजय दत्त की कानूनी परेशानी से रिलीज हुई प्रभावित

क्षत्रिय ने बॉक्स ऑफ़िस पर संघर्ष किया और मुश्किल से अपना बजट वसूल कर पाई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फ़िल्म की असफलता का मुख्य कारण उस समय संजय दत्त की कानूनी परेशानियां थीं, जिसने इसकी रिलीज़ को प्रभावित किया और इसके प्रदर्शन को प्रभावित किया। क्षत्रिय 26 मार्च, 1993 को सिनेमाघरों में आई, लेकिन कुछ खास नहीं कर पाई। क्षत्रिय 5 करोड़ रुपए के बजट में बनी थी। इसकी शुरुआत अच्छी रही। पहले दिन इसने 45 लाख रुपए और पहले हफ़्ते में लगभग 2.8 करोड़ रुपए कमाए। हालांकि, रिलीज़ के सिर्फ़ तीन हफ़्ते बाद, 1993 के बॉम्बे बम विस्फोट मामले में संजय दत्त की संलिप्तता के कारण फ़िल्म की स्क्रीनिंग रोक दी गई।

# करिश्मा कपूर से लेकर लिएंडर पेस तक ने फैशन वीक में बिखेरा जलवा

नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर, नुसर भरुचा समेत कई सेलेब्स ने एक फैशन शो में रैंप वॉक किया। सितारे डिजाइनर्स के लिए रैंप पर उतरे और उनके डिजाइन किए हुए ड्रेस को सभी के सामने पेश किया। उनकी चमक और आकर्षण ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा।



### करिश्मा कपूर

बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री करिश्मा कपूर ने गुरुवार को लैक्मे फैशन वीक में डिजाइनर सत्या पॉल के लिए रैंप वॉक किया।। अभिनेत्री ने मोनोक्रोम बेल्टेड साड़ी में सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर शो की तस्वीरें भी शेयर की।

### नुसरत भरुचा


फैशन वीक में अभिनेत्री नुसरत भरुचा ने भी अपने जलवे बिखेरे। अभिनेत्री ने कई डिजाइनर्स के डिजाइन की हुई ड्रेस में रैंप वॉक किया।





### लिएंडर पेस

पूर्व भारतीय टेनिस प्लेयर लिएंडर पेस ने भी फैशन वीक में रैंप वॉक किया। वह अभिषेक रॉय की डिजाइन की हुई ड्रेस में नजर आए। गुरुवार को एएनआई से बात करते हुए लिएंडर ने डिजाइनर अभिषेक के फैशन कौशल की सराहना की। उन्होंने कहा, "वह सिर्फ भारत, पश्चिम बंगाल और कोलकाता को ही नहीं दिखा रहे हैं।



### प्रोसेनजीत चटर्जी


अभिनेता प्रोसेनजीत चटर्जी ने भी फैशन वीक पर अपना जलवा बिखेरा। 'खाकीः द बंगाल चैप्टर' स्टार ने काले बंगाली कोचानो धोती में रैंप पर वॉक किया। उनका आकर्षक पहनावें ने सभी को प्रभावित किया। बंगाली सिनेमा में अपने प्रभावशाली अभिनय के लिए मशहूर अभिनेता, फैशन डिजाइनर रॉय अभिषेक के लिए यह वॉक की। अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर अपने रैंप वॉक की तस्वीर शेयर की।

# आर्थिक स्थिति खराब हुई तो शशि कपूर बेचने लगे घर का सामान

बॉलीवुड के मशहूर एक्टर शशि कपूर के पास एक आकर्षक व्यक्तित्व के साथ एक प्यारी मुस्कान थी। जिसकी बदौलत वह लाखों दिलों पर राज करते थे। शशि कपूर ने 1961 में धर्मपुत्र फिल्म से बतौर अभिनेता अपने करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने शर्मीली, जब जब फूल खिले, दिल ने पुकारा, हसीना मान जाएगी, कन्यादान, प्यार का मौसम और बॉम्बे टॉकी जैसी कई फिल्मों में काम किया।

## कोई एक्ट्रेस नहीं करना चाहती थी साथ काम, तब नंदा ने संवारा कॅरियर

**नई दिल्ली।** शशि कपूर की पर्सनल लाइफ की बात करें तो वह पृथ्वी थिएटर ग्रुप की को-मेंबर जेनिफर केंडल के प्यार में पागल थे। शशि ने केंडल से शादी की. दोनों ने साथ में अच्छा बूरा समय देखा। शादी के तुरंत बाद ही इस कपल को गंभीर वित्तीय समस्याओं का सामना करना पड़ा, क्योंकि उनके पास पैसे और काम की कमी थी। एक इंटरव्यू में शशि कपूर के बेटे कुणाल कपूर ने इस बारे में बात की थी।



### क्रॉसओवर फिल्में करने वाले अभिनेताओं में से थे एक

इंटरव्यू में आगे कुणाल ने खुलासा किया था कि उनके पिता शशि को निर्देशन में कोई दिलचस्पी नहीं थी और उन्होंने कहा कि एक अभिनेता के रूप में वे अपने काम में बहुत अच्छे थे। शशि कपूर की कुछ हिट फ़िल्में आज भी क्लासिक मानी जाती हैं। मुझे नहीं लगता कि उन्हें निर्देशन में कोई दिलचस्पी थी। वह एक अभिनेता थे। वह फिल्म निर्माण करने वाले व्यवसायी नहीं थे। उन्होंने बेहतरीन फिल्में बनाईं, क्योंकि उन्होंने अपने कलाकारों और क्रू को वह सब दिया जो वे चाहते थे। मेरे पिता क्रॉसओवर फिल्में करने वाले शुरुआती अभिनेताओं में से एक थे।

### सिर्फ़ एक फ़िल्म की थी निर्देशित

एक इंटरव्यू में शशि कपूर के बेटे कुणाल कपूर ने खुलासा किया कि जब उनके पिता ने हिंदी फिल्मों में अपना कॅरियर शुरू किया था, तो उन्हें अपनी फिल्म के लिए हीरोइन खोजने में समस्याओं का सामना करना पड़ा था। कुणाल ने बताया कि उनके पिता ने सिर्फ़ एक फ़िल्म निर्देशित की थी। जब मेरे पिता को धर्मपुत्र में लीड एक्टर के रूप में लॉन्च किया गया था, तो कोई भी अभिनेत्री किसी नए अभिनेता के साथ काम नहीं करना चाहती थी। नंदा एकमात्र अभिनेत्री थीं जो उस समय स्टार होने के बावजूद उनके साथ काम करने के लिए सहमत हुईं। मेरे पिता ने सिर्फ़ एक फ़िल्म, अजूबा का निर्देशन किया था. फ़िल्म के सेट पर एक बड़ी पार्टी थी। सभी ने खूब मौज-मस्ती की।

### शर्मीली के बाद बेहतर हो गई थी स्थिति

बता दें कि शशि कपूर के पास 60 के दशक के अंत तक काम या पैसा नहीं था और उन्होंने वित्तीय संकट का सामना किया। बातचीत में कुणाल ने कहा था कि उनके पिता को अपनी स्पोर्ट्स कार बेचनी पड़ी थी। शशि की पत्नी और कुणाल की मां जेनिफर केंडल ने भी इसी वजह से चीजें बेचना शुरू कर दिया था। उन्होंने कहा कि 1971 की फिल्म शर्मीली के बाद उनकी स्थिति बेहतर हो गई थी। हालांकि, बाद में शशि कपूर भावनात्मक और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जुझते हुए दुनिया से चले गए। 26 साल के सुखद वैवाहिक जीवन के बाद उनकी पत्नी जेनिफर केंडल का निधन हो गया। जेनिफर की मौत ने उनका दिल तोड़कर रख दिया था। शशि कपूर ने ज़्यादा शराब पीना शुरू कर दिया था और जीने की इच्छा खत्म होता गई। जहां जेनिफर की मृत्यु 7 सितंबर, 1984 को कैंसर के कारण हुई थी, वहीं भावनात्मक रूप से टूट चुके शशि ने 5 दिसंबर, 2017 को अंतिम सांस ली थी।

5वीं में 92.70 प्रतिशत और 8वीं में 90.02 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण

# 5वीं और 8वीं बोर्ड में लड़कियों ने मारी बाजी

हरिभूमि, जबलपुर।

प्रदेश में इस वर्ष कक्षा 5वीं का परीक्षा परिणाम 92.70 प्रतिशत रहा, जो पिछले वर्ष के 90.97 प्रतिशत से बेहतर है। इसी तरह, कक्षा 8वीं का परीक्षा परिणाम 90.02 प्रतिशत रहा, जो पिछले वर्ष के 87.71 प्रतिशत की तुलना में अधिक है। कक्षा 5वीं में बालिकाओं के पास होने का प्रतिशत 94.12 प्रतिशत और बालकों का 91.38 प्रतिशत रहा। वहीं, कक्षा 8वीं में बालिकाओं का पास होने का प्रतिशत 91.72 प्रतिशत और बालकों का 88.41 प्रतिशत रहा।

राज्य शिक्षा केन्द्र ने इस वर्ष संपूर्ण परीक्षा आयोजन सुचारू रूप से संचालित करने के लिए कड़ी मेहनत और तकनीक समर्थित रणनीति तैयार की थी। जिसके तहत प्रत्येक जिले के लिए पृथक-पृथक प्रश्न पत्रों के सेट तैयार किए गए थे। स्टूडेंट्स की सुविधा अनुसार 12623 सर्व सुविधायुक्त विद्यालयों में परीक्षा केन्द्रों का निर्माण किया गया। बोर्ड पैटर्न पर उत्तर पुस्तिकाएं एक विकासखंड से दूसरे विकासखंड पर तथा जिला मुख्यालय की उत्तर पुस्तिकाएं जिले के डाइट केन्द्र पर मूल्यांकन हेतु भेजी गई थी। जिनके मूल्यांकन उपरांत 322 मूल्यांकन केन्द्रों से मोबाइल एप पर ऑन स्पॉट अंकों की प्रविष्टियां के बाद परीक्षा परिणाम तैयार हुआ है। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र ने समयबद्धता के साथ एक पारदर्शी, लीक प्रूफ और सफल परीक्षा व्यवस्था के लिए विभाग के शिक्षकों और अन्य सहयोगियों का आभार व्यक्त किया है।



मध्यप्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड पैटर्न परीक्षाओं के परिणाम शुक्रवार दोपहर 1 बजे जारी कर दिए गए। राज्य शिक्षा केंद्र संचालक हरजिंदर सिंह ने परीक्षा पोर्टल पर रिजल्ट बटन दबाकर परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए।

## 23 लाख विद्यार्थियों ने दी है परीक्षा

उल्लेखनीय है कि, इस वर्ष इन परीक्षाओं में प्रदेश के 1 लाख 12,323 शासकीय और निजी विद्यालयों तथा मदरसों के लगभग 23 लाख विद्यार्थी इन परीक्षाओं में सम्मिलित हुए थे। जिनमें से 95417 स्कूल ग्रामीण तथा 16906 स्कूल शहरी क्षेत्रों के हैं। इनमें 86553 शासकीय, 25101 निजी स्कूल एवं 669 मदरसे शामिल हैं। कक्षा 5वीं के कुल 11,17961 स्टूडेंट्स में से 8,24598 ग्रामीण और 2,93363 विद्यार्थी शहरी क्षेत्रों के हैं। वहीं कक्षा 8वीं के कुल 11,68866 स्टूडेंट्स में से 8, 35733 ग्रामीण और 3,33133 स्टूडेंट शहरी क्षेत्रों के हैं। दोनों कक्षा की परीक्षा 24 फरवरी से 5 मार्च के बीच हुआ था। जिनमें प्रदेश के प्राइवेट और सरकारी स्कूल, पंजीकृत मदरसों के कक्षा 5वीं में 11 लाख 17 हजार से अधिक और कक्षा 8वीं के 11 लाख 68 हजार से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए थे। कुल 22 लाख 85 हजार से अधिक विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए कुल 322 केंद्र बनाए गए थे। जहां 1 लाख 19 हजार से अधिक मूल्यांकनकर्ताओं ने अंकों की ऑनलाइन प्रविष्टि पोर्टल पर दर्ज की।



संभाग के सभी जिलों के कृषक, एफपीओ होंगे शामिल

# संभागीय मिलेट्स फैस्टीवल सह कृषि मेला आज से

## श्री अन्न से बने व्यंजनों एवं आधुनिक कृषि यंत्रों का होगा प्रदर्शन

हरिभूमि जबलपुर।

शासन की कृषि संबंधी योजनाओं के प्रचार प्रसार व नवीनतम कृषि तकनीक के प्रति जागरूकता के लिये किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा 29 एवं 30 मार्च को जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर में दो दिवसीय 'संभागीय मिलेट्स फैस्टीवल सह कृषि मेला' का आयोजन किया जा रहा है। संयुक्त संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग ने बताया कि मेले में 150 से अधिक स्टाल लगाए जायेंगे। जिसमें पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, वन विभाग, दुग्ध संघ, मंडी बोर्ड, बीज निगम, एपीईडीए, ऊर्जा विकास निगम, उर्वरक, बीज, कीटनाशक, एसएचजी एवं एफपीओ आदि विभाग भी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि लघु धान्य फसलों को आमजनों की थाली तक पहुंचाने के लिए मेले में फ्रूड कोर्ट भी लगाया जाएगा, जहां आगंतुक मिलेट से सम्बंधित स्वादिष्ट व्यंजनों का लुफ्त उठा सकेंगे।

उन्होंने मेले के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसका उद्देश्य महिलाओं को अधिक से अधिक जागरूक करना है। क्योंकि महिलाएं यदि जागरूक होंगी तो वे अपने परिवार को स्वस्थ रखने के लिए भोजन में मिलेट्स खाद्यान्न का अधिक से अधिक उपयोग करेंगी, जिससे परिवार के सदस्य मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। इसके साथ ही मेले के माध्यम से युवाओं को फ्रूड प्रोसेसिंग की तकनीक प्राप्त होगी, जिससे वे अपना स्वरोजगार प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि मेले में वैज्ञानिक परिचर्चा सत्र में देश के अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के मिलेट्स अनुसंधान संस्थानों से लघु धान्य फसलों के विशेषज्ञ कृषकों से रूबरू होंगे। जिससे कृषक अपनी समस्याओं एवं जिज्ञासाओं का समाधान कर सकेंगे। मेले में प्रगतिशील कृषकों को सम्मानित भी किया जाएगा।







दिल्ली निवासी आरोपी सहित जबलपुर के 2 जालसाज गिरफ्तार

# दिल्ली से चल रहा बैंक खातों का फर्जीवाड़ा

**जबलपुर।** जबलपुर जीआरपी पुलिस ने फर्जी खाते खुलवाकर ऑन लाइन गेम व आईपीएल सट्टे के लिए लाखों रुपए के लेनदेन करने वाले तीन सदस्यीय गिरोह को गिरफ्तार किया है. इनमें से एक आरोपी दिल्ली का बताया गया है जबकि दो जबलपुर के है। गिरोह के इन बदमाशों ने जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर सहित अन्य जिलों के लोगों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर फर्जी खाता खुलवाये और फिर मूल खाते की पास बुक, एटीएम व यूपीआई लेकर नदारद हो गए। पुलिस ने अब तक ऐसे फर्जी 50 बैंक एकाउंटों का पता लगाया है।

जीआरपी प्रभारी बलराम यादव ने बताया कि फरियादी संजय चौधरी ने पुलिस को शिकायत दी थी कि गोटेगांव निवासी शुभम पटेल ने उसे सरकारी योजना के तहत 10 हजार मिलने का लालच देकर बैंक खाता खुलवाने के लिए आधार कार्ड, पैन कार्ड और सिम कार्ड ले लिए थे। बाद में पता चला कि उसके खाते में पैसे जमा किए जा रहे हैं और निकाले भी जा रहे हैं। इसी तरह, कई अन्य लोगों के भी खाते खुलवाकर उनके एटीएम और सिम कार्ड दिल्ली भेजे जा रहे थे।

मामले की जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि यह एक संगठित साइबर अपराध गिरोह का काम है। इस गिरोह का सरगना संजीव अरोरा उर्फ सनी अरोरा निवासी तिलक नगर, नई दिल्ली को 23 मार्च को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। उसके बाद जबलपुर में गिरोह के अन्य दो प्रमुख सदस्य ऋषि कपूर निवासी बेदी नगर, जबलपुर और लखन सिंह ठाकुर निवासी लालमाटी, जबलपुर को 27 मार्च गुरुवार को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपियों के पास से ठगी में इस्तेमाल किए गए मोबाइल फोन, सिम कार्ड, एटीएम कार्ड और नगदी बरामद की गई है। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है और मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## धान घोटाले के आरोपित को जमानत नहीं

**जबलपुर** । जिला अदालत ने बहुर्चित धान घोटाले के आरोपित हरदुली, बरगी, जबलपुर निवासी नीरज शिवहरे को जमानत देने से इनकार कर दिया। अपर सत्र न्यायाधीश संजोग सिंह वाघेला की अदालत ने आरोपित की जमानत अर्जी निरस्त कर दी। राज्य शासन की ओर से अपर लोक अभियोजक अरविंद जैन ने पक्ष रखा। उन्होंने कोर्ट को बताया कि आरोपित ने धान खरीदी में घोटाला किया है, जो गंभीर श्रेणी में आता है। इस तरह के आरोपित को जमानत का लाभ नहीं दिया जाना चाहिए। इससे समाज में गलत संदेश जाएगा। सीमा बोरसिया, सहायक आपूर्ति अधिकारी, खाद्य शाखा, कलेक्ट्रेट ने बरगी थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया था कि मप्र शासन, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत चावल वितरण के लिए किसानों से धान का उपार्जन किया जाता है। इसी प्रक्रिया में आरोपित ने दलाल प्रथा को संबल प्रदान करने का अपराध किया है।

आरईसी ने अदानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड को सौंपा ट्रांसमिशन

# विद्युत पारेषण के लिये प्रदेश में बनेंगे दो 400 किलोवॉट के दो सबस्टेशन

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश को आगामी दो से तीन वर्षों में दो चरणों में 1230 मेगावॉट विद्युत की अतिरिक्त उपलब्धता रहेगी, इस हेतु बिजली कंपनी के मुख्यालय जबलपुर में आर.ई.सी. ने अदानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड को ट्रांसमिशन एस.पी.व्ही. सौंपा। इस परियोजना के तहत मेसर्स महान एनर्जेन लिमिटेड के बंधौरा (सिंगरौली) पावर जनरेटिंग प्लांट से मध्यप्रदेश के हिस्से की 1230 मेगावॉट विद्युत निकासी के लिये ट्रांसमिशन नेटवर्क तैयार किया जाना है।



## पारेषण अद्योसंरचना होगी विस्तारित

एम.पी. ट्रांसको के मुख्य अभियंता देवाशीष चक्रवर्ती ने बताया कि मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी ने 1230 मेगावॉट विद्युत प्रदाय हेतु मेसर्स महान एनर्जेन लिमिटेड से पॉवर परचेस अनुबंध किया था, उक्त हेतु मेसर्स महान एनर्जेन लिमिटेड द्वारा 2X800 मेगावॉट क्षमता के पावर जनरेटिंग प्लांट की स्थापना प्रस्तावित है। उक्त पावर प्लांट से मध्यप्रदेश के हिस्से की 1230 मेगावॉट विद्युत निकासी हेतु नियामक आयोग के विनियमानुसार टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धा बोली प्रक्रिया के अंतर्गत पारेषण अद्योसंरचना के विस्तार हेतु मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी द्वारा मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी/एस.टी.यू. से अनुरोध किया गया था, जिसके तहत शासन ने निविदा प्रक्रिया समन्वयक (बी.पी.सी.) के लिये आर.ई.सी.पी.डी.सी.एल. (आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसलटेंसी लिमिटेड) को नियुक्त किया। टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धा बोली (टी.बी.सी.बी) में मेसर्स अदानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड ने 2 हजार करोड़ रूपये की इस परियोजना को अन्य बिडर्स के मध्य न्यूनतम दर के आधार पर हासिल करने में सफलता प्राप्त की।

## पारेषण सेवा अनुबंध हस्ताक्षरित

श्री चक्रवर्ती ने जानकारी दी कि तमाम वैधानिक औपचारिकताओं को पूर्ण करने के बाद मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी एवं मेसर्स अदानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड के मध्य पारेषण सेवा अनुबंध (ट्रांसमिशन सर्विस एग्रीमेंट) हस्ताक्षरित हुये, जिसके तहत टी.बी.सी.बी. में 400 के.व्ही., 220 के.व्ही. एवं 132 के.व्ही. की विभिन्न ट्रांसमिशन लाइनों सहित दो 400 के.व्ही. के सबस्टेशन रीवा (सगरा) एवं अमरपाटन में स्थापित किये जाने है।

# इंजीनियर-इन-चीफ आदेश का पालन करें या अवमानना कार्रवाई के लिए तैयार रहें

हाई कोर्ट ने पूर्व अंतरिम आदेश की अवहेलना पर बरती सख्ती



**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देश दिए हैं कि पूर्व अंतरिम आदेश के अंतर्गत याचिकाकर्ता को खंड डिंडौरी में कार्य करने और अनावेदक राकेश कुमार को हटाने का आदेश जारी करें। जस्टिस संजय द्विवेदी की सिंगल बेंच ने कहा कि ऐसा नहीं करने पर विभाग के इंजीनियर-इन-चीफ के विरुद्ध अवमानना की कार्रवाई की जाएगी।

जबलपुर निवासी सुरेन्द्र बहादुर की ओर से याचिका दायर कर दलील दी गई कि याचिकाकर्ता को डिंडौरी में मूल पदस्थापना होते हुए भी जबलपुर भेज दिया। एक बर्खास्त कर्मी राकेश कुमार सौंधिया को उपकृत करने पीएचई खंड डिंडौरी में पदस्थ किया गया था। वर्ष 2016 में उसे सेवामुक्ति दे दी गई थी, लेकिन बाद में उसे हाई कोर्ट से स्थगन मिल गया। शासन की नीति के विरुद्ध राकेश कुमार 2018 से लगातार 2025 तक पदस्थ रहा। शासन ने 31 जनवरी को राकेश को उपखंड डिंडौरी में भेज दिया था। राकेश ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की, जो कि निरस्त हो गई। इसके दो माह बाद सुरेन्द्र को चार्ज मिल गया, लेकिन 10 मार्च को पुनः राकेश को पदस्थ कर दिया। लिहाजा, सुरेन्द्र ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की। हाई कोर्ट ने 18 मार्च को शासन के 10 मार्च के आदेश पर रोक लगा दी थी। अब कोर्ट ने विभाग को पूर्व आदेश का पालन करने निर्देश दिया है।

हाईकोर्ट ने जारी किया आदेश

# 316 न्यायिक अधिकारी स्थानांतरित

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट केसुरेश कुमार कैत के निर्देश पर प्रदेश के विभिन्न जिला सत्र न्यायालयों में पदस्थ 316 न्यायाधीशों को स्थानांतरित कर दिया गया है। इस संबंध में रजिस्ट्रार जनरल धरमिंदर सिंह द्वारा आदेश जारी किए गए।

आदेश के अनुसार हाईकोर्ट में ओएसडी के पद पर पदस्थ मुकेश रावत को रजिस्ट्रार (जिला स्थापना), विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, उच्च न्यायालय का दायित्व दिया गया है। प्रदेश के विभिन्न जिला न्यायालयों में पदस्थ 46 सिविल न्यायाधीश, जूनियर डिवीजन एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट का स्थानांतरण आदेश जारी किया गया है। विभिन्न जिला न्यायालयों में पदस्थ 159 सिविल न्यायाधीश, जूनियर डिवीजन को पदोन्नति प्रदान कर सिविल न्यायाधीश, सीनियर डिवीजन के रूप में पदस्थ किया गया है। उन्हें वेतनमान वृद्धि का लाभ भी प्रदान किया गया है। इसके अलावा 109 सिविल न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट का स्थानांतरण किया गया है। इसके अलावा प्रियंक दुबे प्रथम सिविल जज सीनियर डिवीजन मेहगांव भिंड को प्रथम सिविल जज, सीनियर डिवीजन, न्यायिक मजिस्ट्रेट, टीकमगढ़ का दायित्व सौंपा गया है।



# 1 लाख के 5 किलो गांजा सहित 2 आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अतंर्गत ग्रीन सिटी माढ़ोताल पुल के पास मादक पदार्थ गांजा के कारोबार में लिप्त दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 5 किलो ग्राम गांजा जब्त किया है, जिसकी कीमत लगभग 1 लाख रुपए बताई गई है। माढ़ोताल थाना प्रभारी नीलेश दोहरे ने बताया कि गत रात पैट्रालिंग दौरान ग्रीन सिटी माढ़ोताल पुल के पास गांजा बेचने की फिराक में बैठे एससी आई कालोनी केरला भवन कटंगा गोरखपुर निवासी 22 वर्षीय सिमरदीप सिंह और शास्त्रीनगर तिलवारा निवासी 37 वर्षीय सोनू ठाकुर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 5 किलो ग्राम गांजा जब्त किया है। जब्त किए गए गांजे की कीमत लगभग 1 लाख रुपए बताई गई है। गांजा के संबंध में पूछताछ करने पर दंगल मैदान बेलबाग निवासी शुभम सोनकर से गांजा खरीदने तथा मानसरोवर कालोनी जिला माधवनगर निवासी करन बिहारी को गांजा बेचने हेतु लेकर जाने की बात स्वीकार की। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 8/20, 27, 28 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है। आरोपी शुभम सोनकर एवं करन बिहारी फरार है।

तापमान औसत से 3 डिग्री ऊपर चढ़ा

# तीखी होने लगी धूप, गर्मी के मिजाज उग्र

**जबलपुर।** गर्मी अपना असर दिखाने लगी है। तापमान भले ही बहुत ऊपर न चढ़ा हो, पर धूप की तपन और पश्चिम दिशा से आ रही गर्म हवाएं अभी से भीषण गर्मी का अहसास कराने लगी हैं। हवा में नमी कम हो जाने से मौसम के मिजाज तीखे होते जा रहे हैं। दिन में चटख धूप से सड़कें सूनी होने लगी हैं। पूर्वान्ह 11 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक सूर्यदेव पूरी प्रखरता से प्रकट रहते हैं। शाम 5 बजे के बाद धूप की तपन में कुछ कमी आती है, लेकिन गर्माहट बनी रहती है। तापमान में बढ़त का दौर शुरू हो चुका है। दिन का तापमान औसत से 3 डिग्री पार कर गया तो रात का तापमान भी औसत की दहलीज पर आ गया है। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक पिछले 24 घंटो के दौरान पारा 38.03 डिग्री पर पहुंच गया, जो समान्य से 3 डिग्री अधिक रहा। इसी प्रकार न्यूनतम तापमान 19.05 डिग्री सेल्सियस सामान्य दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातः काल 37 प्रतिशत और सांय काल 22तिशत आंकी गयी। सूर्य उदय सुबह 6 बजकर 05 मिनिट पर और सूर्यास्त शाम 6 बजकर 24 मिनिट पर हुआ। पूर्वी पश्चिमी हवाएं 5 कि.मी. प्रतिघंटे के रफ्तार से चली प्रदेश में सबसे अधिक 41.4 डिग्री तापमान खजुराहो में दर्ज किया गया और सबसे कम 15.4 डिग्री सीधी जिले में दर्ज किया गया। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहने की सम्भावना है। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 40.0 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21.08 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।



हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

## पाक्सो एक्ट को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार न करने पर जवाब दो

# हाईकोर्ट का केंद्र सरकार को निर्देश : दो सप्ताह में जवाब नहीं आया तो लगेगा 10 हजार का जुर्माना

### अधिनियम लागू होने के 12 वर्ष बाद भी सार्वजनिक जागृति न फैलाने को चुनौती का मामला

जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने पॉक्सो एक्ट को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार न करने पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने केंद्र सरकार को इसके लिए दो सप्ताह का समय दिया ।कोर्ट ने चेतावनी दी है कि नियत अवधि में जवाब नहीं आया तो 10 हजार रुपये का जुर्माना लगा देंगे। मामले की अगली सुनवाई 13 मई को होगी।

जबलपुर निवासी अधिवक्ता अमिताभ गुप्ता ने अपना पक्ष स्वयं रखा। उन्होंने कोर्ट को बताया कि यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण के लिए पॉक्सो एक्ट लागू किया गया था। किंतु 12 वर्ष बाद भी इसका सार्वजनिक रूप से समुचित प्रचार-प्रसार नहीं किया गया है। दरअसल, यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम-2012 की धारा-43 में निहित वैधानिक प्रावधानों का परिपालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। पाक्सो



अधिनियम के उद्देश्य को देखते हुए विधायिका ने अपने विवेक से पाक्सो अधिनियम के प्रविधानों के बारे में सार्वजनिक जागरूकता के लिए राज्य की जिम्मेदारी सुनिश्चित की थी। अधिनियम के प्रविधानों के लागू होने के बाद से केंद्र और राज्य सरकारों ने अधिनियम के प्रावधानों, विशेष रूप से कड़ी सजा के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए कोई उल्लेखनीय पहल की है। अधिनियम में निहित कानूनी अनिवार्यताओं के बारे में उनकी अज्ञानता के कारण अधिनियम के कठोर दंडात्मक प्रावधान के दायरे में आकर युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है।

## दहेज के लिए पत्नी को आत्महत्या पर विवश करने वाले को सात वर्ष की सजा

**जबलपुर।** जिला अदालत ने दहेज के लिए पत्नी को आत्महत्या करने के लिए उकसाने ज आरोपित बूढ़ीकोनी, पाटन, जबलपुर निवासी अर्जुन बर्मन का दोष सिद्ध पाया। प्रधान सत्र न्यायाधीश आलोक अवस्थी की अदालत ने आरोपित को सात वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुना दी। साथ ही 300 रुपये जुर्माना भी लगाया। अभियोजन की ओर से प्रभारी लोक अभियोजक अनिल तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने कोर्ट को बताया कि आरोपित पर पत्नी सपना बर्मन को दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप है। इसी वजह से सपना ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। इस तरह यह मामला दहेज हत्या का है। विवाद से सात वर्ष के भीतर यह घटना हुई। लिहाजा, आरोपित को सजा सुनाई जानी चाहिए। अदालत ने तर्क से सहमत होकर दोष सिद्ध पाते हुए सजा सुना दी।

## व्हीएफजे में विशेष हिंदी कार्यशाला आयोजित

**जबलपुर।** व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर में सभी ग्रुप 'ए' अधिकारियों के लिए विशेष हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुपालन और क्रियान्वयन पर व्यापक चर्चा की गई। कार्यशाला में राजभाषा पर व्याख्यान कमलेश कुमार महाप्रबंधक एवं राजभाषा अधिकारी ने दिया। उन्होंने राजभाषा नीति के अलावा भाषा की उत्पत्ति, सिद्धांत, उसकी सांस्कृतिक विरासत इत्यादि के विषय में भी अपने विचार रखे। उल्लेखनीय की व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर को पिछले तीन चार वर्षों से लगातार राजभाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए पुरस्कार प्राप्त हो रहे हैं। इसमें निर्माणी के सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान है। निर्माणी में राजभाषा की प्रगति सुनिश्चित करने के लिए इस विशेष हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया था। कार्यशाला में निर्माणी के लगभग सभी ग्रुप 'ए' अधिकारी शामिल हुए। कार्यशाला के सफल आयोजन में राजभाषा के विभागीय अधिकारी शैलेंद्र सिंह, अनुभाग प्रमुख रमा दीक्षित और मोहन कुमार साहू कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी का विशेष योगदान रहा।

# वीयू के कुलसचिव ने 12 मार्च को भेजी 64 करोड़ की डीपीआर

### डेयरी साइंस कॉलेज स्थापना का मामला

**जबलपुर।** वेटरनरी यूनिवर्सिटी के कुलगुरु के आदेशानुसार कुल सचिव ने पत्र क्रमांक 729/पीए-कुलसचिव/2025 दिनांक 12 मार्च संचालक पशुपालन डेयरी भोपाल को विधानसभा में ध्यानाकर्षण सूचना के तारतम्य में पत्र लिखकर नवीन डेयरी साइंस टेक्नालॉजी महाविद्यालय जबलपुर में स्थापना संबंधित पर्व में भेजी गई वित्तीय एस्टीमेट तथा डीपीआर की जानकारी पुनः भेजी गई है।

यह दस्तावेज जब आज विधायक लखन घनघोरिया को प्रस्तुत किए गए, तब उन्होंने चिंता व्यक्त की जबलपुर के बारे में वर्तमान सरकार की डेयरी साइंस कॉलेज बावत नीति गलत है। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे को पुनः विधानसभा में जोरशोर से उठाकर विधानसभा में पशुपालन मंत्री द्वारा सही जानकारी प्रस्तुत नहीं करने बावत उन्हें घेरा जाएगा।

डॉ पीजी नाजपांडे ने बताया कि वेटरनरी यूनिवर्सिटी ने जबलपुर में नए डेयरी साइंस एवं टेक्नालॉजी कॉलेज की स्थापना हेतु 64.63 करोड़ का वित्तीय अनुमान दो वर्ष पहले ही वर्ष 2023 में शासन को प्रस्तुत कर दिया था। तदानुसार वेटरनरी यूनिवर्सिटी के कुलसचिव ने पत्र क्रमांक 852-853/2023 दिनांक 12 अप्रैल 2023 तथा पत्र क्रमांक 1818-1819/2023 दिनांक 28 जुलाई 2023 को संचालक पशुपालन डेयरी विभाग को पत्र भी भेजे थे।

इससे स्पष्ट होता है कि पशुपालन मंत्रालय को बारंबार डेयरी साइंस एवं फूड टेक्नालॉजी महाविद्यालय संबंध में वित्तीय स्टेटीमेट तथा डीपीआर प्रस्तुत किए जाने के बारे में जानकारी दी गई थी। अतः पुनः जानकारी मिलने के बाद ही डेयरी साइंस कॉलेज जबलपुर में खुलने की बात करना गलत है। इस अवसर पर रजत भार्गव, एड वेदप्रकाश अधौलिया, टीके रायघटक, डीके सिंह, सुशीला कनौजिया, गीता पांडे, सुभाष चंद्रा, संतोष श्रीवास्तव, राममिलन शर्मा आदि उपस्थित थे।

## आजादी के 78 वर्ष बाद भी मुक्तिधाम के लिए तरस रहा दलित वर्ग

जबलपुर।

आजादी के 78 वर्ष बाद आज भी दलित वर्ग के लोग एक मुक्तिधाम के लिए तरस रहे है। आज भी अपने हक अधिकारों के लिए संघर्षरत हैं। एड तरुण कुमार रोहितास ने कहा कि पाटन थाना अंतर्गत पौड़ी पंचायत के ग्राम चपोद में दिनांक 25 मार्च को अनुसूचित जाति के शिवकुमार चौधरी की मृत्यु हो गई थी। परिजन,सामाजिक लोगो द्वारा सरकारी खुली जमीन पर अंतिम संस्कार कार्यक्रम की तैयारी कर रहे थे उसी समय ग्राम के कुछ दबंगों द्वारा सरकारी जमीन पर अंतिम संस्कार करने से रोका गया जिससे समाज में भारी आक्रोश है। इस संबंध में कलेक्टर का एक ज्ञापन सौंपते हुए रविदास समाज ने मांग की है कि जिन असामाजिक तत्व दबंगों ने अंतिम संस्कार करने से रोका उन पर शीघ्र कानूनी कार्यवाही कर मामला दर्ज किया जाए और दोषी अधिकारियों को तत्काल हटाया जाए।

इस अवसर पर देवेश कुमार चौधरी, अशोक रोहितास, शिवराम बैन, राजेंद्र चौधरी, तरुण रोहितास, लक्ष्मी बैन,संजय अहिरवार, तेजकुमार भगत आर डी चौधरी, दास प्रसाद अहिरवार,आदि उपस्थित थे।

## मॉडल हाई स्कूल में कक्षा नौवीं की प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**जबलपुर।** राज्य शासन द्वारा उत्कृष्ट विद्यालयों में कक्षा नौवीं में प्रवेश के लिए आयोजित की गई प्रवेश परीक्षा 2025 का परिणाम घोषित किए जाने के बाद पंडित लज्जाशंकर झा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय जबलपुर में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य श्रीमति उपमा गुप्ता से प्रात जानकारी के अनुसार प्रवेश की अंतिम तिथि 15 अप्रैल निर्धारित की गई है। चयनित विद्यार्थी 5 अप्रैल को सुबह 8:30 बजे से 11 बजे तक विद्यालय में उपस्थित होकर प्रवेश सम्बन्धी समस्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।



# सरयू घाटों की तर्ज पर नर्मदा के घाटों का होगा विकास

### लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के नेतृत्व में दल ने किया अयोध्या में सरयू नदी के घाटों का दौरा

जबलपुर।

जबलपुर के पावन नर्मदा तटों को सरयू नदी के तटों की तर्ज पर विकसित करने के लिए लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने शुक्रवार को अयोध्या में सरयू नदी पर बने घाटों का भ्रमण किया। इस दौरान सड़क विकास निगम के प्रबंध संचालक भरत यादव, विभागीय सलाहकार समिति के सदस्य प्रशांत पोल, विशेष सहायक राहुल सिंह राजपूत, मुख्य अभियंता गोपाल सिंह, स्थानीय प्रशासन के अधिकारी एवं डीपीआर तैयार करने वाली एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। मंत्री श्री सिंह के नेतृत्व में अध्ययन दल ने सरयू नदी पर नवनिर्मित घाटों की स्थापत्य कला, रामपथ, राम की पैड़ी, पार्किंग व्यवस्था, सौंदर्यीकरण, म्यूरल वर्क और पर्यटकों व श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की गई व्यवस्थाओं का सूक्ष्म निरीक्षण किया।

भ्रमण के दौरान इन अधिकारियों ने सरयू तट पर पर्यटकों के लिए विकसित सुविधाओं, श्रद्धालुओं के लिए निर्मित व्यवस्थाओं, भगवान राम के जीवन से जुड़ी घटनाओं को सचित्र रूप से दिखाने के लिए निर्मित म्यूरल वाल्स पर विस्तार से जानकारी दी।

मंत्री श्री सिंह ने भ्रमण के दौरान सड़क विकास निगम के अधिकारियों एवं डीपीआर बनाने वाली एजेंसी को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जबलपुर में नर्मदा नदी किनारे बनने वाले घाट धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटक सुविधाओं के आदर्श मॉडल के रूप में विकसित किए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि घाटों के निर्माण में माँ नर्मदा की गरिमा, श्रद्धालुओं की आस्था और पर्यावरणीय संतुलन का विशेष ध्यान रखा जाए। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने जबलपुर में नर्मदा नदी किनारे सरयू की तर्ज पर घाटों के निर्माण की घोषणा की थी। मंत्री राकेश सिंह ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना की डीपीआर तैयार करने हेतु मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम को दायित्व सौंपा है।

# मादक पदार्थों के क्रय-विक्रय तथा नशीली दवाओं के दुरूपयोग रोकने गठित समिति की बैठक संपन्न

### नशे के कारोबार पर सख्ती से लगाम लगाने कलेक्टर ने दिये निर्देश

**जबलपुर।** मादक पदार्थों के क्रय-विक्रय एवं नशीली दवाओं के दुरूपयोग पर रोकथाम के लिए गठित जिला स्तरीय समिति की आज शुक्रवार को संपन्न हुई बैठक में कलेक्टर दीपक सक्सेना ने नशे के कारोबार पर सख्ती से लगाम लगाने के निर्देश प्रशासन, पुलिस एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिये हैं। कलेक्टर कार्यालय में आयोजित की गई इस बैठक में पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, अपर कलेक्टर सुश्री मिशा सिंह एवं सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर श्री सक्सेना ने जिले में मादक पदार्थों एवं नशीली दवाओं के प्रवेश के स्त्रोंतों का पता लगाने तथा इनके कारोबार में लिप्त लोगों पर कठोर कार्यवाही करने की हिदायत भी अधिकारियों को बैठक में दी। उन्होंने बच्चे और युवा नशे की लत के शिकार न हों इसके



लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों के बीच आपस में बेहतर तालमेल पर जोर दिया। श्री सक्सेना ने कहा कि अधिकारियों को सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी नशे का कारोबारी कानूनी कार्यवाही से बच न पाये। बैठक में मादक पदार्थों के क्रय-विक्रय एवं नशीली दवाओं के दुरूपयोग को रोकने जिले में स्थित थोक दवा मार्केट एवं दवा दुकानों का निरीक्षण करने के निर्देश पुलिस और औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों को दिये गये। इसके साथ ही स्कूल, कॉलेजों आदि में एनजीओ के सहयोग से नशीली दवाओं के दुरूपयोग विरोधी जागरूकता अभियान चलाने तथा नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा और जिला शिक्षा अधिकारी को दिये गये। बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जिले में शासकीय भूमि, वन भूमि एवं निजी भूमि पर कहीं भी मादक पदार्थों के उत्पादन की प्राप्त शिकायतों पर तत्काल संयुक्त निरीक्षण कर कार्यवाही की जाये। इस अवसर पर बताया गया कि बीते करीब 15 दिनों में पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत 129 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये तथा नशीली दवाओं के कुल 21 प्रकरण दर्ज किये गये हैं।

# जनहित के लिए जनप्रतिनिधि अपने निकायों में करे नवाचार : जामवाल

### भाजपा क्षेत्र संगठन मंत्री ने संभाग के निकायों जनप्रतिनिधियों को किया संबोधित

**जबलपुर।** शहरी क्षेत्र ने नगर निगम, नगर पालिका, नगर परिषद और ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत, जनपद पंचायत और जिला पंचायत के चुने हुए सभी जनप्रतिनिधियों को अपने निकाय के जनता के हित से जुड़े कार्य करते हुए ऐसे नवाचार करना चाहिए जिसका अनुसरण बाकी लोग भी करे तब आपकी पहचान एक सफल जनप्रतिनिधि के रूप में होगी, यह बात भाजपा के क्षेत्र संगठन मंत्री अजय जामवाल ने जबलपुर संभाग के निकायो के जनप्रतिनिधियों की बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा संभागीय कार्यालय रानीताल में कही।

जबलपुर संभाग के महापौर, निगम अध्यक्ष, नगर पालिका निगम अध्यक्ष, उपाध्यक्ष जिला व जनपद पंचायतों के अध्यक्ष तथा उपाध्यक्षों एवं भाजपा जिला अध्यक्षों के साथ संगठन के आगामी कार्यक्रमों को लेकर आयोजित बैठक में सागर संभाग प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश चतुर्वेदी, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल मंचासीन थे।

बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्र संगठन मंत्री अजय जामवाल ने कहा नगरीय और ग्रामीण निकाय के चुने हुए जनप्रतिनिधि जिनमे पंच, सरपंच, पार्षद, नगर निगम नगर पालिका, नगर परिषद, जनपद पंचायत और जिला पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों का सीधा संपर्क जनता से होता है और अपनी छोटी से छोटी समस्याओं के लिए आपके पास आते है जनता अपने जनप्रतिनिधि से ही उम्मीद करती है इसीलिए जन समस्याओं को सुनना और उनका निराकरण करना जनप्रतिनिधि का दायित्व होता है, ऐसे में आपकी जिम्मेदारी भी है कि उन्हे आपके माध्यम से राहत मिले, साथ ही सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन का कार्य भी आपके द्वारा ही नीचे तक हो सकता है इस हेतु आपकी जिम्मेदारी ज्यादा बढ़ जाती है।

संगठन मंत्री श्री जामवाल ने बैठक में पार्टी के आगामी कार्यक्रम को आयोजित करने हेतु दिशा निर्देश व मार्गदर्शन दिए। जिनमे 30 मार्च को मन की बात कार्यक्रम, 6 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस कार्यक्रम को बूथ स्तर पर मानने के साथ ही आजीवन सहयोग निधि में हर कार्यकर्ता का योगदान हो इस पर चर्चा की।

## 1 अप्रैल से बकाया करों की राशि होगी दो गुना

**जबलपुर।** नगर निगम द्वारा निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानसुर सभी वार्डो में राजस्व वसूली अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिनके द्वारा अभी तक बकाया करों की राशि जमा नहीं की गयी है उनके विरूद्ध कार्रवाई भी की जा रही है। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया कि करदाताओं एवं व्यापारियों की सुविधा के लिए आज शनिवार और कल रविवार अवकाश दिवस में भी सभी कैश काउंटर और लायसेंस नवीनीकरण कार्यालय खुले रहेगें। उन्होंने बताया कि करदाताओं के पास बकाया करों की राशि जमा करने अब मात्र 3 दिन शेष है, 31 मार्च के बाद 1 अप्रैल से करों की राशि दो गुना कर दी जायेगी जो आगामी वित्तीय वर्ष में आने वाली लोक लदालत में भी छूट नहीं मिलेगी।निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने सभी करदाताओं एवं सभी शासकीय विभागों एवं संस्थाओं के प्रमुखों, और व्यापारियों से भी अपील की है कि सभी करदाता आज शनिवार और कल रविवार अवकाश के दिन निगम प्रशासन द्वारा प्रदत अंतिम सुविधा का लाभ उठाकर समस्त बकाया कारों की राशि का भुगतान करें और निगम की अप्रिय कार्यवाही से बचें।

### ढाई साल में शहर को भोपाल-इंदौर के बराबर लाने का वादा

# महापौर ने पेश किया नगर सत्ता का 1800 करोड़ का बजट

जबलपुर।

इस दावे और वादे के साथ कि उनका कार्यकाल खत्म होने से पूर्व जबलपुर, इंदौर, भोपाल या आगे निकल जाएगा, या बराबर पर आकर खड़ा हो जाएगा, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने नगर निगम सदन में वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट प्रस्तुत किया। महापौर ने कुल आय 17 अरब 97 करोड़ 2 लाख 90 हजार और कुल व्यय 17 अरब 96 करोड़ 94 लाख का बजट सदन में प्रस्तुत किया। नगर निगम के इतिहास का सबसे बड़ा बजट कहा जा रहा है, जो करीब 1800 करोड़ रुपये का है।

महापौर ने कहा कि उनके कार्यकाल में बीते वर्षों में 1200 करोड़ के कार्य किए गए हैं। वहीं, उनके कार्यकाल के आगामी शेष वर्षों में 3000 करोड़ रुपये के कार्य कराए जाएंगे, जिनमें नवीन सीवर प्रोजेक्ट के तहत 1000 करोड़ की राशि से 2 लाख मकानों को सीवर से जोड़ा जाएगा। रीडेवलपमेंट के तहत 500 करोड़ के कार्य शहर के प्रमुख स्थानों में होंगे। निगम के समस्त विभागीय कार्यों में करीब 1500 करोड़ की राशि व्यय की जाएगी। अमृत फेस 2 परियोजना से 312 करोड़ की राशि से हर घर नर्मदा जल के लिए कार्य कराए जा रहे हैं।

### 16 अप्रैल से शुरु होगी बजट पर चर्चा

नगर निगम सदन में शुक्रवार को दोपहर 3 बजे बजट सत्र आयोजित किया गया, जहां महापौर ने बजट अभिभाषण





प्रस्तुत किया। इसके बाद बजट बैठक 16 अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दी गई। 16 अप्रैल को बजट पर चर्चा होगी, जहां पार्षद बजट पर अपने सुझाव प्रस्तुत करेंगे। उसके बाद बजट आवश्यक संशोधनों के बाद पास किया जाएगा।

### बजट से पहले समस्याओं पर चर्चा हो

महापौर के अभिभाषण के बाद, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने कहा कि बजट पर चर्चा से पूर्व पहले 2-3 दिन नगर की समस्याओं पर चर्चा होनी चाहिए, ताकि पार्षद अपने-अपने वार्डों की समस्याएं रख सकें। यदि शहर की समस्याओं पर चर्चा होगी तो बजट पर बेहतर सुझाव आएंगे। इस पर वरिष्ठ पार्षद कमलेश अग्रवाल ने आपत्ति लेते हुए कहा कि बजट सत्र की परंपरा यह रही है कि पहले बजट पर बात की जाए, लेकिन नेता प्रतिपक्ष इस परंपरा को तोड़ रहे हैं। इसके जवाब में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सदन की बैठक आप लोग नहीं बुला रहे हैं, धारा 30 की बैठक भी आप नहीं बुला रहे हैं, महीनों से पार्षद अपने-अपने वार्डों की समस्याओं को हल कराने के लिए परेशान हैं।

### कोई नया कर नहीं

वित्तीय बजट 2025-26 में एक विशेष बात यह रही कि कोई भी नया कर न तो जोड़ा गया है, न ही किसी मद में कर बढ़ाया गया है। सम्पत्ति कर और जल कर भी यथावत रखे गए हैं। यही एकमात्र राहत या सौगात निगम बजट में नजर आ रही है।

### 100 इलेक्ट्रिक बसें शुरू होंगी

इस साल से जबलपुर में 100 नई इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरू होगा, जिसके लिए एजेंसी भी नियुक्त की गई है। वहीं, महापौर ने बताया कि शहरवासियों को राहत देने के लिए बुजुर्गों, दिव्यांगों और छात्रों के लिए विशेष पास भी जारी किए जाएंगे।

### भारत माता मंदिर तैयार

महापौर ने बताया कि भारत माता की भव्य प्रतिमा जबलपुर आ चुकी है। शहर में भारत माता मंदिर और उद्यान का कार्य अंतिम चरण में है। इस साल शहर को भव्य भारत माता मंदिर मिलेगा, जो राष्ट्रभक्ति की भावना को बढ़ाने के साथ-साथ देश और प्रदेश में जबलपुर की पहचान बनेगा।

### शहर को देंगे नया स्वरूप

महापौर ने बताया कि रीडेवलपमेंट के तहत जबलपुर को नया स्वरूप देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम, 50 नए स्कूल भवन, एक अंतर्राष्ट्रीय स्वीमिंग पूल, 10 शमशान घाटों और कब्रस्तानों का जीर्णोद्धार किया जाएगा। साथ ही, नए नगर निगम सदन भवन के निर्माण की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी।

अनेक बार मांग करने के बाद भी नहीं हटीं मांस-मछली की दुकान, नवरात्र के एक दिन शेष

# प्रशासनिक अधिकारियों को शहर की ज्वलंत समस्याओं से कोई सरोकार नहीं




हरिभूमि सिहोरा।

नगर के मुख्य विभाग में पदस्थ प्राशसनिक अधिकारियों को लगता है शहर की अनेक ज्वलंत समस्याओं से कोई सरोकार नहीं तभी तो खितौला रेलवे फाटक के पास खुली मांस मछली की दुकानों को लोगों द्वारा अनेक बार मांग करने बावजूद अभी तक न हटाया जाना इस बात का प्रमाण है। जबकि हिन्दुओं के प्रमुख त्यौहार चैत्र नवरात्र पर्व की एक दिन बाद शुरुआत हो रही है।

### क्या है पूरा मामला

सिहोरा के खितौला रेलवे फाटक के पास पुराने थाने के बाजू से कुछ लोगों द्वारा अस्थाई कब्ज़ा कर धड़ल्ले से मछली एवं मुर्गे की दुकाने संचालित की जा रही है। जिसमे शाम होते ही शराब पीने वालों का खुलेआम जमावड़ा लगने लगता है। जिससे स्थानीय रहवासियों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। और महिलाओं एवं बच्चों में दहशत का माहौल है। लेकिन स्थानीय निकाय एवं प्रशासन को इस समस्या से अवगत कराने के बाद भी इन्हें हटाया नहीं गया है प्रशासन ने सिर्फ औपचारिकतायें पूर्ण कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर ली इन अवैध मछली मांस विक्रेताओं को हटाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाये गए हैं। जिसमें आमलोगों में आक्रोश व्याप्त है तथा प्रशासन के खिलाफ लोगों ने उग्र आन्दोलन की चेतावनी भी दी है। चर्चा है कि स्थानीय नगर पालिका के कुछ कर्मचारियों के संरक्षण में ही उक्त अवैध दुकाने संचालित हैं जिसके कारण इनपर ठोस कार्यवाही नहीं हो पा रही है। जबकि लोगों ने अनेक बार शिकायत की है। नवरात्र के पहले उक्त दुकानें हटाई की मांग एक बार फिर है।



# राशन डीलर द्वारा बरती जा रही अनियमितताएं को लेकर पार्षदों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**पाटन।** नगर के बस स्टेंड में संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान,शिवशक्ति प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भण्डार के सेल्समैन अरविंद नामदेव के द्वारा की जा रही अनियमितताओं के संबंध में सत्ता पक्ष के 12 पार्षदगणों ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर बताया कि डीलर के द्वारा बिना राशन दिए ही हितग्राहियों से एक हफ्ते पहले ही अंगूठा लगवा लिया जाता है। उनको न तो राशन और न ही राशन पर्ची दी जाती है। (2) डीलर गरीब लाभार्थियों को पूरा राशन नहीं देता है, राशन की मात्रा कम कर देता है,साथ ही एक बार में पूरा राशन नहीं देता है और अनाज की गुणवत्ता भी अच्छी नहीं होती है। (3) डीलर के द्वारा गरीबों के पेट पर डाका डालकर इकट्ठा किया हुआ अनाज खुलेआम नगर के गल्ला व्यापारी,मज्जी सेठ को बेचता है जिसकी खबरें समाचार पत्रों एवं लाइव दृश्य सोशल मीडिया पर वायरल है।(4) डीलर के द्वारा पीओएस मशीन के साथ छेड़छाड़ की गई है जिसकी वजह से राशन लेने वाले लाभार्थियों के मोबाइल पर SMS नहीं पहुंचते हैं जिससे उन्हें पता ही नहीं चलता कि उनके नाम से कितना राशन निकला है। (5) निकाय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 10 वार्डो के लाभार्थियों को इसी दुकान से राशन मिलता है और यह दुकान बस स्टेंड से संचालित हो रही है जो नियम विरुद्ध है साथ ही राशन लेने वाले बुजुर्ग,महिलाओं को राशन लेने 03 से 04 किलो मीटर दूर जाना पड़ता है जिस वजह से इसे सेंटर में संचालित करने की मांग वार्डवासी लंबे समय से कर रहे हैं। पार्षदगणों ने आगे बताया कि निकाय क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों के हक को देखते हुए उनकी आजीविका पर विपरीत प्रभाव न पड़े इसके लिए इस पूरे मामले की जांच ईमानदारी से किसी वरिष्ठ अधिकारी से करवाई जाए एवं दोषी राशन डीलर अरविंद नामदेव पर एफआईआर की कार्यवाही की जाए ताकि राशन वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता बनी रहे और पात्र व्यक्तियों को उनका अधिकार प्राप्त हो सके जिससे निकाय क्षेत्र में रहने वाले लाभार्थियों का भरोसा जनप्रतिनिधियों पर कायम रह सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान जितेंद्र सिंह ठाकुर, गजेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह ठाकुर, दीपक जैन, कैलाश पाठक, शेख अमजद, मंजू राघवेन्द्र यादव, अर्चना बल्लू पटेल, रंजीत गौंड, श्रीमति राजमणि पटेल, सत्यम मेहरा उपस्थति थे।

# देश के विकास में साहू समाज का अहम योगदान

**जयंती पर साहू समाज ने किया प्रतिभाओं का सम्मान**

**सिहोरा।** साहू समाज की आराध्य देवी मां कर्मा देवी की 109 वीं जयंती पर सिहोरा खितौला के साहू समाज ने अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया। साहू समाज सिहोरा द्वारा कार्यक्रम का आयोजन लोकायुक्त एसपी संजय साहू के मुख्य आतिथ्य, कटंगी नगर पंचायत अध्यक्ष अमिताभ साहू की अध्यक्षता,प्रकाश साहू रीठी जनपद पंचायत अध्यक्ष, प्रमोद साहू, अमित साहू, राजेन्द्र साहू, शैलेश साहू, दीपक साहू सरपंच, दिनेश साहू के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। मां कर्मा देवी के पूजन अर्चन के बाद प्रारम्भ हुए कार्यक्रम में सिहोरा साहू समाज के अध्यक्ष सुनील साहू, महिला अध्यक्ष सोनाली साहू, के एल साहू, विजयंत साहू, रवि साहू, देवेन्द्र साहू आदि ने सभी अतिथियों का शाल श्रीफल भेंटकर स्वागत किया। आयोजन में दसवीं और बारहवीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले समाज के मेधावी बच्चों का भी सम्मान के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन भी किया गया। मुख्य अतिथि श्री साहू ने कहा कि समाज में प्रतिभा निर्माण की जिम्मेदारी सभी की है। देश के विकास में साहू समाज का अहम योगदान है जिसे नकारा नहीं जा सकता हम सभी मिलकर समाज को संस्कार वान बनायें। मुख्य बक्ता प्रमोद साहू ने कहा साहू समाज ने सभी वर्गों की चिंता की है हिन्दू समाज एक सागर के समान है और साहू समाज भी उसमें मिलने वाली एक नदी के समान है। खिचडी समरसता का प्रतीक है जिसका मां कर्मा देवी ने श्रीकृष्ण को भोग लगाया था।आज हर प्रदेश में समाज की उपस्थिति है। कार्यक्रम को सफल बनाने में निखिल,विपिन,अमित साहू, शिवांगी,कल्पना, राखी,सारिका,रोशनी,अशुल साहू का सराहनीय योगदान रहा।



बरगी विधायक नीरज सिंह ने हरि झंडी दिखा कर किया रवाना

# भेडाघाट को कचरा कलेक्शन के लिए मिले तीन वाहन

**जबलपुर।** नगर परिषद भेड़ा घाट मे आज डोर टू डोर कचडा कलेक्शन करने के लिए तीन नये वाहन प्राप्त हूये जिन्हें वरगी विधायक निरज सिंह द्वारा हरि झंडी दिखाकर रवाना किया गया एवं नगर परिषद भेड़ा घाट मे मिलन कार्यक्रम में शामिल हूये जिसमें पूर्व विधायक संजय यादव अध्यक्ष नगर परिषद के चतुर् सिंह लोधी पूर्व अध्यक्ष अनिल तिवारी विधायक प्रतिनिधि ओमनारायण दूबे भेड़ा घाट मडंल अध्यक्ष धिरज पटेल उपाध्यक्ष जगदीश दाहिया सूनिल जैन दिलिप राय किशोर दूबे धर्मेन्द्र पूरी संध्या सिंह पार्षद रमेश यादव अनिकेत सिंह आषिश मनीष शूकला जैन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी विक्रम झारिया लक्ष्मी नारायण दूबे सूनिल बैरागी आदि उपस्थित रहे।

# भेड़ाघाट का हॉट बाजार अपनी दुर्दशा पर बहा रहा आंसू, जिम्मेदार मौन

**भेड़ाघाट।** भेड़ाघाट में कई करोड़ों की लागत से बना हाट बाजार की बाट लगाईं जा रही हैं यहां के शिल्पकारों को बेहतर रोजगार मिले इसी उद्देश्य से 2009 में भेड़ाघाट हाट बाजार और मनोरंजन पार्क का लोकार्पण बड़े तामझाम से किया गया था। एक एकड़ में फैला हाट बाजार को मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग ने तैयार कर संचालन नगर परिषद भेड़ाघाट को सौंप दिया परंतु नगर परिषद ने ना तो इसका संचालन शुरू किया और ना कोई सार्थक कदम नहीं उठाए। पूरी दुनिया में भेड़ाघाट की शिल्प कला और उसकी संस्कृति को फैलाने और उसके प्रचार प्रसार करने के लिए हॉट बाजार को बनाया गया था। 16 साल बीतने के बाद भी इसे भेड़ाघाट का दुर्भाग्य कहें या नगर परिषद में बैठे तमाम जिम्मेदारों जनप्रतिनिधियों की लापरवाही या विकास में दिलचस्पी न होकर सिर्फ विकास की हवा हवाई बातें करते हैं तभी तो भेड़ाघाट का हॉट बाजार अपनी बर्बादी पर आंसू आ रहा है।

### लोकार्पण कर भूल गए जिम्मेदार

इस हॉट बाजार का लोकार्पण विश्व पर्यटन दिवस के दिन को खास तौर पर चुना गया। शहर के कई बड़े नेता और जनप्रतिनिधि अधिकारियों की मौजूदगी में हॉट बाजार का लोकार्पण किया गया यूं तमाम लोग इस लोकार्पण समारोह के बाद भी भेड़ाघाट आए पर किसी ने इस बेहाल होते हाटबाजार की और नजर नहीं डाली। हॉट बाजार की किस्मत का फैसला नगर परिषद भेड़ाघाट के जिम्मेदारों को चलाने की थी कि इस हॉट बाजार को दोबारा अपने नए रूप में लाने के लिए एक बार फिर सरकारी धन की होली खेली जाएगी ।या हाट बाजार को अपनी दुर्दशा पर छोड़ दिया जायेगा। आखिरकार सवाल यह उठता है कि प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही से हॉट बाजार की दरवाजे,खिड़की, टाईल्स, तक चोरों द्वारा चोरी कर ले गए खण्डहर हो गये हॉट बाजार की सुध लेने वाला कोई नहीं हैं भेड़ाघाट पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने भी इस और ध्यान नहीं दिया कि करोड़ों की लागत से बना हाट बाजार को बर्बादी पर छोड़ दिया है इस हॉट बाजार के दिन कब फिरेंगे। ये कहे कि हाट बाजार का नामोनिशान ही मिट जायेगा। शासन प्रशासन में बैठे अधिकारियों की लापरवाही का जीता जागता उदाहरण है भेड़ाघाट के विकास का ढीढोरा पीटने वाले जनप्रतिनिधि भी चुप्पी साधे हुए हैं तभी तो भेड़ाघाट पर्यटन स्थल का चहुंमुखी विकास में पिछड़ रहा है कहावत है कि भेड़ाघाट सबका भेड़ाघाट का कोई नहीं आखिर कार यह सिद्ध हो रहा है विश्व पर्यटन स्थल भेड़ाघाट विकास को मोहताज है।

# नियुक्ति पत्र पाकर खिले अनुकंपा आवेदकों के चेहरे



**जबलपुर।** नगर निगम में कार्यरत शासकीय सेवक के सेवाकाल में निधन होने पर उनके आश्रितों को शासन द्वारा अनुकम्पा नियुक्ति की नीति के अंतर्गत दो वर्षो की परिवीक्षा अवधि के अधीन उप स्व. पर्यवेक्षक के पद पर 3, सहायक वर्ग-3 के पद पर 4, भत्य के पद पर 1, सहायक राजस्व निरीक्षक के पद पर 3, एवं सफाई मित्र के पद पर 13 अभ्यर्थियों को शर्तो के अधीन अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की गई। जिसमें सुश्री नंदनी उईके, पुष्पराज गौतम, राज वंशकार, प्रस्तुत केवट, केशव गिरी गोस्वामी, शिवा पटैल, श्रीमती माया रैकवार, ज्ञान सिंह धुर्वे, शुभम रघुवंशी, अनिमेष मिश्रा, आदित्य तिवारी, पेरूगू वेंकटेश्वरलू, श्रीमती वंदना रान, अश्विन मार्वे, भैरव राठौर, अजीत कुमार बिहुनिया, श्रीमती धनलक्ष्मी, चिन्ना बाबू, श्रीमती श्रीति मतेल, आदित्य मलिक, विकास समद, श्रीमती आरती सिपाही, सुश्री सुमन गिरानिया एवं श्रीमती ब्रम्हलता के नाम शामिल हैं। इन सभी 24 आश्रितों को महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" के द्वारा पुष्पगुच्छ के साथ अनुकम्पा नियुक्ति के आदेश प्रदान किये। इस अवसर पर उन्होंने सभी को शुभकामनाएँ देते हुए ईमानदारी से कार्य करने एवं परिवार का भरण पोषण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि परिवार का भरण पोषण एवं देखरेख में कोई कमी नहीं आना चाहिए। महापौर ने यह भी कहा कि जो कार्य निगम में दिया जाये, उन कार्यों को भी कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी से करें ताकि नागरिकों में एक अच्छा संदेश जा सकें। इस अवसर पर निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, सामान्य प्रशासन विभाग प्रभारी एवं एम.आई.सी. सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, एम.आई.सी. सदस्य दामोदर सोनी, विवेकराम सोनकर, श्रीमती अंशुल राघवेन्द्र यादव, श्रीमती रजनी कैलाश साहू, निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव एवं प्रभारी स्थापना अधीक्षक आदि उपस्थित रहे।

**शनिवार और रविवार को दोपहर 12 बजे से खुलेगा पुस्तक मेला**

# बच्चों के उज्जवल भविष्य की नींव रख रहा पुस्तक मेला

**जबलपुर।** जिला प्रशासन द्वारा गोलबाजार स्थित शहीद स्मारक प्रांगण में 25 मार्च से 5 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा बारह दिवसीय पुस्तक एवं गणवेश मेला बच्चों और अभिभावकों को रियायती दरों पर पाठ्य पुस्तकें, यूनिफॉर्म एवं स्कूल बैग उपलब्ध करा ही रहा है, वहीं यह मेला छात्र-छात्राओं को अपने उज्जवल भविष्य के निर्माण की मजबूत नींव रखने के लिए मार्गदर्शन भी प्रदान कर रहा है। पुस्तक मेला का आज चौथा दिन था। बरगी विधायक श्री नीरज सिंह ने आज इस मेले का भ्रमण किया और मेले में लगे विवेकानन्द साहित्य केंद्र के स्टॉल से एकनाथ रानाडे की जीवन पर लिखी किताब भी खरीदी। श्री सिंह ने मेले को संबोधित भी किया इसके आयोजन के लिये जिला प्रशासन की तारीफ की।

पुस्तक एवं गणवेश मेला कल शनिवार और अगले दिन रविवार को दोपहर 12 बजे से रात 10 बजे तक खुला रहेगा। पुस्तक मेले के चौथे दिन की शुरुआत भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री विवेक पटेल, जिला पंचायत सदस्य श्री इंद्र कुमार , जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, जिला परियोजना समन्वयक योगेश शर्मा भी उपस्थित रहे।



विधायक श्री नीरज सिंह ने अपने संबोधन में पुस्तक मेला के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि यह मेला इस वर्ष वृहद स्वरूप में आयोजित किया जा रहा है। यह मेला बदलते वक्त के साथ हुए शिक्षा के व्यवसायीकरण के बीच अभिभावकों को अत्यंत कम दाम पर शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध करा कर आर्थिक राहत प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने की वजह से जो बच्चे नई किताबें नहीं खरीद पाते ऐसे बच्चे यहाँ लगाये गये बुक बैंक के स्टॉल से किताबें प्राप्त कर अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। श्री सिंह ने मेले में बच्चों को प्रदान की जा रही कैरियर काउंसलिंग सेवा की भी प्रशंसा की और पुस्तक मेला के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन को शुभकामनायें दीं।

कलेक्टर दीपक सक्सेना की पहल पर लगातार दूसरे वर्ष आयोजित पुस्तक मेला में पाठ्य पुस्तकें, यूनिफार्म एवं स्कूल बैग आदि सामग्री खरीदने के लिए आज चौथे दिन शुक्रवार को बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे और अभिभावक मेला स्थल पर पहुंचे। मेला में लगभग 60 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं। पुरानी पुस्तकों के आदान-प्रदान के लिए बुक बैंक का स्टॉल भी यहाँ लगाया गया है। इस स्टॉल पर विद्यार्थी अपनी पुरानी पुस्तकें दान कर सकते हैं। बुक बैंक के संचालन के लिए विद्यालयों एवं नागरिकों से पुरानी पुस्तकों का संकलन किया गया है। मेले में छात्र–छात्राओं को कैरियर काउंसलिंग प्रदान करने के लिए भी स्टॉल लगाया जा रहा है। इसके साथ ही पुस्तक मेले में फूड स्टॉलों के साथ बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले भी लगाए गए हैं।

# पान टपरे का ताला तोड़कर सिगरेट, गुटखा चोरी

**जबलपुर।** अधारताल थाना अतंर्गत गौतम नगर महाराजपुर में अज्ञात चोर ने एक टपरे का ताला तोड़कर गुटखा, सिगरेट, पान बाहर, सुपारी लगभग 15 हजार रुपए का सामान और नगदी रुपए चोरी कर ले गए। अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गौतम नगर महाराजपुर निवासी 33 वर्षीय रामगोपाल साहू अपने भाई लोकराम साहू के साथ महाराजपुर रिछाई मोड़ पर पान का टपरा लगाता है। गत सुबह लगभग 7 बजे रामगोपाल ने अपना पान का टपरा खोला और रात में लगभग 10.30 बजे बंद करके अपने घर चला गया था। दूसरे दिन सुबह लगभग 7 बजे लगभग टपरे आकर देखा तो टपरा का सेंटर लॉक एवं ताला टूटा था। टपरे के अंदर रखे राजश्री, गुटखा, सिगरेट, पान बहार, सुपारी तथा कुछ नगदी रूपये अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। लगभग 15 हजार रूपये का सामान अज्ञात चोर ले गए।

**श्रीमती उत्तम कौर-** प्रेमनगर महानद्दा रोड निवासी श्री परमजीत सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती उत्तम कौर (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रवि प्रसाद केवट-** चांदमारी रोड लालमाटी निवासी श्री रवि प्रसाद केवट (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कस्तूरी बाई राजपूत-** अन्ना नगर मदनमहल निवासी श्री गोरे लाल राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती कस्तूरी बाई राजपूत (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शुभम चौधरी-** वल्दी कोरी की दफाई सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री नंद किशोर चौधरी के पुत्र श्री शुभम चौधरी (26) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मेघनाथ सिंह-** बापू नगर रांझी निवासी श्री सुराजी सिंह के पुत्र श्री मेघनाथ सिंह (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती विमला भोजक-** खटीक मोहल्ला सराफा निवासी श्री कल्लू भोजक की धर्मपत्नी श्रीमती विमला भोजक (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री हरि शंकर सोनी-** अंजनी कॉलोनी रिछाई व्हीकल निवासी श्री हरि शंकर सोनी (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जुगराज सिंह-** तिलहरी निवासी श्री जुगराज सिंह (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री रामकृष्ण सोनी-** दरहाई रोड हनुमानताल निवासी श्री रामकृष्ण सोनी (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती विमला देवी-** झामनदास चौक लालमाटी निवासी श्री ज्ञानचंद की धर्मपत्नी श्रीमती विमला देवी (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।




**सुश्री राजकुमारी पांडे-** बिलपुरा कॉलोनी निवासी श्री कांता प्रसाद पांडे की पुत्री सुश्री राजकुमारी पांडे (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती श्यामा बाई विश्वकर्मा-** सेठी नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री भैया लाल विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती श्यामा बाई विश्वकर्मा (98) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री आशीष सोनी-** मानेगांव रांझी निवासी श्री गिरि बहादुर सोनी के पुत्र श्री आशीष सोनी (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रजनी बाई भोरेल-** प्रेमसागर निवासी श्री शरण दास भोरेल की धर्मपत्नी श्रीमती रजनी बाई भोरेल (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रमेश नामदेव-** मदनमहल बेदीनगर पडुआ निवासी श्री रमेश नामदेव (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।


**श्रीमती जानकी बाई कोल-** छुई खदान मड़ैया श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री दुर्जन कोल की धर्मपत्नी श्रीमती जानकी बाई कोल (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री बलराज सिंह पटेल-** सेठी नगर गुप्तेश्वर रोड निवासी श्री बलराज सिंह पटेल (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब मात्र 40/- प्रति वर्ग सेंटीमीटर
सिंगल साइज:- सें.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
सिंगल साइज:- सें.मी. रंगीन 400/-
सिंगल साइज सें.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362100

**खबर संक्षेप**

### देसी चना पर एक अप्रैल से 10 प्रतिशत आयात शुल्क



**नई दिल्ली।** सरकार ने एक अप्रैल से देसी चना (बंगाल ग्राम) पर 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगा दिया है। सरकार ने घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए पिछले साल मई में चने के शुल्क मुक्त आयात की अनुमति दी थी। यह शुल्क छूट 31 मार्च 2025 तक लागू थी।

### केंद्रीय जीएसटी कार्यालय 29 से 31 मार्च तक रहेंगे खुले



**नई दिल्ली।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय जीएसटी के क्षेत्रीय कार्यालय 29 से 31 मार्च को खुले रहेंगे। सीबीआईसी का यह निर्देश केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड द्वारा आयकर विभाग के कार्यालयों के संबंध में जारी इसी प्रकार के निर्देश के कुछ दिन बाद आया है जिसमें कहा गया था कि '' लंबित विभागीय कार्यों को पूरा करने में सुविधा प्रदान की जाए।

### बीएचईएल को सीएसपीजीसीएल से 11,800 करोड़ रुपए का ठेका




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड से 11,800 करोड़ रुपये का ठेका मिलने की शुक्रवार को जानकारी दी। हसदेव थर्मल पावर स्टेशन (कोरबा) में 2x660 मेगावाट सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट के ईपीसी पैकेज के लिए 27 मार्च को आशय पत्र प्राप्त हुआ।

### ओएनजीपीएल ने किया अयाना का अधिग्रहण पूरा

**नई दिल्ली।** ओएनजीसी एनटीपीसी ग्रीन प्राइवेट लिमिटेड ने 6,248.50 करोड़ रुपये में अयाना रिन्यूएबल पावर में 100 प्रतिशत शेयर हिस्सेदारी का अधिग्रहण पूरा कर लिया है। ओएनजीपीएल एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एनजीईएल) और ओएनजीसी ग्रीन लिमिटेड का 50:50 संयुक्त उद्यम है।

### जैगल ने मोबाइलवेयर में खरीदी हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** व्यय प्रबंधन कंपनी जैगल प्रीपेड ओशन सर्विसेज ने भुगतान समाधान प्रदाता मोबाइलवेयर टेक्नोलॉजीज में करीब 38 प्रतिशत हिस्सेदारी करीब 22.85 करोड़ रुपये में हासिल की है। जैगल ने मोबाइलवेयर टेक्नोलॉजीज में 15.60 करोड़ रुपये का निवेश कर 26 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की है।

### एसबीआई के शेट्टी भारतीय बैंक संघ के चेयरमैन नियुक्त




**मुंबई।** भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन सीएस शेट्टी को शुक्रवार को भारतीय बैंक संघ का प्रमुख चुना गया। बैंकों के समूह की प्रबंध समिति ने एसबीआई के शेट्टी को अगली वार्षिक आम बैठक तक आईबीए का चेयरमैन चुना है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी ए. मणिमेखलाई, पंजाब एंड सिंध बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी स्वरूप कुमार साहा और बैंक ऑफ बहरीन एंड कुवैत के क्षेत्रीय प्रमुख एवं मुख्य कार्यकपाल अधिकारी (भारत) माधव नायर डिप्टी चेयरमैन चुने गये हैं।

# सभी लघु बचत योजनाओं की ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- पीपीएफ और एनएससी सहित लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दर यथावत
- लगातार पांचवीं तिमाही में लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दर यथावत

सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जून तिमाही के लिए पीपीएफ और एनएससी सहित विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों को अपरिवर्तित रखने का शुक्रवार को फैसला किया।

यह लगातार पांचवीं तिमाही है जब लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दर में कोई बदलाव नहीं किया गया है। वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि एक अप्रैल, 2025 से शुरू होकर 30 जून, 2025 को समाप्त होने वाली तिमाही में विभिन्न छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज दरें वित्त वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही के लिए अधिसूचित दरों से अपरिवर्तित रहेंगी।

**वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जून तिमाही के लिए अपरिवर्तित रहेगी**

### हाउसहोल्ड सेविंग का मेजर सोर्स हैं ये स्कीम

स्मॉल सेविंग स्कीम भारत में हाउसहोल्ड सेविंग का मेजर सोर्स हैं और इसमें 12 इंस्ट्रूमेंट शामिल हैं। इन स्कीम्स में डिपॉजिटर्स को उनके पैसे पर तय ब्याज मिलता है। सभी स्मॉल सेविंग स्कीम्स से हुए कलेक्शन को नेशनल स्मॉल सेविंग्स फंड (एनएसएसएफ) में जमा किया जाता है। स्मॉल सेविंग स्कीम्स सरकारी घाटे के फाइनेंसिंग की सोर्स के रूप में उभरी हैं।



*सुकन्या समृद्धि पर 8.2 फीसदी ब्याज दर : अधिसूचना के मुताबिक, सुकन्या समृद्धि योजना के तहत जमा पर 8.2 प्रतिशत की ब्याज दर मिलेगी, जबकि तीन साल की सावधि जमा पर दर मौजूदा तिमाही में 7.1 प्रतिशत पर बरकरार रहेगी। लोकप्रिय सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) और डाकघर बचत जमा योजनाओं की ब्याज दरें भी अगली तिमाही के लिए क्रमशः 7.1 प्रतिशत और चार प्रतिशत पर बरकरार रखी गई हैं।*

*पिछली बार बदलाव 2023-24 में : इसके साथ ही डाकघरों और बैंकों द्वारा संचालित छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज दरों को लगातार पांचवीं तिमाही के लिए अपरिवर्तित छोड़ दिया गया है। सरकार ने ब्याज दरों में पिछली बार बदलाव 2023-24 की चौथी तिमाही के लिए कुछ योजनाओं में किया था। सरकार हर तिमाही में छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज दरों की अधिसूचना जारी करती है।*

### किसान विकास पत्र पर ब्याज 7.5 फीसदी होगी

किसान विकास पत्र पर ब्याज दर पहले की तरह 7.5 प्रतिशत होगी और यह निवेश 115 महीनों में परिपक्व होगा। राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र (एनएससी) पर ब्याज दर अप्रैल-जून 2025 की अवधि के लिए 7.7 प्रतिशत पर बनी रहेगी। मौजूदा तिमाही की तरह मासिक आय योजना निवेशकों के लिए 7.4 प्रतिशत अर्जित करेगी।

## उद्योगों की वृद्धि दर घटकर पांच माह के निचले स्तर पर

# प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर फरवरी में घटकर 2.9 फीसदी पर आई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर फरवरी में घटकर पांच महीने के निचले स्तर 2.9 प्रतिशत पर आ गयी। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। पिछले साल इसी महीने में बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 7.1 प्रतिशत रही थी।

मासिक आधार पर इन उद्योगों की वृद्धि दर जनवरी में दर्ज 5.1 प्रतिशत की वृद्धि से कम रही। इससे पहले सितंबर में 2.4 प्रतिशत की न्यूनतम वृद्धि दर्ज की गई थी। फरवरी में कच्चा तेल तथा प्राकृतिक गैस उत्पादन की वृद्धि में गिरावट आई।



### बिजली की उत्पादन वृद्धि 2.8 फीसदी रही

कोयला, रिफाइनरी उत्पाद, इस्पात और बिजली की उत्पादन वृद्धि क्रमशः 1.7 प्रतिशत, 0.8 प्रतिशत, 5.6 प्रतिशत और 2.8 प्रतिशत रही। फरवरी 2024 में यह 11.6 प्रतिशत, 2.6 प्रतिशत, 9.4 प्रतिशत और 7.6 प्रतिशत थी। हालांकि, समीक्षाधीन महीने में उर्वरक तथा सीमेंट उत्पादन में क्रमशः 10.2 प्रतिशत और 10.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

### आईआईपी में 40.27 फीसदी का योगदान

चालू वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-फरवरी अवधि में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली की वृद्धि दर 4.4 प्रतिशत रही। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की समान अवधि में यह 7.8 प्रतिशत थी। आठ प्रमुख क्षेत्र औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27 प्रतिशत का योगदान करते हैं। आईआईपी समग्र औद्योगिक विकास को मापता है।

### राजकोषीय घाटा फरवरी अंत तक निर्धारित लक्ष्य पर

केंद्र का राजकोषीय घाटा फरवरी, 2025 के अंत तक समूचे वित्त वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य का 85.8 प्रतिशत हो गया। शुक्रवार को महालेखा नियंत्रक (सीजीए) ने यह आंकड़े जारी किए। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल 2024 से लेकर फरवरी 2025 के बीच केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा वास्तविक संदर्भ में 13,46,852 करोड़ रुपये रहा।

- पिछले साल इसी माह में वृद्धि दर 7 .1 फीसदी रही
- फरवरी में कच्चा तेल व गैस के उत्पादन में रही गिरावट
- कोयला वृद्धि दर 1.7 प्रतिशत पर दर्ज की गई

*संशोधित अनुमान आरई का 86.5 प्रतिशत : सरकार के व्यय और राजस्व के बीच का अंतर राजकोषीय घाटा कहा जाता है। एक साल पहले की समान अवधि में यह घाटा वित्त वर्ष 2023-24 के संशोधित अनुमान (आरई) का 86.5 प्रतिशत था। सीजीए के आंकड़ों से पता चला है कि केंद्र सरकार का कर राजस्व (शुद्ध) 20 लाख करोड़ रुपये यानी वित्त वर्ष 2024-25 के संशोधित अनुमान का 78.8 प्रतिशत था।*

### राजकोषीय घाटा 15.69 लाख करोड़ रहने का अनुमान

मौजूदा कीमतों के आधार पर मार्च 2025 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटा 15.69 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-फरवरी अवधि में कुल राजस्व व्यय में से 9.52 लाख करोड़ रुपये ब्याज भुगतान और 3.63 लाख करोड़ रुपये प्रमुख सब्सिडी मद में हुए थे। सीजीए ने कहा कि फरवरी, 2025 तक सरकार ने करों के हिस्से के रूप में राज्य सरकारों को 11.80 लाख करोड़ रुपये हस्तांतरित किए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 1.47 लाख करोड़ रुपये अधिक है।

### घाटा जीडीपी का 4.8 प्रतिशत संभव

पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह 79.6 प्रतिशत था। केंद्र सरकार के राजस्व-व्यय के आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीनों में कुल व्यय 38.93 लाख करोड़ रुपये यानी संशोधित अनुमान का 82.5 प्रतिशत था। एक साल पहले की अवधि में यह 83.4 प्रतिशत था। केंद्रीय बजट में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.8 प्रतिशत और 2025-26 के लिए 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है।

# रुपया 25 पैसे उछलकर 85.49 प्रति डॉलर पहुंचा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह में वृद्धि
- वृद्धि पिछले छह वर्षों में सबसे बेहतर रही

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया शुक्रवार को 25 पैसे उछलकर 85.49 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह बढ़ने से रुपये में मासिक वृद्धि पिछले छह वर्षों में सबसे बेहतर है। इस साल मार्च में रुपये में 2.17 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो नवंबर 2018 के बाद से सबसे ज्यादा ह। उस समय रुपये में 5 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गयी थी। चालू वित्त वर्ष में रुपया दो प्रतिशत से अधिक कमजोर हुआ है। दो अप्रैल, 2024 को यह डॉलर के मुकाबले 83.42 पर था।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि पूंजी बाजार में एफआईआई के मजबूत पूंजी प्रवाह से रुपये को समर्थन मिला। विदेशी निवेशकों ने पिछले छह कारोबारी सत्रों में 32,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। हालांकि, कमजोर घरेलू बाजार और डॉलर की मजबूती ने रुपये के तेज उछाल पर रोक लगा दिया। इसके अलावा, निवेशक बढ़ती वैश्विक व्यापार चिंताओं के संभावित आर्थिक प्रभाव से भी जूझ रहे हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 85.64 पर खुला। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 85.40 प्रति डॉलर तथा नीचे में 85.70 प्रति डॉलर तक आया। अंत में यह डॉलर के मुकाबले 85.49 (अस्थायी) पर बंद हुआ जो पिछले बंद से 25 पैसे की तेजी है। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पांच पैसे कमजोर होकर 85.74 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

### विदेशी निवेश से संवरा रुपया

मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, ''हमारा अनुमान है कि विदेशी निवेशकों के निवेश के कारण रुपया सकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा। हालांकि, आयातकों और तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) की मासांत डॉलर मांग और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के कारण इसमें जोरदार तेजी की उम्मीद नहीं है।'

# भंडारण सीमा का उल्लंघन पर चीनी मिलों लगेगा जुर्माना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- जमाखोरी को रोकने उठाया गया कदम
- अप्रैल के लिए सीमा 23.5 लाख टन निर्धारित

खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि सरकार मासिक भंडारण रखने की सीमा के आदेशों का उल्लंघन करने वाली चीनी मिलों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी।

मंत्रालय ने जमाखोरी को रोकने और मूल्य वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए सफेद/परिष्कृत चीनी के लिए मासिक भंडारण सीमा निर्धारित की है। अप्रैल के लिए यह सीमा 23.5 लाख टन निर्धारित की गई है। मिलों को जारी निर्देश में मंत्रालय ने कहा कि उसने पाया है कि कुछ समूह और व्यक्तिगत चीनी मिलों द्वारा पूर्व में दी गई चेतावनियों के बावजूद बार-बार उल्लंघन किया जा रहा है, जिसके कारण नए तथा सख्त दिशा-निर्देश जारी किए जा रहे हैं। इसमें कहा गया है कि पहली बार उल्लंघन करने पर, बेची गई अतिरिक्त चीनी का 100 प्रतिशत अगले महीने जारी होने वाली खेप से दंड स्वरूप काट लिया जाएगा। दूसरी बार उल्लंघन पर 115 प्रतिशत, तीसरे बार उल्लंघन पर 130 प्रतिशत तथा चौथे उल्लंघन पर 150 प्रतिशत की कटौती की जाएगी। बिना सूचना के कुल भंडार के 90 प्रतिशत से कम चीनी भेजने वाली मिलों को भविष्य में आवंटन प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। चीनी सत्र में कई बार उल्लंघन करने पर मिलों को अतिरिक्त चीनी जारी करने और सरकारी योजना के लाभ से वंचित कर दिया जाएगा।



### एथेनॉल खरीद आवंटन कम किया जा सकता है

डीएफपीडी और डीएसवीओ की किसी भी योजना के तहत भी कोई लाभ नहीं मिलेगा। एथेनॉल खरीद आवंटन भी कम किया जा सकता है। मंत्रालय मासिक भंडार आदेश जारी करते हुए कटौती की गई मात्रा को अनुपालन करने वाली चीनी मिलों के बीच वितरित करेगा।

### अशोक लेलैंड को रक्षा बलों से 700 करोड़ का ठेका...



**नई दिल्ली।** वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता कंपनी अशोक लेलैंड ने रक्षा बलों से 700 करोड़ रुपये से अधिक के ठेके मिलने की शुक्रवार को जानकारी दी। हिंदुजा समूह की प्रमुख कंपनी ने बयान में कहा कि इन ठेकों के तहत आपूर्ति किए जाने वाले वाहनों का उद्देश्य 'क्लोज-इन वेपन सिस्टम' (सीआईडब्ल्यूएस) कार्यक्रम के तहत सैन्य परिवहन, रसद और अन्य विशेष परिवहन संबंधी रक्षा क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करना है। इनकी आपूर्ति आगामी वित्त वर्ष 2025-26 में शुरू की जाएगी। अशोक लेलैंड के रक्षा कारोबार के अध्यक्ष अमनदीप सिंह ने कहा, 'भारतीय सेना को रसद वाहनों के सबसे बड़े आपूर्तिकर्ता के रूप में हमें अपने बलों को सहयोग देने में बहुत गर्व महसूस होता है। हम इन ठेकों को समय पर पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

# इरेडा को एसबीआई की टोक्यो शाखा से येन की ऋण सुविधा

- टोक्यो शाखा से 26 अरब जापानी येन कि ऋण सुविधा मिली

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की इरेडा ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की तोक्यो शाखा से 26 अरब जापानी येन की बाह्य वाणिज्यिक ऋण सुविधा हासिल करने की शुक्रवार को जानकारी दी। इसमें 10 अरब जापानी येन का ग्रीन शू विकल्प भी शामिल है।

कंपनी ने बयान में कहा कि यह पांच वर्षीय असुरक्षित सुविधा इरेडा की वैश्विक बाजार उपस्थिति को मजबूत करेगी। इसमें कहा गया, '' इरेडा ने आज एसबीआई की तोक्यो शाखा से 26 अरब जापानी येन के लिए बाह्य वाणिज्यिक ऋण (ईसीबी) जुटाने के लिए एक सुविधा समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें 10 अरब जापानी येन का ग्रीन शू विकल्प भी शामिल है। कंपनी ने कहा, '' 'लैंडेड कॉस्ट' (हेजिंग के बाद) सात प्रतिशत से कम रहने की उम्मीद है, जिससे यह घरेलू बाजार में समान अवधि के ऋणों की तुलना में अधिक लागत प्रभावी होगा।

# कमजोर वैश्विक संकेतों से स्थानीय शेयर बाजार गिरा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय आयात पर अमेरिका में दो अप्रैल से जवाबी सीमा शुल्क लगाने से जुड़ी अनिश्चितताओं के बीच वित्त वर्ष 2024-25 के अंतिम कारोबारी दिवस पर शुक्रवार को स्थानीय बाजारों में गिरावट हावी रही। निफ्टी करीब 73 अंक फिसला। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबारी सत्र में 191.51 अंक यानी 0.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,414.92 पर बंद हुआ। निफ्टी 72.60 अंक गिरकर 23,519.35 पर आ गया। इसके साथ ही वित्त वर्ष 2024-25 का आखिरी कारोबारी दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। उतार-चढ़ाव से भरे इस वित्त वर्ष में सेंसेक्स कुल 3,763.57 अंक यानी 5.10 प्रतिशत उछला जबकि निफ्टी 1,192.45 अंक यानी 5.34 प्रतिशत चढ़ा।



- वित्त वर्ष में सेंसेक्स पांच प्रतिशत चढ़ा
- निफ्टी करीब 73 अंक फिसला

*इन शेयरों में रही गिरावट*

*सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से इंडसइंड बैंक के शेयरों में 3.50 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई जबकि महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर दो प्रतिशत से अधिक गिर गया। इसके अलावा एचसीएल टेक, मारुति, इन्फोसिस, जोमैटो, पावर ग्रिड, अदाणी पोर्ट्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी नुकसान में रहे।*

*इन शेयरों में रही तेजी*

*दूसरी तरफ कोटक महिंद्रा बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा मोटर्स, नेस्ले और भारती एयरटेल के शेयरों में तेजी का रुख देखने को मिला।*

# हुंडई इंडिया को निफ्टी नेक्स्ट 50 सूचकांक में मिली जगह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- निफ्टी 100 और निफ्टी 500 में भी शामिल करने की घोषणा
- कंपनी 22 अक्टूबर 2024 को शेयर बाजार में सूचीबद्ध हुई

वाहन कंपनी हुंडई मोटर इंडिया लि. ने शुक्रवार को निफ्टी नेक्स्ट 50, निफ्टी 100, निफ्टी 500 और अन्य प्रमुख पूंजी बाजार सूचकांकों में कंपनी का शेयर शामिल किए जाने की घोषणा की।

हुंडई मोटर इंडिया (एचएमआईएल) ने 22 अक्टूबर, 2024 को अपनी सूचीबद्धता के बाद भारतीय शेयर बाजारों में कारोबार शुरू किया था। एचएमआईएल के प्रबंध निदेशक उन्सू किम ने बयान में कहा, एक सूचीबद्ध इकाई के रूप में हम मील का एक और पत्थर हासिल करने के लिए उत्साहित हैं। निफ्टी नेक्स्ट 50 और बीएसई 500 जैसे प्रतिष्ठित भारतीय पूंजी बाजार सूचकांकों का हिस्सा बनकर, हमने भारतीय शेयर बाजारों में हुंडई मोटर इंडिया की स्थिति को मजबूत किया है...। उन्होंने कहा, जैसे-जैसे भारत आगे बढ़ेगा, एचएमआईएल इसके साथ बढ़ना जारी रखेगी। साथ ही नवोन्मेष को आगे बढ़ाने, परिचालन दक्षता में सुधार करने और रणनीतिक निवेश करने पर निरंतर ध्यान केंद्रित करेगा जो हमारे कारोबारी दृष्टिकोण को मजबूत करेगा और भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में योगदान देगा।

### 24 मार्च से बीएसई 500 में शामिल

मॉर्गन स्टेनले कैपिटल इंटरनेशनल (एमएससीआई) के 28 फरवरी, 2025 को हुए पुनर्गठन में एचएमआईएल भारत की एकमात्र बड़ी कंपनी थी, जिसे एमएससीआई वैश्विक मानक सूचकांक में शामिल किया गया था। इसके साथ ही हुंडई मोटर को 24 मार्च से बीएसई 500, बीएसई लार्ज कैप और बीएसई लार्ज मिडकैप में शामिल किया जा चुका है।

### बीईएमएल को बेंगलुरू मेट्रो से 405 करोड़ का ठेका

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी बीईएमएल ने बेंगलुरू मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीएमआरसीएल) से 405 करोड़ रुपये का ठेका मिलने की शुक्रवार को जानकारी दी। बीईएमएल ने बयान में कहा कि इस ठेके में बेंगलुरू मेट्रो रेल परियोजना के दूसरे चरण के लिए सात अतिरिक्त मेट्रो ट्रेन (42 डिब्बे) की आपूर्ति शामिल है। इससे अनुबंध के तहत ट्रेन सेट की कुल संख्या 53 (318 डिब्बे) से बढ़कर 60 (360 डिब्बे) हो जाएगी।

## देश के लिए कई अवसर उत्पन्न होंगे : नीति आयोग अधिकारी

# अमेरिकी जवाबी शुल्क का भारत पर कोई असर नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- मेक्सिको, चीन और कनाडा की तुलना में भारत की स्थिति बेहतर

नीति आयोग के कार्यक्रम निदेशक पी साहू ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका की जवाबी शुल्क लगाने की योजना का भारत पर अधिक प्रभाव नहीं पड़ेगा, बल्कि इससे देश के लिए कई अवसर उत्पन्न हो सकते हैं।

अधिकारी ने कहा कि मेक्सिको, चीन और कनाडा जिनकी अमेरिका के कुल आयात में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी है उनकी तुलना में भारत की स्थिति बेहतर है। नीति आयोग के कार्यक्रम निदेशक ने कहा, हम आंकड़ों पर अलग-अलग स्तर पर गौर कर रहे हैं... ये प्रारंभिक परिणाम हैं लेकिन मैं आपको केवल यह बता सकता हूं कि हम नुकसान में नहीं रहेंगे।

### अमेरिकी बाजार में तीन प्रमुख प्रतिस्पर्धी देश

साहू ने कहा कि जवाबी शुल्क योजना के भारत पर प्रभाव का विस्तृत विश्लेषण रिपोर्ट के अगले संस्करण में पेश किया जाएगा। अमेरिकी बाजार में तीन मुख्य प्रतिस्पर्धी देश कनाडा, मेक्सिको और चीन हैं। अमेरिका के 3,100 अरब डॉलर के कुल आयात में इनकी 50 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इन देशों को 20-25 प्रतिशत शुल्क का सामना करना पड़ेगा।



*अप्रैल से जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा : अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत समेत अमेरिका के प्रमुख व्यापारिक साझेदारों पर अप्रैल से जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा की है। उन्होंने कई मंचों पर कहा है कि अमेरिकी वस्तुओं पर भारत उच्च शुल्क लगाता है।*

### शुल्क विशिष्ट क्षेत्रों को छोड़ कोई प्रभावित नहीं होगा

यह जवाबी शुल्क कुछ विशिष्ट क्षेत्रों को छोड़कर किसी को प्रभावित नहीं करेगा और वास्तव में इसमें लाभ उठाने के कई अवसर हैं। साहू ने नीति आयोग की तिमाही व्यापार निगरानी के दूसरे संस्करण के पेश किए जाने के बाद यह बात कही।

### 12 मार्च से इस्पात व एल्युमीनियम पर लगाया शुल्क

अधिकारी ने कहा, इसलिए, यदि हम अपनी स्थिति की तुलना करें....अमेरिकी बाजार में अपने प्रतिस्पर्धियों पर इन शुल्क के लागू होने के बाद की स्थिति की तुलना करें तो हम बहुत बेहतर स्थिति में हैं। अमेरिका ने 12 मार्च से इस्पात और एल्युमीनियम उत्पादों पर 25 प्रतिशत आयात शुल्क लगा दिया है। उसने पूर्णतः निर्मित वाहनों (सीबीयू) और उसके कल-पुर्जों पर भी 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की है, जो तीन अप्रैल से प्रभावी होगा।

## चिंतन

# चालू खाता घाटा बढ़ने का पड़ेगा नकारात्मक असर

बेशक भारत तेज जीडीपी दर वाला देश हो, लेकिन आर्थिक संकेतक चेतावनी दे रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, देश का चालू खाता घाटा मौजूदा वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में बढ़कर 11.5 अरब डॉलर यानी जीडीपी का 1.1 प्रतिशत हो गया। चालू खाते के घाटे (कैड) में वृद्धि का मुख्य कारण व्यापार घाटे का अधिक होना है। एक साल पहले की समान तिमाही में यह 10.4 अरब डॉलर (सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी का 1.1 प्रतिशत) था। राजस्व घाटे में भी लगातार वृद्धि हुई है। उद्योग जगत से भी चिंताजनक आंकड़े आए हैं। देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर फरवरी में घटकर पांच महीने के निचले स्तर 2.9 प्रतिशत पर आ गयी। पिछले साल इसी महीने में बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 7.1 प्रतिशत रही थी। मासिक आधार पर इन उद्योगों की वृद्धि दर जनवरी में दर्ज 5.1 प्रतिशत की वृद्धि से कम रही। इससे पहले सितंबर में 2.4 प्रतिशत की न्यूनतम वृद्धि दर्ज की गई थी। फरवरी में कच्चा तेल तथा प्राकृतिक गैस उत्पादन की वृद्धि में गिरावट आई। आठ प्रमुख क्षेत्र (क्रूड ऑयल, प्राकृतिक गैस, कोयला, रिफाइनरी उत्पाद, सीमेंट, उर्वरक, इस्पात व बिजली) औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27 प्रतिशत का योगदान करते हैं। डॉलर के मुकाबले रुपये कमजोर होते जा रहे हैं, शेयर बाजार में उठापटक जारी है। सोने पर भारी दबाव है, पिछले दो तिमाही से जीडीपी दर सिकुड़ रही है, ऐसे में सरकार के लिए आर्थिक मोर्चे पर स्थिति जल्द संभालने की आवश्यकता है। चालू खाता घाटा (करेंट अकाउंट डेफिसिट-कैड) बढ़ने से अर्थव्यवस्था पर कई तरह के नकारात्मक प्रभाव पड़ सकते हैं, जैसे कि मुद्रा की कीमत में गिरावट, विदेशी निवेश में कमी, और ऋण स्तर में वृद्धि आदि। चालू खाता घाटा लगातार बना रहने पर सरकार को इसका वित्तपोषण करना पड़ता है और ऋण लेना पड़ता है। साथ ही कैड बढ़ने देश में आर्थिक संकट का संकेत मिलता है, जिसका अर्थ है कि क्रेडिट रेटिंग एजेंसियां देश की रेटिंग घटा सकती हैं। कैड में व्यापार खाता (वाणिज्यिक वस्तुओं का आयात और निर्यात), सेवा खाता (सेवाओं का आयात और निर्यात) और विदेश से शुद्ध आय (जैसे कि प्रेषण) शामिल हैं। चालू खाता घाटा की स्थिति तब होती है जब किसी देश के वस्तु और सेवाओं के आयात का मूल्य उसके निर्यात से अधिक होता है। कैड बढ़ने का असर विकास पर पड़ता है, क्योंकि यह राष्ट्रीय निवेश और बचत से निकटता से जुड़ा हुआ है। यह विनिमय दरों को प्रभावित करता है और इस प्रकार किसी अर्थव्यवस्था की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता को भी प्रभावित करता है। विदेशी मुद्रा बाजार में रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप से भी कोई मदद नहीं मिल रही है। रुपये में गिरावट जारी है। कैड और राजकोषीय घाटा संयुक्त रूप से दोहरा घाटा है जो शेयर बाज़ार और निवेशकों को प्रभावित कर सकते हैं। कैड का बढ़ना देश में निवेश सेंटिमेंट को बढ़ाता है। हाल के महीनों में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय बाजार से पैसे निकाले हैं। पिछले कुछ महीनों से भारत का व्यापार घाटा लगातार बढ़ा है, जिसका मतलब है हम निर्यात से अधिक आयात कर रहे हैं, यह स्थिति तब है जब सरकार मेक इन इंडिया व वोकल फोर लोकल अभियान चला रही है। व्यापार घाटा बढ़ने का ही नतीजा है कि केड बढ़ रहा है। आयात पर अंकुश लगाकर व निर्यात को बढ़ावा देकर सरकार चालू खाता घाटा को कम कर सकती है। भारत को ग्लोबल मार्केट में अपने लिए नए अवसर बनाने चाहिए।



विश्लेषण
प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

# देश में सहकारिता से आएगा बदलाव

> केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी विधेयक, 2025 पेश कर दिया और सदन ने इस विधेयक को ध्वनिमत से पारित भी कर दिया है। देश में निश्चय ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ करने की दिशा में गहरी सोच का अभाव था, स्वरोजगार और छोटी उद्यमिता के विकास में अरुचि थी। इससे न तो सामाजिक समावेशिता के लक्ष्य पूर्ण हो पा रहे थे और न ही नवाचार में हमारे युवाओं व वैज्ञानिकों के बीच सोच विकसित हो पा रही थी। भारत में नरेंद्र मोदी सरकार के बाद सहकारिता मंत्रालय की स्थापना एक दूरदर्शी लक्ष्य रहा है। भारत में सहकारिता में जनमानस की अपनी सहभागिता दिखती रही है।

भारत में सहकारिता का यह स्वर्णिम काल है। इस समय देश के गृह मंत्री अमित शाह ने स्वयं सहकारिता आन्दोलन की बयार को तेज कर दिया है। देश में आज़ादी के बाद सहकारिता को लेकर किया जा रहा कार्य स्वर्णाक्षरों में अंकित हो रहा है, ऐसा कहा जाए तो कोई अतिश्योक्तिपूर्ण बात न होगी। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी विधेयक, 2025 भी पेश कर दिया और सदन ने इस विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया है। देश में निश्चय ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ करने की दिशा में गहरी सोच का अभाव था, स्वरोजगार और छोटी उद्यमिता के विकास में अरुचि थी। इससे न तो सामाजिक समावेशिता के लक्ष्य पूर्ण हो पा रहे थे और न ही नवाचार में हमारे युवाओं व वैज्ञानिकों के बीच सोच विकसित हो पा रही थी। भारत में नरेंद्र मोदी सरकार के बाद सहकारिता मंत्रालय की स्थापना एक दूरदर्शी लक्ष्य रहा है।

इस मंत्रालय की बागडोर सहकारिता में अभिरुचि रखने वाले नेता अमित शाह ने जब सम्हाली तो उन्होंने कम समय में बहुत कुछ कर दिखाया जिससे आज भारत का आम आदमी लाभान्वित हो रहा है। वस्तुतः भारत में सहकारिता में जनमानस की अपनी सहभागिता दिखती रही है। सहकारिता मंत्रालय बन जाने से इस क्षेत्र में फोकस होकर कार्य करने और उपलब्धियों को हासिल करने में बल मिला है। इससे जन सरोकार को बल मिला है और अच्छी बात यह है कि भारत के लोग अपने उद्यम, अपने श्रम और अपनी गरिमा को संयोजित व सुरक्षित करने लगे हैं। लोकसभा में त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी विधेयक, 2025 पेश करते हुए सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा भी कि सहकारिता एक ऐसा विषय है जो देश में हर परिवार को छूता है। हर गाँव में कोई न कोई ऐसी इकाई है जो सहकारिता के माध्यम से कृषि विकास, ग्रामीण विकास और स्वरोजगार के काम में जुटी हुई है और देश के विकास में योगदान करती है। आजादी के 75 वर्षों बाद आज देश को पहला सहकारिता विश्वविद्यालय मिल रहा है। इस विधेयक के पारित होने के बाद ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी, स्वरोजगार और छोटी उद्यमिता का विकास होगा, सामाजिक समावेशिता बढ़ेगी और नवाचार तथा अनुसंधान में कई नए मानांक स्थापित करने के अवसर भी मिलेंगे। सबसे अहम् बात जो अमित शाह ने कही, वह यह कि इस प्रकार पूरे देश को सहकारिता की भावना से युक्त और आधुनिक शिक्षा से लैस एक नया सहकारिता नेतृत्व मिलेगा।

भारतीय समाज में सहकारिता की यह अलख जगाने की इच्छाशक्ति निःसंदेह प्रशंसनीय है और अनुकरणीय भी है। भारतीय जनमानस को स्वावलंबन देने व अपने संकल्प से देश को विकास पथ पर आगे ले जाने की दिशा में यह अमित शाह का कार्य है। उनकी इस विश्वविद्यालय को स्थापित करने के पीछे मंशा बहुत पवित्र है, सबसे महत्वपूर्ण यह है। वह इस कोऑपरेटिव क्षेत्र के विकास और विस्तारित करने की कोशिश में हैं। वह चाहते हैं कि प्रशिक्षित मानव संसाधन की जरूरत हमें पड़ेगी, उसकी भरपाई त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी से वह पूरा कर सकें। अमित शाह ने उम्मीद ही नहीं विश्वास व्यक्त किया है कि सहकारी यूनिवर्सिटी बनने के बाद इसके डिप्लोमा और डिग्री धारकों को नौकरी



मिलेगी। इस यूनिवर्सिटी से हम डोमेस्टिक के साथ ग्लोबल वैल्यू चैन में भी बड़ा योगदान करेंगे। न्यू एज कोऑपरेटिव कल्चर भी इस यूनिवर्सिटी से शुरू होगा। उनकी चिंता है कि देशभर में हजारों की संख्या में सहकारी शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान फैले हुए हैं, मगर इनके कोर्स में कोई मानकीकरण नहीं है। वह चाहते हैं कि इसे हम व्यवस्थित कर सकें। उन्होंने इसीलिए लोक सभा में विधेयक पेश करते हुए अपने ज़वाब में कहा कि हमने यूनिवर्सिटी बनने से पहले ही कोऑपरेटिव क्षेत्र की जरूरत को ध्यान में रखकर कोर्स डिजाइन का काम शुरू कर दिया है। यूनिवर्सिटी में डिग्री, डिप्लोमा कोर्स भी होंगे और पीएचडी की डिग्री भी दी जाएगी। साथ ही सहकारिता के क्षेत्र में काम कर सभी मौजूदा कर्मचारियों के लिए अल्पावधि का सर्टिफिकेट कोर्स भी होगा।

सहकारिता क्षेत्र को समर्पित देश का पहला विश्वविद्यालय आजादी के 75 साल बाद बनेगा और सोचिए कि जब उससे हमारे देश की युवा आबादी प्रशिक्षित होगी तो सहकारिता को बढ़ावा देने वाले लोग, सहकारिता की सोच को आगे बढ़ाने वाले बौद्धिक वर्ग को हम तैयार करेंगे। गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह चाहते हैं कि प्रतिवर्ष लाखों युवा लोग डिप्लोमा, डिग्री या सर्टिफिकेट लेकर सहकारी आंदोलन में सम्मिलित हों। शाह ने कहा भी कि वे 18 वर्ष की आयु से कोऑपरेटिव से जुड़े रहे हैं और इसकी खूबियों और कमियों का अनुभव किया है। मोदी जी एक समृद्ध भारत की नींव डाल रहे हैं और यह विधेयक इसमें मजबूत स्ट्रक्चर प्रदान करेगा। त्रिभुवन दास पटेल की सोच थी कि सहकारी क्षेत्र में मुनाफा हर गरीब महिला तक पहुंचे, इसलिए यह यूनिवर्सिटी उनके नाम पर रखने का प्रस्ताव किया गया है। इस विश्वविद्यालय के बनने से निश्चय ही अमित शाह के अपने सहकारिता सोच व स्वप्न को साकार होते हुए भारत के लोग देखेंगे और उससे लाभान्वित होंगे। दुनिया में बहु-क्षेत्रीय स्वनिर्भर सहकारिता संगठन आगे आकर कार्य कर रहे हैं। सहकारिता क्षेत्र को बढ़ावा देने वाली शिक्षण व कौशल निर्माण कार्यशालाओं का आयोजन विश्व भर में किया जा रहा है। जैसा कि केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि इस विधेयक के माध्यम से सहकारी सिद्धांतों और सहकारी गतिविधियों का विस्तार होगा, कोऑपरेटिव क्षेत्र को नई प्रोद्योगिकी का फायदा होगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। साथ ही अनुसंधान और नवाचार भी बढ़ेंगे और जमीनी स्तर पर कोऑपरेटिव क्षेत्र मजबूत भी होगा। त्रिभुवन दास जैसे महान व्यक्ति के नाम से जुड़े होने के कारण यह सहकारी यूनिवर्सिटी उच्च कोटि की यूनिवर्सिटी सिद्ध होगी। यह देश में बहुत अच्छे सहकारिता कर्मी देने का काम करेगी। यह उनका स्वाभाविक इच्छाशक्ति और अपनी आत्मशक्ति का प्रतिफल है। निःसंदेह अब त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय से सहकारी क्षेत्र को संगठनों की कार्यक्षमता में सुधार, प्रशिक्षित मानव संसाधनों से पारदर्शिता को बढ़ावा मिलेगा। डिजिटल नवाचार के तहत सहकारी प्लेटफार्मों पर अनुसंधान, अंतरराष्ट्रीय मानकों पर सहकारी संस्थानों का निर्माण और नई फंडिंग योजनाओं के विकास के लिए वित्तीय रणनीतियों का सृजन होगा तो इससे देश ही विकास करेगा। अमित शाह ने अपने कम समय में जो प्रतिष्ठित अवदान विश्वविद्यालय के रूप में दिया है, उसका अभिनन्दन किया जाना चाहिए। यह सहकारिता के लिए नए नैरेटिव की स्थापना है। यह उनका भारत निर्माण की दिशा में किया जा रहा सद्प्रयास है। त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी विधेयक, 2025 भले ही अभी शुरू हो रहा हो, लेकिन आने वाले 2047 तक यह विश्वविद्यालय लाखों युवा सहकारी पैरोकारों को तैयार कर चुका होगा।

(लेखक राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी रह चुके हैं और केंद्रीय विश्वविद्यालय पंजाब में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## वर्ल्ड बाइपोलर डे

खुशी जिंदल



# मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाना जरूरी

हम अक्सर शारीरिक बीमारियों के बारे में खुलकर बात करते हैं, लेकिन मानसिक स्वास्थ्य पर चर्चा करने से कतराते हैं। अगर कोई व्यक्ति डिप्रेशन या किसी अन्य मानसिक बीमारी से जूझ रहा हो, तो समाज उसे समझने की बजाय 'पागल' या 'अजीब' कहकर उसका आत्मविश्वास और भी गिरा देता है। यही कारण है कि मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को अक्सर नज़रअंदाज़ कर दिया जाता है, जबकि ये उतनी ही वास्तविक और गंभीर होती हैं जितनी कोई शारीरिक बीमारी। आज के समय में, जहां तनाव और चिंता हमारे जीवन का हिस्सा बन चुके हैं, मानसिक बीमारियों का बढ़ना स्वाभाविक है।

आज के दिन यानि 30 मार्च को "वर्ल्ड बाइपोलर डे" मनाया जाता है ताकि बाइपोलर डिसऑर्डर जैसी मानसिक समस्याओं के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके और इस विषय पर खुलकर बात की जा सके। बाइपोलर डिसऑर्डर एक गंभीर मानसिक बीमारी है जिसमें व्यक्ति के मूड में तीव्र और अनियमित बदलाव होते हैं। यह बदलाव हफ्तों या महीनों तक रह सकते हैं और व्यक्ति की रोज़मर्रा की ज़िंदगी, रिश्तों और कामकाज पर गहरा असर डाल सकते हैं। इस बीमारी में व्यक्ति के भावनात्मक अनुभव दो विपरीत दिशाओं में जा सकते हैं। एक समय पर वह अत्यधिक उत्साहित, ऊर्जावान और आत्मविश्वासी महसूस कर सकता है। इस दौरान व्यक्ति को कम सोने पर भी थकान महसूस नहीं होती और उसका दिमाग तेज़ी से विचारों से भरा रहता है। वह एक बात पूरी किए बिना दूसरी पर चला जाता है और अत्यधिक बातें करने लगता है। इस अवस्था में कई बार व्यक्ति बिना सोचे-समझे बड़े फैसले ले लेता है, जैसे बेवजह पैसे खर्च करना, तेज़ गाड़ी चलाना या जोखिम भरे काम करना। दूसरी अवस्था में व्यक्ति अत्यधिक उदास, अकेला और निराश महसूस करता है। उसे ऐसा लग सकता है कि उसकी ज़िंदगी में कुछ भी अच्छा नहीं है। पहले जिन चीज़ों में रुचि थी, उनमें अब कोई आनंद महसूस नहीं होता। व्यक्ति या तो बहुत ज़्यादा सोता है या बिल्कुल नहीं सो पाता। हर समय थकान और ऊर्जा की कमी बनी रहती है। नकारात्मक विचार हावी हो जाते हैं, यहां तक कि व्यक्ति आत्महत्या के बारे में भी सोच सकता है। अगर कोई व्यक्ति इनमें से कुछ लक्षण महसूस करता है या उसके आसपास कोई इनका अनुभव कर रहा है, तो उसे नजरअंदाज या तिरस्कार करने के बजाय एक अच्छे मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ, जैसे कि साइकोलॉजिस्ट या साइकियाट्रिस्ट से संपर्क करना चाहिए। बाइपोलर डिसऑर्डर का सही इलाज संभव है और समय पर उपचार से व्यक्ति सामान्य जीवन जी सकता है।



सबसे ज़रूरी यह है कि इस बीमारी से जूझ रहे व्यक्ति को समाज से समर्थन और समझ मिले, न कि तिरस्कार। इसे नियंत्रित रखने के लिए कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखना चाहिए, नशे और शराब से बचें, क्योंकि ये लक्षणों को और बिगाड़ सकते हैं। समय पर डॉक्टर से सलाह लें। अपने परिवार और दोस्तों को अपनी स्थिति के बारे में बताएं ताकि वे सही समय पर सहायता कर सकें। नियमित दिनचर्या बनाए रखें, तनाव कम करें और पर्याप्त नींद लें। सबसे जरूरी बात, डॉक्टर द्वारा दी गई दवाओं को नियमित रूप से लें और बिना सलाह के बंद न करें। मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए सकारात्मक सोच, नियमित व्यायाम, अच्छी नींद, संतुलित आहार और अपनों से बातचीत करना जरूरी है। ये आदतें न केवल तनाव को कम करती हैं, बल्कि गंभीर मानसिक बीमारियों, जैसे बाइपोलर डिसऑर्डर, से भी बचाने में मदद करती हैं। जब हम अपनी भावनाओं को समझते और नियंत्रित करते हैं, तो अचानक आने वाले मूड स्विंग्स, अत्यधिक उदासी या अतिउत्साह जैसी स्थितियों से बच सकते हैं। मानसिक बीमारियों को जितना जल्दी पहचाना जाए, उतना ही जल्दी सही इलाज संभव होता है। इस वर्ल्ड बाइपोलर डे पर हमें मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ानी चाहिए, क्योंकि यह भी शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है।

(लेखिका क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अहिंसा के प्रयोग



संकलित

दर्शन

हिंसा को किसी भी प्रकार से रोकना या इसके प्रभाव को कम करना, समाज का अनिवार्य कर्तव्य है। हिंसा अनेक तरह की हो सकती है। शारीरिक हिंसा के अतिरिक्त यह मानसिक, शाब्दिक या परोक्ष भी हो सकती है। ऐसी स्थितियां उत्पन्न कर देना, जिससे भय एवं आतंक की छाया में जीवन हर समय आशंकित हो, अव्यवस्थित हो- अप्रत्यक्ष हिंसा है। इसलिए प्रत्येक हिंसा का शमन ही मानव के लिए हितकारी है। हिंसा किसी पशु या अमानुष का विषय हो सकती है, परंतु मानव का धर्म कतई नहीं हो सकती। अहिंसा परमो धर्मः, यही सत्य वचन है। हिंसा किसी समस्या का हल नहीं है। अहिंसा सभी समस्याओं का हल है। लोगों के मन के भीतर प्रेम का बीज होता है, घृणा का फल नहीं। सावधानी से आदर्श व्यवहार का धैर्यपूर्वक पालन किया जाए तो विवाद की स्थिति नहीं आ सकती। किसी विवाद के उत्पन्न होने से शांति के लिए सदैव एक राह शेष रहती है, इस तथ्य को गांठ बांध लेना चाहिए।

वार्ता से रास्ता निकलता है। संवेदनहीनता से मानवता का मार्ग अवरुद्ध होगा। आप भगवान को मानें या न मानें, इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ेगा, बल्कि इससे आपका महत्व अवश्य बढ़ेगा या घटेगा। इसी तरह प्रकृति के विषय में सार्थक सोच होना चाहिए। नैतिकता के पाठों में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। हिंसा तो मानवता के लिए विष के समान है। अहिंसा का प्रयोग करने वाले व्यक्ति शांति के सच्चे नायक हैं।

## मूर्ख साधू और ठग




संकलित

प्रेरणा

किसी गाँव के मंदिर में देव शर्मा नाम का एक प्रतिष्ठित साधू रहता था। उसे अपने भक्तों से दान में तरह- तरह के वस्त्र, उपहार, खाद्य सामग्री और पैसे मिलते थे। उन वस्त्रों को बेचकर साधू ने काफी धन जमा कर लिया था। वह अपने धन को एक पोटली में रखता था और उसे हमेशा अपने साथ लेकर ही चलता था। उसी गाँव में एक ठग रहता था। ठग हमेशा साधू का पीछा किया करता था, लेकिन साधू उस गठरी को कभी अपने से अलग नहीं होने देता। उसने साधू से मिन्नत की कि वह उसे अपना शिष्य बना ले क्योंकि वह ज्ञान प्राप्त करना चाहता था। साधू तैयार हो गया और इस तरह से वह ठग साधू के साथ ही मंदिर में रहने लगा। ठग मंदिर की साफ सफाई से लेकर अन्य सभी कार्य भी करता था। एक दिन साधू को पास के गांव में एक अनुष्ठान के लिए आमंत्रित किया गया, साधू ने वह आमंत्रण स्वीकार किया और निश्चित दिन साधू अपने शिष्य के साथ अनुष्ठान में भाग लेने के लिए निकल पड़ा। रास्ते में एक नदी पड़ी और साधू ने स्नान करने की इच्छा व्यक्त की। उसने पैसों की गठरी को एक कम्बल के भीतर रखा और उसे नदी के किनारे रख दिया। उसने ठग से सामान की रखवाली करने को कहा और खुद नहाने चला गया। ठग को तो कब से इसी पल का इंतज़ार था। जैसे ही साधू नदी में डुबकी लगाने गया, वह रुपयों की गठरी लेकर चम्पत हो गया। शिक्षाः किसी अजनबी की चिकनी चुपड़ी बातों में आकर ही उस पर विश्वास नहीं कर लेना चाहिए।

## कूनो में चहलकदमी



**शिवपुरी।** मध्यप्रदेश के शिवपुरी के कूनो नेशनल पार्क में मादक चीता 'वीरा' के दो माह के दो शावक जंगल में चहलकदमी करते हुए।

## आज की पाती

### न्यायपालिका में सुधार की आवश्यकता

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के एक फैसले पर रोक लगा दी है। इससे रेप के मामले चर्चा में आ गए हैं। यह कोई पहला मामला नहीं है जब न्यायपालिका के किसी फैसले ने विवाद खड़ा किया हो। इससे पहले भी कई ऐसे निर्णय सामने आए हैं, जिन्होंने यौन हिंसा से जुड़े मामलों में न्याय व्यवस्था की संवेदनशीलता पर सवाल उठाए हैं। कई बार पीड़ितों को न्याय मिलने में सालों लग जाते हैं और कई मामलों में फैसले इतने कमजोर होते हैं कि अपराधियों को इसका लाभ मिल जाता है। कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि न्यायपालिका को यौन अपराधों के मामलों में अधिक जागरूक और संवेदनशील होने की जरूरत है। सिर्फ कानून की किताबों में लिखी धाराओं का पालन करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह भी देखना जरूरी है कि इनका समाज पर क्या प्रभाव पड़ता है?

- प्रभात साहू, धमतरी

## करंट अफेयर

# ऑस्ट्रेलिया में तीन मई को होगा चुनाव


ऑस्ट्रेलिया में तीन मई को आम चुनाव के लिए मतदान होगा जिसमें बढ़ती महंगाई और आवास की कमी मुख्य चुनावी मुद्दे हो सकते हैं। देश के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीस की वामपंथी 'लेबर पार्टी' लगातार दूसरी बार सरकार बनाने की कोशिश कर रही हैं। अल्बानीज चुनाव की प्रक्रिया शुरू करने के लिए शुक्रवार को गवर्नर जनरल सैम मोस्टिन के आधिकारिक आवास पर गए और उन्होंने बाद में संसद भवन में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान चुनाव की तारीख की घोषणा की। अल्बानीज ने कहा, ''हमारी सरकार ने वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए ऑस्ट्रेलियाई तरीका चुना है: भविष्य के लिए निर्माण करते हुए जीवनयापन की लागत के दबाव से जूझ रहे लोगों की मदद करने के तरीका।'' कई विश्लेषकों ने विपक्षी नेता पीटर डटन की 'लिबरल पार्टी' के नेतृत्व वाले रूढ़िवादी गठबंधन के चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करने की संभावना जताई है। अल्बानीस के सत्ता में आने के बाद से ऑस्ट्रेलिया में जीवनयापन की लागत में वृद्धि हुई है। पिछले चुनाव के बाद से ब्याज दरों में 12 बार बढ़ोतरी की गई है।



## ऑफ बीट

# स्टेम सेल से मानव भ्रूण बनाने पर शोध

कृत्रिम मानव भ्रूण – जिन्हें भ्रूण शरीर, भ्रूण जैसी संरचनाएं या भ्रूण मॉडल भी कहा जाता है – 'प्राकृतिक मानव भ्रूण' के विकास की नकल करते हैं, जो निषेचन द्वारा निर्मित होते हैं। सिंथेटिक मानव भ्रूण में 'कोशिकाएं शामिल होती हैं जो आम तौर पर भ्रूण, प्लेसेंटा और जर्दी थैली का निर्माण करती हैं, और रोगाणु कोशिकाओं के अग्रदूत बनने के लिए विकसित होती हैं (जो शुक्राणु और अंडे का निर्माण करेंगी)।' यद्यपि प्राकृतिक मानव भ्रूण से संबंधित अनुसंधान कई देशों में कानूनी है, फिर भी यह विवादास्पद बना हुआ है। कुछ लोगों के लिए, कृत्रिम मानव भ्रूण से जुड़ा शोध कम विवादास्पद है क्योंकि ये भ्रूण 'प्रसवोत्तर चरण के मनुष्यों के बराबर विकसित नहीं हो सकते हैं।' दूसरे शब्दों में, ये भ्रूण अव्यवहार्य हैं और इनसे आगे जाकर किसी का जन्म नहीं हो सकता। इसके अलावा, कुछ का मानना है कि सिंथेटिक मानव भ्रूण का निर्माण 14-दिन की सीमा से परे अनुसंधान की अनुमति देगा जो आमतौर पर प्राकृतिक मानव भ्रूण पर लागू होता है। लेकिन क्या ऐसा होगा? यू.के. कानून मानव भ्रूण के अनुसंधान उपयोग को विकास के 14 दिनों तक सीमित करता है।



## ट्रेंड

### एकजुट होकर काम करेंगे

कर्नाटक के जिला कांग्रेस अध्यक्षों से मुलाकात की। वे पार्टी की विचारधारा की रक्षा और प्रचार में सबसे आगे हैं। हम सब मिलकर पार्टी को मजबूत करेंगे और लोगों के कल्याण और संविधान की रक्षा के लिए एकजुट होकर काम करेंगे।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष



### शासन-प्रशासन निष्क्रिय

प्रतापगढ़ में दलित समाज की युवती की मौत पर शासन-प्रशासन की निष्क्रियता और उदासीनता से भीड़ के आक्रोशित होने के लिए भाजपा सरकार स्वयं ज़िम्मेदार है। शासन-प्रशासन 'पीडीए समाज' में किसी की मौत होने पर भी चुप्पी साधकर बैठ जाता है।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद



### सीमाओं को आगे बढ़ाएं

सफलता का मतलब नियमों का पालन करना नहीं है। इसका मतलब है उन्हें फिर से लिखना। अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाएँ, तेज़ी से आगे बढ़ें और हमेशा चादर से ज़्यादा पैर फैलाएं !


-अनिल अग्रवाल, उद्यमी



### समय मन की रचना

जितना अधिक आप क्वांटम विज्ञान और रहस्यवाद का अध्ययन करते हैं, उतना ही आपको एहसास होता है कि कुछ भी शुरू नहीं हुआ और कुछ भी समाप्त नहीं हुआ। समय मानव मन की रचना है। इसलिए सबसे अच्छी कहानियाँ अंत का सुझाव देती हैं।

-शेखर कपूर, फिल्मकार



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा बेटी दे रहा हूं, गड़बड़ हुई तो जवाबदारी तुम्हारी

# हजारों बहनों के सामूहिक विवाह में शामिल होना अद्भुत अनुभव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि झाबुआ में एक साथ लगभग दो हजार और अलीराजपुर में 1369 जोड़ों के सामूहिक विवाह में शामिल होने का आनंद अदभुत और अविस्मरणीय है। उन्होंने नव-विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए सभी के मंगलमय और सुखद दांपत्य जीवन की कामना की। डॉ. यादव ने कहा कि बेटों मैं अपनी बेटी दे रहा हूं, कोई गड़बड़ मत करना। सारी जवाबदारी तुम्हारी होगी।

उन्होंने मुख्यमंत्री सम्मेलन में कुछ जोड़ों को प्रतीकात्मक रूप से 49-49 हजार की राशि के चेक भी प्रदान किए। डॉ. यादव ने कहा कि मनुष्य जीवन के 16 संस्कारों में से पाणिग्रहण संस्कार गृहस्थ जीवन में प्रवेश के लिए महत्वपूर्ण संस्कार है। इसमें 7 फेरों से 7 वचनों को पूरा कर सात जन्मों तक बंधन में बंधते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह, निकाह सम्मेलन में शामिल जोड़ों को विवाह और निकाह की बधाई देते हुए सभी के जीवन में खुशियों की कामना की। डॉ. यादव झाबुआ और अलीराजपुर में सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने झाबुआ में दो हजार जोड़ों को दिया आशीर्वाद

कुछ जोड़ों को प्रतीकात्मक रूप से दिए कन्यादान राशि के चेक



### सीएम ने कहा, पेयजल एवं सिंचाई के लिए बनाएंगे बैराज

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने झाबुआ जिले के निवासियों को सौगात देते हुए कहा कि राणापुर क्षेत्र में पेयजल एवं सिंचाई की समस्या के निराकरण के लिए भांडाखेड़ा बैराज, नागन खेड़ी, गलती, छायण, झालरवा, बुढाशाला और कल्लीपुरा में बैराज बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि देवी अहिल्या विश्वविद्यालय से संबद्ध झाबुआ में मेडिकल कॉलेज भी बनाया जाएगा। झाबुआ के विकास के लिए सभी कार्य किए जाएंगे। डॉ. यादव ने कहा कि किसी भी वर्ग को विकास की दौड़ में पीछे नहीं रहने दिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुरूप सबका साथ लेकर सबका विकास किया जाएगा, जिसमें सबके प्रयास और सबका विश्वास शामिल रहेगा।

### विशाल विवाह समारोह जिले के लिए सौभाग्यः मंत्री भूरिया

महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा कि जिले के लिए सौभाग्य है कि स्वयं मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आकर बहनों को आशीर्वाद प्रदान किया। प्रभारी एवं कैबिनेट मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा कि झाबुआ में आयोजित लगभग 2000 जोड़ों के सामूहिक विवाह में सम्मिलित होकर मन आनंदित हो गया हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मंत्री सुश्री भूरिया ने जनजातीय जैकेट 'झूलड़ी' पहनाकर, साफा बांधकर एवं तीर कमान भेंट कर स्वागत किया।

### नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे हीरा व्यवसाय

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अलीराजपुर में पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए भी कई अहम घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि 10 से अधिक गायों के पालन करने वाले पशुपालकों को विशेष अनुदान दिया जाएगा। दुग्ध उत्पादकों को प्रति लीटर दूध पर 5 रुपए का बोनस देने की घोषणा की गई। डॉ. यादव ने कहा कि अलीराजपुर के विकास के लिए विशेष योजना बनाई गई है। यहां हीरा उद्योग को बढ़ावा दिया जाएगा। स्थानीय युवाओं को रोजगार देने के लिए नए उद्योग स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के लिए गुजरात न जाना पड़े। इस वजह से हीरा उद्योग में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रदेश में हीरा व्यवसाय को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है।



### अलीराजपुर में 1369 जोड़ों को दिया आशीर्वाद

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव झाबुआ के बाद अलीराजपुर पहुंचे और वहां आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में 1369 नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अलीराजपुर में हीरा उद्योग को बढ़ावा देंगे। यहां मुख्यमंत्री ने क्षेत्र में 220 केवी का नया ग्रिड स्थापित करने की घोषणा की। इसके साथ ही नर्मदा नदी के किनारे घाट निर्माण और एक नए स्टेडियम के निर्माण की भी घोषणा की। किसानों के लिए बड़ी राहत देते हुए सरकार ने गेहूं की खरीद 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर से करने का ऐलान किया।*

## सांसद शर्मा ने लोकसभा में उठाया मुद्दा

# पन्ना, कटनी, खजुराहो में स्वीकृत हुए 25,730 प्रधानमंत्री आवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने गुरुवार को लोकसभा में केन्द्र सरकार द्वारा गरीबों को दिए जा रहे



पक्के आवास का मुद्दा उठाया। शर्मा ने जानना चाहा कि मध्यप्रदेश और खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जिलों में कितने प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए है। प्रश्न का जवाब देते हुए केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू ने बताया कि मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत 9,61,147 आवास स्वीकृत किए गए हैं। जबकि पन्ना एवं कटनी जिलों तथा खजुराहो नगर में 25,730 प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए हैं। शर्मा ने पूछा था कि पन्ना, कटनी जिलों और खजुराहो नगर में वंचित और शेष ईडब्लूएस, शहरी गरीबों को योजना का लाभ प्रदान के प्रयास किए जा रहे हैं?

### 10607 आवास बनकर तैयार हो चुकेः साहू

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के प्रश्न का उत्तर देते हुए केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू ने बताया कि यह योजना मांग आधारित है। इसका आशय यह है कि विभिन्न राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों से जितनी मांग आती है, उसके अनुसार आवास स्वीकृत किए जाते हैं। मप्र में इस योजना के अंतर्गत 9,61,147 आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें में से 8,52,134 का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू ने बताया कि पन्ना जिले में कुल 14229 आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 10607 आवास बनकर तैयार हो चुके हैं। इन आवासों के लिए 214.04 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं, जिसमें से 188.87 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं। कटनी जिले के लिए 10,413 प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 9519 बनकर तैयार हैं। कटनी जिले में योजना के अंतर्गत कुल 162.41 करोड़ की केंद्रीय सहायता स्वीकृत की गई थी, जिसमें से 150.53 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं। खजुराहो नगर में इस योजना के अंतर्गत 1088 आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 982 बनाए जा चुके हैं।*

### सीएम ने स्व. दुबे के परिजनों को दी चार लाख की सहायता



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को फोटो जर्नलिस्ट स्वर्गीय देवेंद्र दुबे के कोलार स्थित निवास पर पहुंचे। इस दौरान सीएम ने स्व. दुबे को श्रद्धांजलि दी। डॉ. यादव ने परिजनों को सांत्वना दी और 4 लाख रुपए आर्थिक सहायता का स्वीकृति पत्र प्रदान किया।

## जिला न्यायालय भवन कार्य की मंत्री सिंह ने की समीक्षा

# रोजाना तीन शिफ्टों में निर्माण कर सीसीटीवी कैमरों से करें निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



तय समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ निमार्णाधीन जिला न्यायालय भवन का निर्माण सुनिश्चित करने के लिए रोज तीन शिफ्टों में निर्माण कार्य किया जाएं। साथ निर्माण कार्यों की सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएं। यह निर्देश लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने गुरुवार को राजधानी में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर इंदौर में निमार्णाधीन जिला न्यायालय भवन की प्रगति की समीक्षा की और समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इस दौरान प्रमुख अभियंता भवन एसआर बघेल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री ने कहा कि इंदौर जिला न्यायालय भवन हमारे लिए उच्च प्राथमिकता का विषय है। उन्होंने निर्देश दिए की इस परियोजना के लिए नियुक्त एसडीओ और सब इंजीनियर पूर्णकालिक रूप से केवल इसी पर कार्य करेंगे।

### आवश्यक तैयारियां करने के दिए निर्देश

*निर्माण कार्य में अवरोध की स्थिति ना बने, इसके लिए पहले से आवश्यक तैयारियां की जाएं। मंत्री सिंह ने निर्माण स्थल पर स्थापित प्रयोगशाला में सभी आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए, ताकि निर्माण सामग्री की गुणवत्ता का समुचित परीक्षण किया जा सके।*

## लैलूंगा थाना क्षेत्र की घटना, आरोपी चालक वाहन छोड़कर फरार

# बेकाबू ट्राले ने ली स्कूटी सवार की जान, एक अन्य भी घायल

ग्राम सलखिया का रहने वाला था युवक, घर में शोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

जिले में तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आने से स्कूटी सवार एक युवक की मौत हो गई दूसरे युवक को गंभीर हालत में रायगढ़ मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया है, उक्त घटना लैलूंगा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के लैलूंगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम झरन और खम्हार के बीच आज सुबह एक ट्रेलर चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी सवार कृष्ण पैंकरा पिता पलेश्वर पैंकरा उम्र लगभग 30 वर्ष ग्राम सलखिया एवं नान पैंकरा पिता उद्धव पैंकरा उम्र लगभग 30 वर्ष को अपने चपेट में ले लिया इस घटना में मौके पर ही कृष्ण पैंकरा की मौत हो गई वहीं दूसरे युवक को गंभीर हालत में रायगढ़ मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया है, जहाँ उसका उपचार जारी है। गाँव के ग्रामीणों ने बताया की इस घटना के बाद आरोपी ट्रेलर चालक अपने वाहन को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया है। घटना की जानकारी मिलते ही लैलूंगा पुलिस मर्ग पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए दुर्घटनाकारी ट्रेलर को अपने कब्जे में लेते हुए आरोपी चालक की पतासाजी में जुट गई है।



### आरोपी चालक मौके से फरार

*ग्रामीणों की मानें तो मृतक मंगल सिंह यादव स्थानीय निवासी है और किसी काम से सड़क किनारे जा रहा था। अचानक तेज रफ्तार भारी वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया और मौके से फरार हो गया। मृतक के सिर पर गंभीर चोट आई थी। जिसके चलते उसकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। लोगों ने इस हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक की गिरफ्तारी, मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा और इसके अलावा तेज रफ्तार भारी वाहनों पर लगाम लगाने की मांग की है। जहां पुलिस ने लोगों को समझाया और मृतक के परिजन को तात्कालिक सहायता देकर शासन से मिलने वाली सहायता राशि दिए जाने के आश्वासन पर 4 घंटे के बाद जाम समाप्त हुआ। वहीं उरगा थाना पुलिस मामला दर्ज कर आगे की जांच कार्यवाही करने की बात कही।*

मड़वारानी मंदिर के पास की घटना, गुस्साए लोगों ने किया हंगामा

### भारी वाहन की चपेट में आया युवक, मौत

*कोरबा। कोरबा-चांपा एनएच मुख्य मार्ग सरगबुंदिया स्थित मड़वारानी मंदिर के समीप भारी वाहन की चपेट में आने से राहगीर की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। जहां इस हादसे के बाद देखते ही देखते राहगीरों की भीड़ एकत्रित हो गई। घटना के कुछ देर बाद ही मृतक की पहचान सरगबुंदिया निवासी मंगल सिंह यादव के रूप में की गई। जहां सूचना मिलते ही उसके परिजन मौके पर पहुंचे और उनका रो-रो कर बुरा हाल था। बताया जा रहा है कि घटना देर रात घटी। जहां इस हादसे के बाद ग्रामीण एकत्रित हुए और सड़क पर ही बैठकर चक्काजाम शुरू हो गया। वहीं देखते ही देखते सड़क के दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई। जहां लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस जाम में भारी वाहनों के अलावा चार पहिया वाहन और यात्री बस के अलावा बाइक सवार भी घंटे फंसे रहे। सड़क जाम की सूचना मिलते ही कोरबा सीएसपी भूषण एक्का और उरगा थाना प्रभारी युवराज तिवारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझने का प्रयास किया।*

## तुरंत परीक्षा रद्द, प्रिंटिंग प्रेस की भूल

# कक्षा तीसरी की परीक्षा में पूछे चौथी के सवाल




जशपुर। जिले के सरकारी स्कूलों में शुरू हुई वार्षिक परीक्षाओं में बड़ी गड़बड़ी सामने आई। तीसरी कक्षा के छात्रों को हिंदी परीक्षा के दौरान चौथी कक्षा का प्रश्न पत्र दे दिया गया। इस गलती से छात्र असमंजस में पड़ गए और शिक्षकों को जब इसकी जानकारी मिली, तो उन्होंने तुरंत उच्च अधिकारियों को इसकी सूचना दी। प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों के अनुसार, प्रश्न पत्र पर कक्षा तीसरी लिखा हुआ था, लेकिन व्याकरण के सवाल सामान्य लगे। जब पाठ संबंधी प्रश्न आए, तो छात्रों को समझ नहीं आया, क्योंकि ये उन्होंने पढ़े ही नहीं थे। बाद में जांच करने पर पता चला कि प्रश्न पत्र वास्तव में चौथी कक्षा का था। जिला शिक्षा अधिकारी पी.के. भटनागर ने बताया कि यह गलती प्रिंटिंग प्रेस से हुई है, जिसमें प्रश्न सही थे, लेकिन कक्षा का नंबर गलत छप गया। इस कारण परीक्षा को तुरंत रद्द कर दिया गया और छात्रों को आश्वासन दिया गया कि परीक्षा की नई तिथि जल्द घोषित की जाएगी। छात्रों और अभिभावकों में असमंजस है। सोशल मीडिया पर भी जमकर चर्चा चल रही है। हालांकि, प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि आगे की परीक्षाओं में इस तरह की गड़बड़ी दोबारा नहीं होगी।

## मोर्चा खोलेगी कांग्रेसः पटवारी

# हरीश बोले, किसानों, महिलाओं, युवाओं का भविष्य चौपट कर रही है मप्र सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल





प्रदेश के रीवा में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस के मध्यप्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाओं, किसानों और युवाओं का भविष्य चौपट हो रहा है। महिलाओं को सुरक्षा और सम्मान देने में प्रदेश सरकार नाकाम हैं।

किसानों के साथ अन्याय और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना इस सरकार की दिनचर्या बन गई है। कांग्रेस इन वर्गों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ेगी और उनको उनका हक अवश्य दिलाएगी।

कार्यक्रम में मौजूद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि स्वर्गीय श्रीनिवास तिवारी, स्वर्गीय अर्जुन सिंह, डॉ. राजेन्द्र सिंह, अजय सिंह जैसे नेताओं के संघर्ष और जनता के अधिकारों की लड़ाई लड़कर उनका हक दिलाने से विंध्य की पहचान है।

### किसानों के साथ अन्याय

*पटवारी ने कहा कि लोकतंत्र का तकाजा है कि किसानों के हित में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को जाना भी देना पड़े तो वे पीछे नहीं हटेंगे। मप्र सरकार लैंड पूलिंग एक्ट के तहत किसानों की जमीन हड़पना चाहती है। सरकार ने 50 हजार रुपए स्क्वेयर फीट वाली जमीन 100-200 रुपए के हिसाब से खरीदी, बिना मुआवजा दिए सरकार ने किसानों की जमीन ले ली। यह किसानों के साथ अन्याय और धोखा है। कांग्रेस पार्टी भाजपा के इस मंसूबे को पूरा नहीं होने देगी, किसानों की जमीन हड़पने के मामलों को लेकर सिंगरौली से सरकार के खिलाफ बिगुल बजाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि गूगल में सर्च करो तो प्रदेश में भाजपा के 10 रेपिस्ट नेताओं के नाम सबसे ऊपर आएंगे।*

## आईईडी हमले में बस्तर फाइटर का जवान घायल, उपचार जारी

# सर्चिंग पर निकली जवानों की टीम पर हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

नारायणपुर से जवानों की टीम सर्चिंग पर निकली थी, जहाँ नक्सलियों द्वारा जवानों को नुकसान पहुँचाने के लिए लगाए आईईडी की चपेट में आने से बस्तर फाइटर का जवान घायल हो गया, जिसे बेहतर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया।

मामले के बारे में जानकारी देते हुए नारायणपुर पुलिस ने बताया कि 28 मार्च को जिला नारायणपुर के थाना कोहकामेटा क्षेत्र के अंतर्गत कैम्प कुतूल से आईटीबीपी, डीआरजी एवं बस्तर फाइटर्स की संयुक्त पार्टी एरिया डोमिनेशन हेतु कुतुल एवं नवीन कैम्प बेड़माकोटी के लिए रवाना हुई थी, सर्चिंग के दौरान 9:30 से 10 बजे के बीच कैम्प कुतूल से 1.5 किमी. बेड़माकोटी की ओर नक्सलियों द्वारा लगाये गये आईईडी ब्लास्ट हुआ। आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से बस्तर फाइटर्स के 1 जवान के घायल हो गया है, घायल जवान का प्राथमिक उपचार जिला अस्पताल नारायणपुर में किया जा रहा है, प्रारंभिक उपचार के बाद घायल जवान की हालत बेहतर और सामान्य है, अभियान क्षेत्र में सर्चिंग अभी भी जारी है।



### 45 किलो के आईईडी बरामद कर किया निष्क्रिय

*सुरक्षाबलों के वाहन को निशाना बनाने के इरादे से नक्सलियों ने आईईडी प्लांट किया। लेकिन जवानों ने 45 किलो के आईईडी को बरामद कर उसे निष्क्रिय कर दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार की सुबह 8 बजे के दरमियान पालनार कैम्प से एरिया डॉमिनेशन पर निकली सीआरपीएफ 222 बटालियन द्वारा चेरपाल से 2 किलोमीटर दूर चेरपाल पालनार के बीच नक्सलियों ने आईईडी लगाया था। नक्सलियों का मकसद सुरक्षाबलों के जवानों के वाहन को निशाना बनाना था। इसके लिए 45 किलो के आईईडी को जमीन में लगाया गया। जिसे जवानों ने बरामद किया। वहीं सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर दिया। नक्सलियों द्वारा आईईडी कमांड स्वीच सिस्टम से लगाया गया था। जवानों की सतर्कता और सूझबूझ से नक्सलियों के मंसूबे विफल हो गए।*

## पुलिस और पत्रकार संगठन ने निकाली विशाल वाहन रैली

# हेलमेट पहनकर लोगों को दिया जागरुकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और आम जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन एवं प्रेस संगठन द्वारा हेलमेट जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली को कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली की शुरुआत थाना परिसर से हुई, जहाँ से यह नगर के मुख्य मार्गों का भ्रमण कर कारखाना क्षेत्र एवं चकचकवा पहाड़ तक रैली निकाली गई। रैली के दौरान पुलिस अधिकारियों, पत्रकारों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने लोगों को हेलमेट पहनने के फायदे बताए और सड़क सुरक्षा को लेकर जागरुक किया, नगरवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे एक महत्वपूर्ण कदम बताया। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क दुर्घटनाओं में अक्सर हेलमेट न पहनने के कारण गंभीर चोटें लगती हैं या लोगों की जान चली जाती है। ऐसे में पुलिस एवं श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा इस तरह का आयोजन किया जाना समाज के लिए एक प्रेरणादायक कदम है। कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने बताया कि जागरूकता रैली का उद्देश्य केवल और केवल लोगों को जागरूक करना है अधिकांश जो मौतें हो रही हैं वह बिना हेलमेट के बाइक चलाने के कल नहीं हो रही है लोगों को जागरूक करने के लिए यह रैली निकाली गई और लोगों को संदेश दिया गया कि हेलमेट पहनकर ही गाड़ी चलाएं।



### हेलमेट पहनने से बच सकती है जान

*प्रभारी ने बताया कि इस क्षेत्र में न मुख्य मार्ग होने के कारण सड़क हादसे अधिक होते हैं जहां सर पर ही चोट लगने से लोगों की मौत होती है अगर हेलमेट पहन ले तो उनकी जान बच सकती है। प्रभारी ने यह भी बताया कि जब भी थाना के द्वारा जांच कार्यवाही की जाती है इस दौरान लोगों को जागरूक करने हेलमेट पहनने की सलाह जरूर देते हैं वहीं थाना आने वाले हर मुसाफिर को हेलमेट लगाने को कहा जाता है। इस रैली में पुलिस और पत्रकार संगठन के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और लोगों को जागरूक किया।*

## म्यांमार और थाईलैंड में थर्राई धरती

# पलक झपते ही जमींदोज हुई कई इमारतें, सदमे में लोग, घरों के बाहर सड़कों पर बैठे, आंखों के सामने तबाही का मंजर, भूखे बच्चे

म्यांमार के एक के बाद एक भूकंप के चार तेज झटके महसूस किए गए हैं। शुक्रवार को लगे भूकंप के ये झटके इतने तेज थे कि लोग दहशत में आ गए और अपने घरों-दफ्तरों से बाहर निकल आए।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

म्यांमार के एक के बाद एक भूकंप के चार तेज झटके महसूस किए गए हैं। शुक्रवार को लगे भूकंप के ये झटके इतने तेज थे कि लोग दहशत में आ गए और अपने घरों-दफ्तरों से बाहर निकल आए। झटके थाईलैंड तक महसूस किए गए। पहला भूकंप सुबह 11 बजकर 50 मिनट पर आया, इसकी तीव्रता 7.7 मापी गई। इसके बाद दूसरा झटका दोपहर 12 बजकर दो मिनट पर आया, इसकी तीव्रता 7.4 मापी गई।

फिर तीसरा झटका एक बजकर सात मिनट पर आया, जिसकी तीव्रता 4.9 मापी गई। लोग खुद को संभाल पाते कि दोपहर दो बजकर 48 मिनट पर चौथा भूकंप आया इसकी तीव्रता 4 मापी गई। भूकंप का केंद्र मध्य म्यांमार में था, जो मोनीवा शहर से लगभग 50 किलोमीटर पूर्व में है। भूकंप इतना तेज था कि करीब 900 किलोमीटर दूर बैंकॉक में भी इसके झटके महसूस किए गए। भूकंप के चलते 25 लोगों के मारे जाने की खबर है। म्यांमार के मांडले में जहां 20 लोगों की मौत हो गई, वहीं ताउंगू में 5 लोग मारे गए हैं। जबकि कई अन्य घायल हो गए हैं। भूकंप के बाद के आए झटकों से भी दहशत मची हुई है। कई इलाकों में राहत कार्य जारी है। भूकंप में कई इमारतों को भी नुकसान पहुंचा है। भीषण भूकंप के बाद म्यांमार और थाईलैंड में आपातकाल की घोषणा कर दी गई है।

**म्यांमार और थाईलैंड में आपातकाल घोषित**

### 51 साल पुराना पुल गिरा



म्यांमार के मंडाले में 51 साल पुराना ऐतिहासिक 'अवा ब्रिज' इरावदी नदी में गिर गया। इसके अलावा, एक मस्जिद का हिस्सा ढहने से तीन लोगों की मौत हो गई।

### धर्मस्थल धराशाई



म्यांमार की राजधानी नेपीता में भूकंप से धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुंचा। धार्मिक इमारतों के कुछ हिस्से जमीन पर गिर गए और कुछ घर भी क्षतिग्रस्त हुए।

### दहशत में सड़कों पर लोग



भूकंप के बाद बैंकॉक में दहशत में घरों से निकले सैकड़ों लोग सड़कों पर आ गए।

### कोलकाता, इंफाल मेघालय में हल्के झटके लगे

*बैंकॉक में 7.7 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आने के बाद शुक्रवार को कोलकाता, इंफाल और मेघालय के पूर्वी गारो हिल्स जिले में भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। कोलकाता और उसके आस-पास के इलाकों से भूकंप के झटके महसूस किए गए। मणिपुर के उखरुल जिले में दोपहर 1:07 बजे भूकंप आया, जिसकी तीव्रता 2.5 दर्ज की गई। मेघालय के पूर्वी गारो हिल्स जिले में भी हल्की तीव्रता का भूकंप आया।*

### मेट्रो, रेलवे व हवाई सेवाएं बंद

*थाईलैंड के उपपीएम फुमथाम वेचयाचाई ने जानकारी दी कि यह हादसा म्यांमार में आए 7.7 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप के कारण हुआ। राहत और बचाव कार्य जारी है। राहत टीमें मौके पर पहुंची और फंसे हुए लोगों को निकालने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक, बैंकॉक के लोकप्रिय चतुचक मार्केट के पास घटना हुई।*

### संयुक्त राष्ट्र ने जारी किया बयान

संयुक्त राष्ट्र मानवीय मामलों के कार्यालय के एक अधिकारी ने कहा कि शुक्रवार को म्यांमार में आए 7.7 तीव्रता के भूकंप के प्रभाव की प्रारंभिक रिपोर्ट से देश के मध्य भाग में काफी नुकसान पहुंचने की आशंका है। प्रवक्ता ने कहा, हम प्रभावित लोगों, बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान और तत्काल मानवीय जरूरतों के बारे में जानकारी जुटा रहे हैं। बैंकॉक में रहने वाली एक महिला भूकंप के झटकों से आतंकित दिखी। महिला ने कहा कि हर कोई डरा हुआ है, बच्चे भूखे हैं। घरों के बाहर बैठे हैं। स्थिति बहुत खराब है। पीएम ने आपातकाल की घोषणा की है। इस महिला ने सभी लोगों से बैंकॉक के लिए प्रार्थना करने की अपील भी की।

### बांग्लादेश में भी भूकंप

बांग्लादेश में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। ढाका और चटगांव सहित बांग्लादेश के कई इलाकों में 7.3 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। हालांकि, अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। बांग्लादेश मौसम विभाग के मुताबिक, दोपहर 12:25 बजे भूकंप आया, जिसका केंद्र बांग्लादेश सीमा के पास म्यांमार के मांडले में था। ढाका से भूकंप के केंद्र की दूरी 597 किलोमीटर बताई गई। चीन के यूनान प्रांत में भी भूकंप के झटके लगे।

### भूखे प्यासे लोग



सदमें में घरों से निकले सैकड़ों लोग और बच्चे ने सड़क का बनाया आश्रयस्थल।

### राहत कार्य में जुटे लोग



बैंकॉक में भूकंप के बाद लोग एक दूसरे की सहायता करते नजर आए।

### सड़कें टूटीं



म्यांमार में आए अचानक से आए भूकंप के तेज झटकों की वजह से राजधानी में कई स्थानों पर सड़कें टूट गईं। लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

### निर्माणाधीन इमारत ढही



थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में भूकंप के बाद एक 30 मंजिला निर्माणाधीन इमारत गिरने से 3 मजदूरों की मौत हो गई और 81 लोग मलबे में फंस गए।

### बड़े पैमाने पर राहत और बचाव कार्य जारी





राहत टीमें मौके पर पहुंची और फंसे हुए लोगों को अस्पताल पहुंचाया, वहीं लोग एक दूसरे की सहायता करते नजर आए।

---

## खबर संक्षेप


### नेपाल में एक प्रदर्शनकारी की मौत, एयरपोर्ट बंद



**काठमांडू।** नेपाल में राजशाही समर्थकों द्वारा किए जा रहे हिंसक प्रदर्शनों के चलते राजधानी काठमांडू में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। विरोध प्रदर्शनों के कारण त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय विमानस्थल को सुरक्षा कारणों से अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले दागे। इस दौरान पुलिस की गोली से 29 वर्षीय सबीन महर्जन नामक प्रदर्शनकारी की मौत हो गई। पीएम केपी शर्मा ओली ने कैबिनेट की आपातकालीन बैठक बुलाई।

### व्हाइट हाउस में इफ्तार पार्टी, रमजान मुबारक

**वॉशिंगटन।** पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच अमेरिका के व्हाइट हाउस में इफ्तार पार्टी हुई।



वार्षिक इफ्तार पार्टी की मेजबानी करते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने सभी अमेरिकी मुस्लिमों को रमजान मुबारक कहा। ट्रंप ने कहा कि हम मुस्लिम समुदाय से किए गए वादों को निभा रहे हैं। मध्य पूर्व में स्थायी शांति स्थापित करने के लिए कूटनीतिक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में उनका समर्थन करने वाले लाखों मुस्लिम-अमेरिकियों का शुक्रिया अदा किया। इफ्तारी से पहले संबोधन में ट्रंप ने कहा कि नवंबर में मुस्लिम समुदाय हमारे साथ था।

---

## लोकसभा में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने दी जानकारी

# पाक में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार पर कड़ी निगाह, इनके बारे में दुनिया को बता रहे

**जयशंकर ने एक-एक घटना बताई**

*विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे व्यवहार के बारे में चिंताओं को संयुक्त राष्ट्र में उठाया गया है ताकि इस मामले पर वैश्विक ध्यान आकर्षित किया जा सके*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि भारत पाकिस्तान में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रहे अत्याचारों पर करीब से नजर रख रहा है और इन मुद्दों को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठा रहा है।

उनकी यह टिप्पणी संसद के चल रहे बजट सत्र के दौरान लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान आई। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे व्यवहार के बारे में चिंताओं को संयुक्त राष्ट्र में उठाया गया है ताकि इस मामले पर वैश्विक ध्यान आकर्षित किया जा सके।

विदेश मंत्री ने कहा कि हम पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे व्यवहार पर बहुत बारीकी से नजर रखते हैं। उन्होंने अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ हिंसा के मामलों का भी विस्तृत ब्यौरा दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में सिख समुदाय से संबंधित तीन घटनाएं हुईं।

- पाक के मानवाधिकार रिकॉर्ड की कड़ी आलोचना की
- पाक आतंकवाद पर किसी को उपदेश देने की स्थिति में नहीं



### 40 कब्रों को अपवित्र किया

पाकिस्तान में अहमदिया और ईसाई समुदायों के खिलाफ अन्याय जिक्र करते हुए विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि अहमदिया समुदाय से संबंधित दो मामले थे। एक मामले में, एक मस्जिद को सील किया गया और दूसरे में, 40 कब्रों को अपवित्र किया गया था। एक मामला ऐसा भी था जिसमें एक ईसाई व्यक्ति, जो कथित तौर पर मानसिक रूप से अस्थिर था, पर ईशनिंदा का आरोप लगाया गया।

### यूएन को दी सारी जानकारी

विदेश मंत्री ने कहा कि भारतीय प्रतिनिधियों ने पाकिस्तान के मानवाधिकार रिकॉर्ड की कड़ी आलोचना की। फरवरी के महीने में, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में हमारे प्रतिनिधि ने बताया कि पाकिस्तान एक ऐसा देश है, जहां 'मानवाधिकारों का हनन, अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न और लोकतांत्रिक मूल्यों का व्यवस्थित क्षरण राज्य की नीतियों का हिस्सा है।'

### पाक आतंकियों का पनाह दे रहा

विदेश मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादियों को पनाह देता है और किसी को उपदेश देने की स्थिति में नहीं है। इसके बजाय, उसे अपने लोगों को वास्तविक शासन और न्याय प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

### सिख परिवार को धमकाया

एक मामले में, एक सिख परिवार पर हमला किया गया। दूसरे मामले में, एक पुराने गुरुद्वारे को फिर से खोलने के कारण एक सिख परिवार को धमकाया गया। समुदाय की एक लड़की के साथ अपहरण और धर्मांतरण का मामला भी सामने आया।

---

## कठुआ में भीषण मुठभेड़

# जैश के 5 आतंकी ढेर, 4 जवान शहीद और 5 सुरक्षाकर्मी घायल



एजेंसी ▶▶ कठुआ

जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के सुदूर जंगली इलाके में गुरुवार सुबह सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुआ। इस मुठभेड़ में जैश के 5 आतंकियों के मारे जाने की सूचना है। वहीं, चार जवान बलिदान हो गए हैं और डीएसपी सहित पांच सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। इनमें एक पैरा कमांडो भी शामिल है। ये सभी आतंकी जैश-ए-मोहम्मद के मुखौटा संगठन पीपुल्स एंटी-फासिस्ट फ्रंट के बताए जा रहे है। गुरुवार सुबह से देर शाम तक रुक-रुक कर दोनों तरफ से गोलीबारी जारी रही। अंधेरे होते ही अभियान रोक दिया गया था।

### पुलिस ने राकेट लांचर छोड़े

*डीएसपी बार्डर धीरज कटोज के अलावा पांच जवान जख्मी हुए। डेढ़ घंटे तक चली मुठभेड़ के बाद अचानक गोलीबारी बंद हो गई। बाद में पुलिस ने राकेट लांचरों का इस्तेमाल किया। आतंकियों ने फिर गोलीबारी शुरू कर दी जो देर शाम तक चली। मुठभेड़ में बलिदान पुलिस के तीन जवान एसओजी का हिस्सा थे। इनके पेट और सिर पर गोलियां लगी हैं। पुलिस इसकी पुष्टि नहीं कर रही है। घायलों में अखनूर निवासी एसपीओ भरत चलोत्रा को जीएमसी जम्मू में, हीरानगर के एसपीओ हैप्पी शर्मा को जीएमसी कठुआ में लाया गया। बाद में उन्हें जीएमसी जम्मू रेफर कर दिया।*

### एक ग्रामीण ने दी थी सूचना

*सुबह आठ बजे हीरानगर के राजबाग क्षेत्र के जुथाना के अंबानाल में एक ग्रामीण ने हथियारों से लैस पांच आतंकियों को देख पुलिस को जानकारी दी। ये आतंकी बिलावर की तरफ निकल रहे थे। कुछ ही देर में पुलिस की टुकड़ी मौके पर पहुंच गई।*

---

## चीन, स्थिर सैन्य संबंध व सीमा मुद्दे का समाधान चाह रहा

**चीनी सेना अच्छे सैन्य रिश्ते के पक्ष में, भारत के साथ संबंधों को मजबूत करेंगे**

# पीपुल्स लिबरेशन ऑर्मी प्रमुख भारतीय समकक्ष के साथ काम करने को राजी

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

भारत और चीन की वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से जुड़े सवालों पर एक ब्रीफिंग में पीपल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के सीनियर कर्नल वू कियान ने कहा कि चीनी सेना सीमा मुद्दे पर निष्पक्ष और न्यायपूर्ण समाधान को लागू करने के लिए भारतीय समकक्षों के साथ मिलकर काम करने को तैयार है। चीनी सेना अच्छे सैन्य रिश्ते रखने के सुंदर दृष्टिकोण में अपनी बुद्धि और शक्ति का योगदान देना चाहेगी। कर्नल वू कियान ने गुरुवार को कहा कि चीन भारत के साथ सैन्य संबंधों को सुधारने के साथ उन्हें मजबूत करने का भी इच्छुक है। चीन की सेना भी ड्रैगन (चीन) और हाथी (भारत) के



बीच सहयोग तथा सैन्य संबंध को सुदृढ़ बनाने में योगदान देना चाहेगी। दोनों देशों के बीच सहयोग हाल ही में चीन में एक प्रमुख विषय बन गया है।

### सकारात्मक दिशा में हुई वार्ता

बता दें पीएम नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनफिंग के प्रयासों से भारतीय सेना के साथ उसके संबंधों में सुधार हो रहा है। विगत 25 मार्च को भारत और चीन के कूटनीतिक अधिकारियों ने आपसी संबंधों को बेहतर बनाने और सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाने पर विचार-विमर्श किया। यह बैठक दोनों देशों के लिए एक महत्वपूर्ण मौका थी, जिसमें एलएसी पर तनाव को कम करने और भविष्य में ऐसे वार्तालापों को और मजबूत करने पर चर्चा की गई। इसके साथ ही विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों देशों के बीच हुई यह वार्ता एक सकारात्मक दिशा में बढ़ी है, और अगले दौर की वार्ता के लिए तैयारियों को लेकर दोनों पक्षों ने मिलकर कदम उठाने पर सहमति जताई है।

---

## युद्धक्षेत्र में सफलता से उत्साहित पुतिन बोले

# यूएन प्रायोजित बाहरी शासन के अधीन रहे यूक्रेन, लोकतांत्रिक चुनाव करवाए

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

यूक्रेन के खिलाफ युद्धक्षेत्र में सफलता से रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन काफी उत्साहित है। शुक्रवार की सुबह टेलीविजन पर प्रसारित अपने संबोधन में उन्होंने रूसी परमाणु पनडुब्बी के चालक दल को संबोधित किया। इस दौरान व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि यूक्रेन को संयुक्त राष्ट्र प्रायोजित बाहरी शासन के अधीन रखा जाए। पुतिन ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के तहत, अमेरिका और यूरोपीय देशों के साथ, वे यूक्रेन में अस्थायी शासन स्थापित करने पर विचार कर सकते हैं।



### शांति सेना स्वीकार नहीं

रूस ने चेतावनी दी है कि वह नाटो देशों के सैनिकों को शांति सेना के रूप में स्वीकार नहीं करेगा। पुतिन ने इस दौरान मांग की है कि कीव उन चार क्षेत्रों से अपनी सेना वापस ले ले, जिन पर मॉस्को ने आंशिक रूप से कब्जा कर लिया है। वह यह भी चाहते हैं कि यूक्रेन नाटो में शामिल होने से इनकार करे, अपनी सेना में भारी कटौती करे और देश को मॉस्को की कक्षा में रखने के लिए कानूनी रूप से रूसी भाषा और संस्कृति की रक्षा करे।

### जेलेंस्की गैरकानूनी शासक

पुतिन ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की को गैरकानूनी शासक बताया, क्योंकि उनका कार्यकाल पिछले साल समाप्त हो गया था और उनके अनुसार, कोई भी समझौता जो वर्तमान यूक्रेनी सरकार के साथ किया जाएगा, उसे उनके उत्तराधिकारी चुनौती दे सकते हैं। बता दें कि, यूक्रेन के संविधान के तहत देश में मार्शल लॉ के दौरान राष्ट्रीय चुनाव कराना अवैध है।

## मस्जिदों व नमाजगाहों विशेष नमाज अता की गई

# रमजान के जुमातुल विदा पर उमड़ी नमाजियों की भीड़





जबलपुर।

मुस्लिम धर्मावलम्बियों के पवित्र माह रमजान मुबारक के शुक्रवार को अंतिम जुमातुल विदा के मौके पर नगर एवं उपनगरीय क्षेत्रों में स्थित तमाम 100 से अधिक मस्जिदों व नमाजगाहों में दोपहर हजारों की तादाद में मुस्लिमों ने जुमातुल विदा की विशेष नमाज अता की। नमाज के पूर्व पेश इमाम ने जुमातुल विदा का खुत्बा पढा तथा नमाजोपरांत अमन शांति की दुआ की गई। मुस्लिम बहुल क्षेत्र मंडी मदार टेकरी स्थित जामा मस्जिद अहले कुरैश, नूरानी मस्जिद ठक्कर ग्राम, मस्जिद ए हनफिया बहोराबाग, मस्जिदे हम्जा अजीजगंज मदीना मस्जिद नगीना मस्जिद गोहलपुर, सुलेमानी मस्जिद चांदनी चौक, मस्जिद अलफ बेग मंसूराबाद मस्जिद ए सालार गाजी नगर, चिराग अली मस्जिद भालदापुरा, यकीनिया जामा मस्जिद, ढलगर मुहल्ला मस्जिद ए बिलाल चरहाई, जामा मस्जिद अनवरगंज, जामा मस्जिद अंधेरदेव, जामा मस्जिद ओमती, बंगाली मस्जिद नया मुहल्ला, जामा मस्जिद जहांगीराबाद में रमजान के अंतिम जुमा की नमाज अदा की गई। जामा मस्जिद सदर रामपुर गोरखपुर गढा अधारताल सतपुला व्हीकल इस्टेट मस्जिद में भी मुस्लिम बंधुओं ने जुमातुल विदा की नमाज अदा की। औलिया मस्जिद चंडाल भाटा तथा मदन महल पहाडी पर स्थित पर स्थित जिन्नाती मस्जिद एवं गौसुलवरा नूरानी मस्जिद मे भी जुमातुल विदा की नमाज अदा की गई। शिया मुस्लिमों ने फूटाताल स्थित जामा मस्जिद जाकिर अली में जुमातुल विदा की नमाज अदा की।

### मीना बाजार में उमड़ी भीड़

चारखंबा में ईद के उपलक्ष्य में लगने वाले मीनाबाजार में ईद की पूर्व संध्या पर चहल पहल शबाब पर रही। हर स्टाल पर खरीददारों की भारी भीड़ लगी रही। मीना बाजार में ईद की मीठी सेवईयों के अतिरिक्त इत्र, टोपी, जूते, चप्पल, रंग बिरंगे दुपट्टे, सलवार सूट तथा अन्य जरुरत के सामनों की दुकानें सजाई गई थीं। सांझ ढलते ही मीना बाजार में खरीद फरोख्त का सिलसिला शुरु हुआ, जो देर रात तक जारी रहा। मुस्लिम परिवारों की पर्दानशीन बुर्काधारी महिलाओं ने मीना बाजार में उत्साह पूर्वक खरीददारी की।

# बड़ी खेरमाई में नवरात्र मेला कल से

## नियमित श्रृंगार और आरती होगी



जबलपुर।

बड़ी खेरमाई मंदिर ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष शरद अग्रवाल ने बताया कि 30 मार्च रविवार से बड़ी खेरमाई मंदिर में नवरात्रि का मेला प्रारंभ हो रहा है। सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। मंदिर में 151 दीप कलशों की स्थापना की जा रही हैं। 9 दिनों तक मां भगवती का विशेष श्रृंगार किया जायेगा और सप्तमी, अष्टमी, नवमीं को महाआरती की जायेगी। श्रद्धालुओं को मेले में विशेष सुविधाएं और सुचारु व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने के प्रयास किये जा रहे हैं। श्री अग्रवाल यहां पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। इस अवसर पर ट्रस्ट के आशीष त्रिवेदी, शशिकांत मिश्रा, सुरेश आहूजा, राहुल चौरसिया, अनिल पाल, जयकांत उपाध्याय, नलिनकांत, महेंद्र जांगडे, परमानंद तिवारी आदि मौजूद थे।

श्री अग्रवाल ने पत्रकारों को बताया कि कल प्रथम दिन मां का लाल श्रृंगार किया जायेगा। दूज के तिथि पर भी लाल श्रृंगार होगा। तृतीया को सुआपंखी, चौथ को लाल श्रृंगार और पंचमी को गुलाबी श्रृंगार और षष्ठी को हरा श्रृंगार किया जाएगा। सप्तमी के दिन महाकाली का काला श्रृंगार और अष्टमी के दिन महालक्ष्मी का पीला श्रृंगार और नवमीं के दिन महासरस्वती का सफेद श्रृंगार किया जाएगा। सप्तमी, अष्टमी, नवमीं को रात्रि में तीनों दिन महाआरती होगी और तड़के साढ़े 4 बजे और सायं 7 बजे नियमित आरती होगी। नवरात्र समापन के बाद जवारा चल समारोह 9 अप्रैल बुधवार को सायं 7 बजे मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होगा, जो हनुमानताल सरोवर में विसर्जित होगा। समारोह में गौंडी नृत्य का विशेष आकर्षण रहेगा।




# जेएनकेविवि के डीन डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव हुये सेवानिवृत्त

**जबलपुर।** अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव के सेवानिवृत्ति के अवसर पर अभिनंदन समारोह का आयोजन अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव अपनी करीब 40 वर्ष की सेवा पूर्ण कर 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। डॉ. श्रीवास्तव को साल श्रीफल एवं रोली का टीका लगाकर स्वागत सम्मान किया गया। इस दौरान डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव ने कृषि महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ एवं प्राध्यापकों, वैज्ञानिकों के सहयोग के लिये आभार जताया, और प्रशंसा की। गौरतलब है कि डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव सन 1986 में जनेकृविवि में अपनी सेवाएं देनी शुरू की थी। डॉ. श्रीवास्तव शिक्षण, अनुसंधान एवं कृषि महाविद्यालय,जबलपुर के डीन की जिम्मेदारी बखूबी निभाई और छात्रों, वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान बड़ी तत्परता से किया है।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. अमित झा एवं आभार प्रदर्शन डॉ. अमित शर्मा द्वारा किया गया।

इस मौके पर विभागाध्यक्ष डॉ. एस.एस.शुक्ला, डॉ. जयंत भट्ट, डॉ. ब्रजेश दीक्षित, डॉ. आर.एस.रघुवंशी, डॉ.ज्ञानेन्द्र तिवारी, डॉ. रश्मि शुक्ला, डॉ. बी.एस.द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापक, वैज्ञानिक और कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## बदमाशों ने हलवाई के साथ की मारपीट

**जबलपुर।** रांझी थाना अतंर्गत गंगामैया सरकारी अस्पताल के पास फक्कड़ बाबा रोड पर पार्टी करने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर दो बदमाशों ने एक हलवाई के साथ गालीगलौज कर उसकी बाईक में तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दी। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुंडी टोरिया दुर्गा मंदिर के पीछे मोहनिया निवासी 37 वर्षीय हलवाई अजीत कुमार राजपूत गत दिवस गोरखपुर आजाद चौक में रिश्ते की भांजी के चौक कार्यक्रम के बाद अपने दोस्त भवनानी प्रसाद कश्यप के साथ रात लगभग 11 बजे अपने घर मोहनिया जाने के लिये निकला था रास्ते मे गंगामैया सरकारी अस्पताल के पास फक्कड़ बाबा रोड़ पहुंचे, तभी पंकज यादव ने उसे आवाज देकर रोका और पंकज एवं रोहित अग्रवाल उससे पार्टी करने के लिये दो हजार रूपये की मांग करने लगे, उसने रूपये देने से मना किया तो दोनों गाली गलौज करने लगे, गालियां देने से मना करने पर दोनों ने उसकी मोटर सायकल में तोड़फाड़ कर बाईक क्षतिग्रस्त कर दी, जिससे उसे लगभग 30 हजार रूपये का नुकसान हो गया। उसके बाद दोनों आरोपी ने जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। दोनों आरोपियो के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 324(4), 351(2) 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

# हेयर केयर कर युवा लायें अपनी पर्सनालिटी में निखार

## स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना अंतर्गत हुई कार्यशाला



**जबलपुर।** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल महाविद्यालय जबलपुर एवं श्री राम एनवायरमेंट सोशल सर्विस एसोसिएशन संस्था के संयुक्त तत्वावधान में आज "समर में कैसे करें हेयर केयर" विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हेयर विशेषज्ञ अभिषेक गुरुजी के द्वारा छात्र-छात्राओं को समर में हेयर केयर करने की महत्वपूर्ण जानकारी देते हुये केमिकल युक्त प्रोडक्ट न इस्तेमाल करने की समझाइश दी गई। सेमिनार के दूसरे चरण में अभिषेक गुरुजी ने हेयर कटिंग के साथ व्यक्तित्व विकास में ग्रूमिंग का क्या महत्व होता है इसकी जानकारी दी और हेयर कटिंग कर छात्र-छात्राओं को इसके महत्वपूर्ण बिंदुओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आप जब भी हेयर कट करने के लिए जाएं तो अपने बालों को जरूर धोएं और गर्मी का सीजन आ गया है इस मौसम में बहुत ज्यादा पसीना निकलता है तो कोशिश करें कि प्रत्येक दिन आप बालों को साफ करें, जो बच्चे इस फील्ड में अपना करियर बनाना चाहते हैं उन्हें ब्यूटी मेकअप और हेयर के क्षेत्र में कैसे करियर बना सकते हैं इसकी विस्तुत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, जबलपुर संभाग ने बताया कि हेयर केयर में रोजगार के विभिन्न अवसर से अवगत कराना ही कार्यशाला का उद्देश्य है युवा हेयर स्टाइलिस्ट, हेयर केयर कंसल्टेंट के रुप में, हेयर स्पा सेंटर में वर्क, हेयर केयर ट्रेनर एवं हेयर केयर लेक्चरर के रुप में अपना कॅयियर बना सकते हैं। हेयर केयर कर युवा लायें अपनी पर्सनालिटी में निखार। अपनी रुचि और कौशल के अनुसार हेयर केयर के क्षेत्र में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।



## गदा यात्रा के पूर्व किया सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ

**जबलपुर।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी हिन्दू सेवा परिषद् के द्वारा हिन्दू नव वर्ष एवं संगठन की स्थापना दिवस पर होने वाली 31 मार्च को गदा यात्रा के पूर्व नौदरा ब्रिज स्थित श्री हनुमान जी के मंदिर में 28 मार्च को सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया। हनुमान चालीसा सामूहिक रूप से करने का उद्देश्य यह था कि कुछ लोग देश के अच्छे वातावरण को खराब करना चाहते हैं, ऐसे तत्वों से हनुमान जी महाराज देश की रक्षा करें, इसी प्रार्थना के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।हिन्दू सेवा परिषद् के प्रदेश अध्यक्ष अतुल जेसवानी ने बताया कि हनुमान चालीसा पाठ इसलिए करना चाहिए कि हनुमानजी को मनाने के लिए सबसे सरल उपाय है हनुमान चालीसा का नित्य पाठ। हनुमानजी की यह स्तुति सबसे सरल और सुरीली है। तुलसीदास द्वारा रचित हनुमान चालीसा बहुत प्रभावकारी है। इसकी सभी चौपाइयां मंत्र ही हैं, जिनके निरंतर जप से ये सिद्ध हो जाती हैं और पवन पुत्र हनुमान जी की कृपा प्राप्त होती है।तत्पश्चात श्री हनुमान जी के मंदिर में पूजन कर आगामी 31 मार्च को निकलने वाली ऐतिहासिक गदा यात्रा को पुनः सफल हो इसके लिए प्रार्थना की गई। सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ में अतुल जेसवानी, गौरव साहू, सौरभ जैन, धीरज ज्ञानचंदानी, नितिन सोनपाली, दीपक विश्वकर्मा, अभिषेक अहिरवार, रवि कुशवाहा, अतुल कुशवाहा, विशाल चौहान, अंकुश चौधरी एवं अन्य उपस्थित थे।

## नवरात्रि पर अखंड ज्योति कलश स्थापना एवं माँ बगलामुखी माता का होगा विशेष पूजन



**जबलपुर।** बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद के सानिध्य में धार्मिक अनुष्ठान एवं आयोजन होंगे, ब्रह्मचारी चैतन्यानंद महाराज के द्वारा माता बगलामुखी का प्रातः विशेष श्रृंगार विशेष पूजन एवं माता जी का अर्चन, पूजन हवन किया जाएगा एवं भक्तों द्वारा अखंड ज्योति कलश स्थापना की जाएगी। बटुक ब्राह्मणों द्वारा अखंड ज्योति कलश पूजन किया जाएगा। ब्रह्मचारी चैतन्यानंद ने बताया कि चैत्र नवरात्रि शक्ति संचय का पर्व माना जाता है, जो भी भक्त माता का पूजन अर्चन, भजन, कीर्तन, कलश स्थापना, दर्शन और भी अनेक उपचार से भगवती की उपासना करते हैं भगवती माता बगलामुखी भक्तों पर कृपा करती हैं और सारे मनोरथ पूर्ण करती हैं।

# सनातन संस्कृति और धर्म की रक्षा के लिए सभी को आगे आना होगा

## हिंदू नववर्ष पर दादागुरु का संदेश



**जबलपुर।** हमें अपनी सनातन संस्कृति और धर्म की रक्षा के लिए खुद आगे आना होगा, जब पहले हम जागेंगे, तब जग जागेगा, दरअसल हिंदू नववर्ष के पूर्व श्री दक्षिणेश्वर सत्य मारुति भगवान काल बजरंग बड़े सरकार मंदिर परिसर शिमला हिल्स कॉलोनी शारदा चौक जबलपुर में रात्रि संध्या के दौरान जनमानस को संदेश देते हुए अवधूत सिद्ध महायोगी दादागुरु ने कहा कि सभी सनातनी यज्ञ, पूजन, अनुष्ठान, मठ एवं मंदिर और घर में पूजन पाठ के साथ-साथ तमाम धार्मिक आयोजनों में सनातनी वेशभूषा धोती या गमछा का उपयोग कर ही उक्त धार्मिक कार्य करते हुए धर्म लाभ अर्जित करें। इस दौरान अवधूत सिद्ध महायोगी दादागुरु ने कहा कि धोती या गमछा का उपयोग करें एवं इस पर गर्व करें कि हमारी परंपराएं जो पूर्वजों द्वारा अपनाई गई हैं, सभी किसी न किसी कारणवश पूर्ण वैज्ञानिक एवं तार्किक हैं।

यह वेशभूषा पुरातन काल और सालों साल से अपनाई जा रही है, श्री दादागुरु कहते हैं कि यह वेशभूषा धारण करना कोई नियम नहीं है यह हमारी सनातन संस्कृति है। हम देवी-देवताओं को पूजते हैं ध्यान, अनुष्ठान, यज्ञ, मठ, मंदिर आदि तमाम धार्मिक आयोजनों में धोती या गमछा का उपयोग कर ही धार्मिक कार्य करें।

# प्रदूषित पेयजल आपूर्ति की जानकारी लगते ही निरीक्षण करने मौके पर पहुंचे विधायक



जबलपुर।

भोंगाद्वार जलशोधन संयंत्र से प्रदूषित जलापूर्ति की खबर लगते ही केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने नागरिकों की चिन्ता करते हुए तत्परता दिखाते हुए अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे और जलशोधन संयंत्र के रखरखाव की व्यवस्था के साथ-साथ स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के संबंध में जानकारी ली तथा जल की जाँच भी करवाई। इस अवसर पर विधायक रोहाणी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जलशोधन संयंत्र का रखरखाव उत्तम ढंग से रखें और स्वच्छ पेयजल ही नागरिकों को सप्लाई करा जाए, इस कार्य में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पेयजल आपूर्ति के संबंध में कोई भी लापरवाही किसी की दिखाई देती है तो उन अधिकारियों को विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी।

विधायक रोहाणी ने फिल्टर प्लांट व लैबोरेट्री का निरीक्षण करते हुए मौके पर ही केमिस्ट से पानी की शुद्धता की जांच कराई और गंदे पानी की अफवाहों का खंडन किया, साथ ही सभी निगम कर्मचारियों को हिदायत दी की जल को लेकर कोई भी लापरवाही न करें अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी। उपस्थित निगम अधिकारियों ने बताया कि जो जलापूर्ति भोंगाद्वार फिल्टर प्लांट से की जा रही है, वह एकदम शुद्ध है, किसी को भी घबराने की जरूरत नहीं है। निरीक्षण के दौरान मंडल अध्यक्ष आशीष राव, सुंदर अग्रवाल, आशीष दास चौधरी, संतोष रजक, संतोष यादव, अनिल प्रताप ठाकुर, बृजलाल चौधरी, आशुतोष दुबे, राजकुमार वंशकार सहित सभी निगम अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रमेश गर्ग इनेलो के 12वीं बार राष्ट्रीय महासचिव बने



**जबलपुर।** अग्रवाल समाज के वरिष्ठ सदस्य रमेश गर्ग को इनेलो का 12वीं बार राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है। श्री गर्ग इनेलो की स्थापना से ही लगातार राष्ट्रीय महासचिव बनते आ रहे हैं। चौटाला परिवार से आपके पारिवारिक मित्रवत संबंध रहे हैं।

## नेशनल स्पर्धाओं में गोल्ड जीतने वाले खिलाड़ियों को दी जाए सरकारी नौकरी

**जबलपुर।** पंजाब, यूपी, केरल, आन्ध्रप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा जैसे कई राज्यों की अपेक्षा एमपी के खिलाड़ी सुविधाओं से वंचित हैं। इन राज्यों में राष्ट्रीय स्तर पर धाक जमाने वाले खिलाड़ियों को ढेरों सुविधाएँ व नगद राशि देकर प्रोत्साहित किया जाता है, इस मामले में एमपी काफी पीछे है। मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन जबलपुर के अध्यक्ष समाजसेवी डॉ. अजय कुमार वाधवानी ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि राज्य के जो खिलाड़ी राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल जीतते हैं उन्हें सरकारी नौकरी देकर प्रोत्साहित किया जाए, ताकि खिलाड़ी व उनका परिवार भरण पोषण के लिए किसी का मोहताज नहीं रहे। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अमित सिसौदिया, एड. भावना निगम, एड. आशीष त्रिपाठी, महेश ठाकुर, एड. रोशन मंध्यानी, कमरुल इस्लाम खान, एड. विवेक शुक्ला, डॉ. आशीष डेंगरा, डॉ. अभिषेक जैन, डॉ. अभिजीत जैन, एड. अंकित मिश्रा, एड. बिनीत कुमार आदि ने कहा है यदि सरकार खिलाड़ियों को नौकरी देने का प्रस्ताव लाकर उसे अमल में लाती है, तो इससे एमपी में खेलों के विकास में क्रांतिकारी बदलाव आएगा और नए जोश के साथ खिलाड़ियों में आगे बढ़ने का जज़्बा पैदा होगा।

# भगवान झूलेलाल के अवतरण दिवस पर आज निकलेगी प्रभात यात्रा



जबलपुर।

भगवान झूलेलाल के दिवस चेटीचंड महोत्सव के पावन अवसर पर विशाल झूलेलाल प्रभात यात्रा का आयोजन किया गया है, यात्रा श्री झूलेलाल मंदिर से प्रारम्भ होकर गलगला, मुकदमगंज, तुलाराम चौक, करमचंद चौक, कॉफ़ी हाउस रोड, बड़ी ओमती, घंटाघर, सिंधु भवन पहुंचकर समाप्त होगी। तत्पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है, समिति ने सभी से उपस्थिति की अपील की है। चेटीचंड महोत्सव के अंतर्गत सिंधु जाग्रति महिला सेवा समिति के द्वारा सिंधीयत आनंद मेला 10वें वर्ष आयोजित किया गया है, बच्चों के सिंधी फैशन शो में सिंधीयत के रंग दिखे। साथ ही बच्चों द्वारा डांस एवं नाट्य प्रस्तुति दी गई। साथ ही महिलाओं के उत्थान के लिए व्यापार करने के लिए 80 स्टॉल लगाए गए हैं जिसमें कपडे, ज्वेलरी, खाने के स्टॉल लगाए गए हैं।

कार्यक्रम में भगवान झूलेलाल की आरती, दीप प्रज्जवलन मुख्य अतिथि स्वामी अशोकानंद महाराज, स्वामी प्रदीप महाराज, अशोक ईश्वरदास रोहणी विधायक कैंट, महेश कैमतानी द्वारा किया गया। मेले में मुख्य रूप से उन महिलाओं के लिए स्टॉल लगाया जाता है जिनका घरेलू उद्योग है उनका इससे साल भर व्यापार होता है। समिति की ओर से करिश्मा शर्मा, काजल भागचंदानी, विमला जगवानी, वीनू माखीजा, सपना कन्धारी, ममता कुकरेजा, भावना आहूजा, सोनम माध्यनी, वीणा, किरण कलवानी द्वारा स्टॉल लगाया गया है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, सुधांशु जैन गढ़ावाल, पुत्र युवराज जैन गढ़ावाल, निवासी 310/1, पुरानी चरहाई, यूको बैंक के सामने, जवाहरगंज, जबलपुर (म.प्र.), यह घोषणा करता हूँ कि मेरा नाम "सुधांशु गढ़ावाल, पुत्र युवराज गढ़ावाल" था, जिसे मैंने बदलकर "सुधांशु जैन गढ़ावाल, पुत्र युवराज जैन गढ़ावाल" कर लिया है। अतः मुझे भविष्य में "सुधांशु जैन गढ़ावाल, पुत्र युवराज जैन गढ़ावाल" के नाम से जाना और लिखा जाए।

पूर्व नाम
सुधांशु गढ़ावाल, पिता - युवराज गढ़ावाल
परिवर्तित नाम
सुधांशु जैन गढ़ावाल (Sudhanshu Jain Garhawal)
पिता - युवराज जैन गढ़ावाल (Yuvraj Jain Garhawal)

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर**
क्रमांक-प्र.का.से./का.से./2024-25/748, दिनांक-26.03.25
**— सार्वजनिक सूचना —**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पुरवा नं.बं. 162 प.ह.नं. 28/33 नया 7 ख.नं. 710/1 कुल रकबा 0.943 हेक्टेयर (9430.00 वर्गमीटर) भूमि पर आवासीय भूखंडीय विकास (हर्ष विहार) की अनुमति हेतु विकासकर्ता/ कालोनाईजर मेसर्स हर्ष एसोसिएट्स अधिकृत व्यक्ति श्री हर्ष उपाध्याय निवासी- 1365 नागपुर रोड, महर्षि स्कूल के पास शास्त्री नगर जबलपुर कालोनाईजर्स द्वारा कालोनी विकास अनुमति प्राप्त करने के लिए निष्पादित विकास अनुबंध अनुसार विकास कार्यों के विरूद्ध निगम पक्ष में बंधक रखी गई संपत्ति का विवरण निम्न है:- भूखंड क्रमांक- 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 41, 42, 43 कुल 11 भूखंड क्षेत्रफल 1021.86 वर्गमीटर अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त दर्शित संपत्ति/ भूखंडो का क्रय विक्रय कालोनी विकासकर्ता द्वारा नगर निगम से विकास कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त करने के पूर्व न किया जावे उपरोक्त संबंध में विस्तृत जानकारी एवं विवरण तथा अभिन्यास का अवलोकन कार्यालयीन कार्य दिवस में नगर पालिक निगम जबलपुर कालोनी सेल कक्ष क्रमांक 5 में किया जा सकता है।

प्रभारी कालोनी सेल
नगर पालिक निगम जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 1 गढ़ा, नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक-स. अधि./01/गढ़ा 2025/एम/563/ (2024-2025)
दिनांक 19/03/2024
**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुजाता गुप्ता पति श्री कैलाशनाथ गुप्ता ने भवन क्रं. LIG-732 पिन क्रं. 1000491873 वार्ड क्र 16 वार्ड महाराणा प्रताप के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्रीमति फिलोमिना ऑगस्टीन पति जयसन ऑगस्टीन के स्थान पर क्षेत्रफल 1452 व.फु. भूतल 1200 व.फु. प्रथम तल 1200 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक - 01 गढ़ा में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें । अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जावेगा । नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी ।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-01 गढ़ा नगर निगम, जबलपुर**